CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 15°C

नई दिल्ली, शनिवार 14 मार्च 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 341 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



‘जिंदाबाद’ से कुछ नहीं होता, बदलाव के लिए संकल्प जरूरी: राहुल गांधी पेज 2




लक्ष्मी ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में शॉट पुट में गोल्ड जीता खेल टाइम्स



नेपाल की नई सरकार की प्राथमिकता भारत से रिश्ते मजबूत करने की होगी सम्पादकीय



मुजतबा खामेनेई की जान की कोई गारंटी नहीं: नेतन्याहू पेज 12

# अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पर ईरान का हमला

**तेहरान।** अमेरिका को उम्मीद थी कि उसके हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर की मौत के बाद युद्ध शायद जल्द खत्म हो जाएगा, लेकिन ईरान ने जिस तरह से पलटवार किया है, उससे अमेरिका, पश्चिम एशिया में फंसता नजर आ रहा है। अब ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अमेरिका के ताकतवर युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पर हमले का दावा किया है।

आईआरजीसी ने एक बयान में दावा किया है कि उनकी एक बैलिस्टिक मिसाइल ने अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को निशाना बनाया है। आईआरजीसी का कहना है कि इस हमले के चलते युद्धपोत काम करने की स्थिति में नहीं रह गया है और उसे खाड़ी जल क्षेत्र से पीछे हटना पड़ा है। हालांकि अमेरिका ने इस दावे को खारिज कर दिया है। ईरान ने एक बयान जारी कर कहा है कि एक सटीक मिसाइल और ड्रोन हमले ने अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को निशाना बनाया है। ईरान ने कहा है कि ओमान के जलक्षेत्र में युद्धपोत पर हमला किया गया, जो ईरान की समुद्री सीमा से करीब 340 किलोमीटर दूर है। ईरान के सरकारी मीडिया ने बताया कि हमले के बाद -शेष पृष्ठ दो पर



■ इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अमेरिका के ताकतवर युद्धपोत पर हमले का दावा किया

### इराक में अमेरिका का केसी- 135 टैंकर विमान क्रैश चालक दल के चार सदस्यों की मौत

**बगदाद।** ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियानों के दौरान अमेरिकी वायुसेना का केसी-135 रिफ्यूलिंग टैंकर विमान पश्चिमी इराक में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में छह क्रू सदस्य सवार थे, जिनमें से चार की मौत की पुष्टि हो गई है। अमेरिकी सेना ने बताया कि ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियानों का समर्थन कर रहा केसी-135 रिफ्यूलिंग विमान पश्चिमी इराक में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। विमान में सवार छह चालक दल के सदस्यों में से चार की मौत की पुष्टि हो गई है। हादसे के बाद बचाव अभियान जारी है। पश्चिम एशिया क्षेत्र की निगरानी करने वाली यूएस सेंट्रल कमांड के अनुसार, यह दुर्घटना फ्रेंडली एयरस्पेस में दो विमानों से जुड़े एक अज्ञात घटना के बाद हुई। घटना में शामिल दूसरा विमान सुरक्षित लैंड कर गया।

### फिर निशाने पर दुबई, धमाके से इमारतें हिलीं आसमान में छाया धुआं

**दुबई।** पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव के बीच दुबई में लगातार दूसरे दिन जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई। शुक्रवार को तेज धमाकों की आवाज से शहर की कई इमारतें हिल गईं। इस दौरान मध्य दुबई के एक हिस्से में आसमान में काले धुएं का घना गुबार देखा गया। चश्मदीदों के अनुसार, दो बड़े धमाके हुए जिससे पूरा इलाका दहल गया। दुबई मीडिया ऑफिस ने सोशल मीडिया पर इस घटना की जानकारी दी।

## 24वां रोज़ा

### ख्वाहिशें छोड़ें, अल्लाह से रिश्ता जोड़ता है रोज़ा



कुरआने-पाक में ज़िक्र है- ‘मगर तुम लोग दुनिया की जिंदगी को अख्तियार करते हो, हालांकि आखिरत बहुत बेहतर और पाइन्दातर है।’ इन पाकीज़ा आयतों की रोशनी में रमज़ान के इस आखिरी अशरे और खास तौर से चौबीसवें रोज़े की फज़ीलत को अच्छी तरह समझा जा सकता है। इस आयत में दुनियावी ज़िंदगी यानी नफ्सी ख्वाहिशात को छोड़ने और आखिरत से रिश्ता जोड़ने की बात कही गई है। यहां दो सवाल हैं। एक तो आखिरत से रिश्ता क्यों जोड़ें? दूसरा, आखिरत से रिश्ता कैसे जोड़ा जाए? जहां तक पहले सवाल का ताल्लुक है, तो कुरआने-पाक की मजकूर सत्रहवीं आयत में इसका जवाब है। यह कि आखिरत से रिश्ता जोड़ें, क्योंकि आखिरत ‘बहुत बेहतर’ है और पाइन्दातर है।

## पीरियड्स लीव पर सीजेआई की महत्वपूर्ण टिप्पणी

# महिलाओं को कोई काम नहीं देगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को महिला कर्मचारियों और छात्राओं के लिए देशभर में मासिक धर्म अवकाश नीति की मांग करने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। अदालत ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि ऐसी नीति अनजाने में लैंगिक रूढ़िवादिता को बढ़ावा दे सकती है और इससे महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर कम हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि और नियोक्ता महिलाओं को नौकरी देने से कतराने लगेंगे।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि ऐसी मांगें अनजाने में महिलाओं के बारे में रूढ़िवादी सोच को भी मजबूत कर सकती हैं। अदालत ने टिप्पणी की कि मासिक धर्म को किसी कमजोरी या हीनता के रूप में पेश करना सही नहीं है। हालांकि, अदालत ने यह भी कहा कि संबंधित सक्षम प्राधिकारी इस विषय पर दी गई याचिकाकर्ता की प्रतिनिधित्व पर विचार कर सकते हैं और सभी हितधारकों से परामर्श करके नीति बनाने की संभावना की जांच कर सकते हैं। यह याचिका शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी ने दायर की थी, जिसमें महिलाओं के लिए छात्रों और कामकाजी महिलाओं दोनों के लिए मासिक धर्म अवकाश की राष्ट्रीय नीति बनाने की मांग की गई थी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अधिकार क्षेत्र पर भी सवाल उठाया और कहा कि इस मामले को लेकर खुद कोई महिला कोर्ट में नहीं आई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एमआर शमशाद ने बताया कि कुछ राज्य और संस्थान पहले ही इस दिशा में कदम उठा चुके हैं। उन्होंने केरल का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां स्कूलों में कुछ राहत दी गई है और कई निजी कंपनियां भी स्वेच्छा से कर्मचारियों को यह अवकाश दे रही हैं। इस पर -शेष पृष्ठ दो पर



■ महिला कर्मचारियों और छात्राओं के लिए मासिक धर्म अवकाश नीति की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करने से अदालत ने किया इन्कार

### सात साल जेल में रहने के बाद एनडीपीएस मामले के दोषी को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मादक औषधि एवं मनोरोगी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) एक्ट के तहत दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति को बड़ी राहत देते हुए जमानत दे दी है।

अदालत ने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि वह व्यक्ति पिछले सात साल से अधिक समय से जेल में बंद है और उसकी अपील पर फिलहाल जल्दी सुनवाई होने की संभावना नहीं है। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने मनोज कुमार गुप्ता की अपील स्वीकार करते हुए पटना हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें पहले उनकी सजा को निलंबित करने और जमानत देने से इन्कार किया गया था। मनोज कुमार गुप्ता ने मई 2025 में पटना हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। यह मामला साल 2000 में दर्ज एक एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें एनडीपीएस एक्ट की कई गंभीर धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे। ये धाराएं आमतौर पर बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की तस्करी और उससे जुड़े अपराधों से संबंधित होती हैं।

# सरकार का दावा: देश में तेल और गैस का संकट नहीं

■ राज्यों को जमाखोरी पर सख्ती के निर्देश नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच जारी तनाव और होर्मुज क्षेत्र में तेल व गैस के जहाजों की आवाजाही प्रभावित होने की खबरों के बीच भारत में ईंधन संकट की आशंकाएं जताई जा रही हैं। हालांकि केंद्र सरकार ने साफ कहा है कि देश में पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस की कोई कमी नहीं है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि सरकार लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और देश में तेल-गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। उन्होंने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराकर बुकिंग या खरीदारी न करने की अपील की। संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि भारत की कुल शोधन क्षमता 258 मिलियन मीट्रिक टन है और देश पेट्रोल व डीजल के उत्पादन में आत्मनिर्भर है। उन्होंने कहा कि देश की सभी रिफाइनरियां फिलहाल 100 प्रतिशत या उससे अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं और उनके पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। इस वजह से पेट्रोल और डीजल के आयात की आवश्यकता नहीं है। एलपीजी आपूर्ति को लेकर शर्मा ने कहा कि देशभर के 25 हजार से अधिक एलपीजी वितरकों में कहीं भी गैस खत्म होने की स्थिति नहीं आई है।

### एलपीजी संकट पर संसद में विपक्ष की नारेबाजी

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दूसरे फेज के 5वें दिन, शुक्रवार को भी विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। राहुल गांधी समेत विपक्षी सांसदों ने 8 निलंबित सांसदों की वापसी की मांग की।

इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन की मेजों पर चढ़ोगे तो यही एक्शन होगा। लोकसभा में हंगामे का कारण पहले 12 बजे तक कार्यवाही स्थगित कर दी गई। इसके बाद दूसरी बार 2 बजे तक फिर से कार्यवाही स्थगित की गई। 2 बजे शुरू हुई कार्यवाही भी केवल 1 घंटा चली। इसके बाद लोकसभा को 16 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इस दौरान विपक्ष ने पीएम मोदी के खिलाफ नारेबाजी की। इधर टीएमसी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के खिलाफ दोनों सदनों में प्रस्ताव दिया है।

■ टीएमसी ने सीईसी ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के खिलाफ दोनों सदनों में दिया प्रस्ताव




### आपदा प्रभावित छह राज्यों के लिए 1912 करोड़ की सहायता राशि मंजूर

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने वर्ष 2025 में बाढ़, आकस्मिक बाढ़, बादल फटने, चक्रवात ‘मोंथा’ और भूस्खलन से प्रभावित आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, नागालैंड तथा केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिए 1,912.99 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी है।केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई एक उच्चस्तरीय समिति की बैठक में यह मंजूरी दी गई। गृह मंत्रालय ने एक वक्तव्य में बताया कि यह केन्द्रीय सहायता राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से प्रदान की गई है, जो वर्ष की प्रारंभिक शेष राशि में उपलब्ध राज्य आपदा मोचन कोष के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन है। मंजूर की गई कुल राशि 1,912.99 करोड़ रुपये में से, आंध्र प्रदेश के लिए 341.48 करोड़ रुपये, छत्तीसगढ़ के लिए 15.70 करोड़ रुपये, गुजरात के लिए 778.67 करोड़ रुपये, हिमाचल प्रदेश के लिए 288.39 करोड़ रुपये, नगालैंड के लिए 158.41 करोड़ रुपये तथा जम्मू-कश्मीर के लिए 330.34 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है।

# ईरान बोला: भारत हमारा दोस्त, होर्मुज स्ट्रेट में सुरक्षित रास्ता देंगे

**नई दिल्ली।** भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कहा है कि ईरान भारत को सुरक्षित रास्ता देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत और ईरान के बीच दोस्ताना संबंध हैं।

नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान उनसे सवाल पूछा गया कि क्या ईरान भारत को होर्मुज स्ट्रेट में रास्ता देगा। इस पर फतहाली ने कहा कि हां, क्योंकि भारत हमारा दोस्त है। उनके मुताबिक भारत और ईरान के बीच लंबे समय से सहयोग और विश्वास का रिश्ता रहा है। इसी बीच ओमान के सोहर प्रांत में ड्रोन गिरने से दो भारतीय कामगारों की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक सुरक्षा बलों ने एक ड्रोन को मार गिराया था, जिसके बाद उसका मलबा गिरने से यह हादसा हुआ। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि मुजतबा खामेनेई गंभीर रूप से घायल हैं और कोमा में हैं। ब्रिटिश मीडिया द सन की रिपोर्ट के मुताबिक 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल के हमले में घायल होने के बाद उन्हें तेहरान के सिना यूनिवर्सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उनकी हालत बेहद गंभीर है। हमले में चोट इतनी गहरी थी कि उनका एक पैर काटना पड़ा और लिवर को भी गंभीर नुकसान पहुंचा है।

■ ओमान में ड्रोन अटैक, दो भारतीयों की मौत

### पीएम मोदी ने की ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान से बात

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति डा. मसूद पेजेशकियान से क्षेत्र की गंभीर स्थिति पर चर्चा की हैं। मोदी ने शांति और स्थिरता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया और शांति बहाली के लिए बातचीत तथा कूटनीति का आग्रह किया। उन्होंने तनाव बढ़ने, आम नागरिकों की जान जाने तथा नागरिक बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की। भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा, साथ ही सामान व ऊर्जा के निर्बाध आवागमन की आवश्यकता भारत की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं।




नई दिल्ली: बढ़ती गैस सिलेंडरों की किल्लत के मद्देनजर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकती पुलिस।

# कांग्रेस ने लगातार असम में झूठ बोला: प्रधानमंत्री

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने असम के लोगों से लगातार झूठ बोला। कांग्रेस की गलत नीतियों ने इस राज्य को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि हमने देखा कि बाहरी देशों के युद्ध की वजह से हमारे किसानों पर असर पड़ता है। हमने कृषि को बाहरी संकट से बचाने के लिए आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन दिया है।

कांग्रेस ने साबित कर दिया कि वो किसी भी स्थिति में देश के लिए ईमानदार नहीं है। मोदी ने कहा कि आज युद्ध की स्थिति में कांग्रेस केवल गलत प्रचार करने में जुटी है। वे केवल देश को अंधेरे में रखना चाहते हैं, देश को गुमराह कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि टी-गार्डन के किसानों का सम्मान करना मेरे लिए कर्ज चुकाने जैसा है। आपकी चाय बेचकर मैं पीएम बन गया। मां कामाख्या देवी ने मुझे चाय बागान के लोगों का कर्ज चुकाने का मौका दिया है। पीएम 13-14 मार्च को असम के दो दिन के दौर पर हैं। उन्होंने पहले दिन 24.250 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने नॉर्थ ईस्ट के लिए 3 नई ट्रेनों की शुरुआत भी की। पीएम दो दिन में यहां कुल मिलाकर 47800 रुपये के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। 14 मार्च को सुबह करीब 10.45 बजे प्रधानमंत्री सिलचर में भूमि पूजन करेंगे और करीब 23,550 करोड़ रुपये के अलग-अलग प्रोजेक्ट्स देश को समर्पित करेंगे।



■ किसानों को विदेशों पर निर्भर रखा, दौरे के पहले दिन 24,250 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास किया

# यूपीपीएससी की एपीओ परीक्षा 22 मार्च को आठ जिलों में होगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने सहायक अभियोजन अधिकारी (एपीओ) प्रारंभिक परीक्षा-2025 का एडमिट कार्ड जारी कर दिया है।

यह परीक्षा 22 मार्च को प्रदेश के आठ प्रमुख जिलों में आयोजित की जाएगी। आयोग के परीक्षा नियंत्रक हर्ष देव पांडेय ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयोग के अनुसार परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक एक ही सत्र में संपन्न होगी। परीक्षा के लिए प्रयागराज के अलावा अलीगढ़, बरेली, गोरखपुर, कानपुर नगर, लखनऊ, मेरठ और वाराणसी को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

■ सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक एक ही सत्र में संपन्न होगी

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका-इजरायल का हमला गलत था, ईरान का भी गलत: थरूर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा पार्टी के लोकसभा सदस्य शशि थरूर ने कहा है कि अमेरिका तथा इजरायल का ईरान के खिलाफ युद्ध में उतरना गलत था, लेकिन ईरान ने भी उन देशों पर हमला कर गलत ही किया है जो युद्ध में शामिल ही नहीं हैं। थरूर ने शुक्रवार को यहां संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि निर्दोष नागरिकों की जान से खेलना ठीक नहीं है। उनका यह भी कहना था कि जो हालात अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमले और फिर ईरान के पड़ोसी देशों में किए जा रहे हमले से बन रहे हैं वह गंभीर है। उनका कहना था कि इन सब स्थितियों के बीच भारत का चुप रहना भी ठीक नहीं है। अमेरिका और इजरायल के हमले को सैद्धांतिक रूप से गलत बताते हुए उन्होंने कहा कि यहां आत्मरक्षा वाली बात को सही नहीं ठहराया जा सकता।

### बैंक हैकिंग में दो नाइजीरियाई गिरफ्तार किए

**लखनऊ।** गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट की साइबर क्राइम पुलिस ने एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय साइबर अपराध मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए नाइजीरिया के दो विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। आरोपी सोलर स्पाइडर नामक साइबर थ्रेट समूह से जुड़े बताए जा रहे हैं, जो सहकारी बैंकों की साइबर सुरक्षा में खामियों का फायदा उठाकर करोड़ों रुपये की अवैध निकासी की योजना बना रहे थे। नाइजीरियाई नागरिकों को साइबर क्राइम थाना, नॉलेज पार्क थाना और मेरठ जोन की साइबर कमांडो टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार यह गिरोह सहकारी बैंकों को निशाना बनाता था, जहां साइबर सुरक्षा अपेक्षाकृत कमजोर होती है।

# जिंदाबाद से कुछ नहीं, बदलाव को संकल्प जरूरी

## कांशीराम को याद करते बोले राहुल गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने कहा कि केवल 'राहुल गांधी जिदाबाद' के नारे लगाने से कोई फायदा नहीं होता। बदलाव तब आता है, जब व्यक्ति यह ठान ले कि जो गलत हो रहा है उसे वह स्वीकार नहीं करेगा।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित पार्टी के कार्यक्रम में उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाषण देने से पहले वह सोच रहे थे कि बीआर अंबेडकर शिक्षा और संगठन की बात करते थे। आज लोग कांशी राम को याद करते हैं, लेकिन समाज को 15 और 85 में बांट दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसका फायदा केवल 15 प्रतिशत लोगों को मिल रहा है, जबकि बाकी 50 प्रतिशत समाज को अलग-अलग कर दिया गया है। गांधी ने कहा कि अगर जवाहरलाल नेहरू आज जीवित होते, तो कांशीराम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री होते। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम एपस्टीन फाइल में बताया जा रहा है और उनकी बेटी की कंपनी में जॉर्ज सोरोस की फंडिंग का भी उल्लेख किया गया है। राहुल गांधी ने कहा कि जब कांग्रेस का समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन हुआ था, तब उत्तर प्रदेश में राजग की सीटें घटकर 36 रह गई थीं।

### सामाजिक परिवर्तन दिवस के बहाने दलितों को साधने में जुटी कांग्रेस

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पाटी द्वारा आयोजित 'सामाजिक परिवर्तन दिवस' कार्यक्रम में शामिल हुए। कांशीराम जयंती के दो दिन पहले प्रस्तावित यह कार्यक्रम 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी के सामाजिक आधार को मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। यह पहल बसपा के संस्थापक और दलित विचारक कांशी राम की जयंती से दो दिन पहले शुरू की जा रही है। राज्य की दलित राजनीति पर उनकी विरासत का गहरा प्रभाव माना जाता है। करीब दो साल के अंतराल के बाद लखनऊ में राहुल गांधी का यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम होगा। इससे पहले उन्होंने मई 2024 में लोकसभा चुनाव के दौरान इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'संविधान बचाओ सम्मेलन' को संबोधित किया था। आज होने वाले कार्यक्रम में दलित नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और बुद्धिजीवी शामिल होंगे। कार्यक्रम का मुख्य फोकस सामाजिक न्याय, राजनीतिक भागीदारी और हाशिए पर पड़े समुदायों के सशक्तिकरण पर रहेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के दौरान दलित समुदाय कठिन दौर से गुजर रहा है और यह कार्यक्रम सामाजिक न्याय की नई पहल साबित होगा। कांग्रेस नेताओं के अनुसार, यह पहल 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले पूरे उत्तर प्रदेश में दलित मतदाताओं से जमीनी स्तर पर फिर से संपर्क स्थापित करने के लिए व्यापक अभियान की शुरुआत मानी जा रही है।

### पैनिक बुकिंग की कोई जरूरत नहीः केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट से ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के बीच सरकार ने शुक्रवार को कहा कि घरों के लिए एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की गई है और गैस सिलेंडर के लिए घबराहट में बुकिंग करने की कोई जरूरत नहीं है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू एलपीजी उत्पादन में पांच मार्च की तुलना में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई, घरों में निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। शर्मा ने कहा कि पैनिक बुकिंग की कोई जरूरत नहीं है और किसी भी एलपीजी डीलर के यहां कोई कमी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि एलपीजी बुकिंग बढ़कर 75.7 लाख हो गई है, जबकि युद्ध से पहले यह औसतन 55.7 लाख थी। यह बढ़ोतरी लोगों द्वारा घबराहट में की जा रही पैनिक बुकिंग को दर्शाती है।" लड़ाई की वजह से क्रूड ऑयल और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की सप्लाई पर असर पड़ा है। सरकार ने जमाखोरी को रोकने के लिए राज्यों को निर्देश दिए हैं कि वे स्थानीय स्तर पर नजर रखें। साथ ही तेल कंपनियों के कॉल सेंटर्स में लोगों की संख्या और सीटें बढ़ा दी गई हैं, ताकि उपभोक्ताओं की हर शिकायत और सवाल का तुरंत समाधान हो सके।

### योगी व राजनाथ ने किया ग्रीन कॉरिडोर का लोकार्पण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री और स्थानीय सांसद राजनाथ सिंह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में समता मूलक चौराहे से डालीगंज तक ग्रीन कॉरिडोर परियोजना का लोकार्पण किया।

इस दौरान उन्होंने अगले चरण का शिलान्यास भी किया। शहर के झूलेलाल पार्क में आयोजित समारोह में प्रदेश के कई मंत्री, जनप्रतिनिधि और भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान ग्रीन कॉरिडोर परियोजना को लखनऊ के यातायात को सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया। इस परियोजना के माध्यम से शहर के विभिन्न हिस्सों के बीच आवागमन तेज और सुगम होगा, जिससे ट्रैफिक दबाव कम होने के साथ ही लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

गौरतलब है कि 100 करोड़ की लागत से ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के प्रथम चरण का लोकार्पण 11 मार्च, 2024 को किया गया था। 6-8 किलोमीटर लंबा ये पुल आईआईएम रोड से पक्का पुल तक बना था जबकि 299 करोड़ की लागत से आज परियोजना के द्वितीय चरण का लोकार्पण किया गया है। इस चरण के अंतर्गत डालीगंज से लेकर निशातगंज होते हुए समता मूलक चौक तक का हिस्सा आता है। लगभग सात किमी लंबे इस पुल के खुलते ही हजरतगंज, डालीगंज और निशातगंज जैसे घनी आबादी वाले और व्यस्ततम क्षेत्रों में लगने वाले भीषण जाम से बड़ी राहत मिलेगी और लोगों का आवागमन सुरक्षित रहेगा।

# योगी सरकार ने कसा गोकशी पर शिकंजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ गोकशी के 14182 मामले दर्ज, 35924 आरोपी भेजे जेल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गो.कशी, गोतस्करी और अवैध पशु वध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में राज्य सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत अब तक प्रदेश भर में गोकशी के 14,182 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें 35,924 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। सरकार की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, गोकशी के मामलों में गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ सामान्य मुकदमों के साथ-साथ कड़े कानूनों के तहत भी कार्रवाई की गई है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 35,924 आरोपियों में से 13,793 के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई, जबकि 178 आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाया गया। इसके अलावा 14,305 मामलों में गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कठोर कार्रवाई की गई है। सरकार की इस सख्ती से गोकशी और गोतस्करी से जुड़े संगठित गिरोहों पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिली है। पुलिस और प्रशासन ने कई जिलों में सक्रिय नेटवर्क की पहचान कर उन्हें ध्वस्त किया है। गोकशी से जुड़े अपराधियों पर केवल कानूनी ही नहीं बल्कि आर्थिक कार्रवाई भी की गई है। गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कार्रवाई करते हुए अब तक लगभग 83 करोड़ 32 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। इसमें अवैध कमाई से खरीदी गई जमीन, वाहन और अन्य संपत्तियां भी कुर्क की गई हैं।

## सरकार के दावे के उलट रसोई गैस का संकट बरकरार

# योगी के सख्त कार्रवाई के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** अमेरिका इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर आम आदमी की रसोई में गैस सिलेंडर की कमी के रूप में देखने को मिल रहा है। गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता के सरकारी दावे के उलट लखनऊ सहित प्रदेश के कई जिलों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं।

कई स्थानों पर पुलिस की मौजूदगी में सिलेंडरों का वितरण कराया जा रहा है। सीएम योगी ने गैस की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं और अफसरों को 24 घंटे मॉनिटरिंग करने को कहा है। लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार, आलमबाग, राजाजीपुरम, अलीगंज और कमांडर रोड सहित कई इलाकों में सुबह से ही उपभोक्ता खाली सिलेंडर लेकर एजेंसियों के बाहर लाइन में खड़े नजर आए। खरगा.पुर इलाके में एक एजेंसी के बाहर करीब 400 मीटर लंबी कतार देखी गई, जहां लोग सुबह 6 बजे से ही सिलेंडर लेने के लिए पहुंच गए थे। कई को 4 से 5 घंटे इंतजार के बाद सिलेंडर मिल पाया।

■ यूपी के कई जिलों में कालाबाजारी की शिकायत

### गैस के लिए कई जिलों में हुआ हंगामा

यूपी के कई जिलों में गैस सिलेंडर को लेकर विवाद और हंगामे की घटनाएं भी सामने आई हैं। बाराबंकी में गैस एजेंसी पर लाइन में आगे-पीछे होने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट होने की सूचना है। मोदीनगर में सिलेंडर से भरा ट्रक पहुंचते ही लोग उस पर टूट पड़े और कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। वहीं महराजगंज में सिलेंडर न मिलने से नाराज लोगों ने नौतनवा-गोरखपुर मार्ग पर जाम लगा दिया, जिसे पुलिस ने समझाकर खुलवाया।

### लगी रहीं लाइनें

प्रयागराज, कानपुर, अयोध्या, रायबरेली, देवरिया और शाहज. हांपुर समेत कई जिलों में गैस एजेंसियों के बाहर सुबह से लंबी लाइनें लगी रहीं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बुकिंग कराने के बावजूद उन्हें सिलेंडर नहीं मिल रहा है। लोगों ने यह भी शिकायत की कि सिलेंडर ब्लैक में 1500 से 2000 रुपये तक में बेचे जा रहे हैं।

### जनजीवन पर असर

गैस की कमी का असर आम जनजीवन पर भी पड़ने लगा है। शाहजहांपुर में 10 रुपये में भोजन देने वाली 'परी आपकी रसोई' को गैस की आपूर्ति रुकने के कारण बंद करना पड़ा। मेरठ में हॉस्टल के छात्रों के लिए भोजन व्यवस्था प्रभावित होने पर एक संचालक को घर से खाना बनवाकर छात्रों को खिलाना पड़ रहा है।

### खामेनेई की मौत पर मौन की वजह बताए सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि ईरान के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की रहस्यमयी हवाई दुर्घटना में मृत्यु पर राजकीय शोक की घोषणा करने वाली मोदी सरकार को बताना चाहिए कि अब वह हमले में मारे गए ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामेनेई की मौत पर मौन क्यों है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ईरान के संवैधानिक प्रमुख आयतुल्लाह खामेनेई की 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा हत्या कर दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मौन हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर मौन हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 74563.92
निफ्टी 23151.10



सोना 158000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 260000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में बिकवाली का दबाव बढ़ा सेंसेक्स - निफ्टी में दो फीसदी तक गिरावट

मुंबई, वार्ता



ईरान युद्ध के चलते वैश्विक बाजार में गहराते संकट के बीच भारत के शेयर बाजारों में तेज गिरावट का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहा और प्रमुख सूचकांकों में दो प्रतिशत या उससे अधिक की बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

पश्चिम एशिया की स्थिति से ईंधन और मुद्रास्फीति को लेकर बढ़ती चिंताओं के चलते आज स्थानीय शेयर बाजार में चौतरफा बिकवाली दिखी। विश्लेषकों के अनुसार मार्जिन मनी का दबाव बढ़ने से निवेशकों को अपने अल्पकालिक दबाव से निपटने के लिए बिकवाली करनी पड़ रही है। इन सबके सम्मिलित प्रभाव से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का 50 प्रमुख शेयरों वाला निफ्टी-50 कल की तुलना में 488.05 अंक यानी 2.06 प्रतिशत गिर कर 23151.10 अंक पर बंद हुआ। बीएसई30 सेंसेक्स में 1470.50 अंक यानी 1.93 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और यह 74563.92 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान बीएसई30 शुरू में ही बड़ी गिरावट के साथ 75,444.22 पर खुलने के बाद सुधर कर 75,576.20 तक गया लेकिन लेकिन यह तेजी टिकी नहीं और लगातार गिरावट के बीच एक समय दिन के न्यूनतम 74,454.60 पर पहुंचने के बाद अंत में 74,563.92 पर बंद हुआ। कल सेंसेक्स करीब एक प्रतिशत गिरावट के साथ 76,034.42 पर बंद हुआ था। बीएसई में आज 30 में से 29 शेयरों में घाटा हुआ। एसबीआई, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति, बीईएल, में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। इंडिगो, कोटक बैंक, इटर्नल, एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा तथा एक्सिस बैंक को भी दो प्रतिशत से अधिक का नुकसान हुआ। निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 2.04 प्रतिशत, निफ्टी बैंक 2.44 प्रतिशत, निफ्टी 100 2.15 , निफ्टी मिड कैप 100 में 2.65 प्रतिशत तथा स्माल कैप 100 सूचकांक में 2.51 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

### ईरान युद्ध का असरः सोना और चांदी की कीमतें गिरीं

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग की वजह से चांदी-सोने में शुक्रवार को को गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,748 रुपए गिरकर 1.58 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले 12 मार्च को सोना 1,60 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम था। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 8,350 रुपए घटकर 2.60 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कीमत 2.68 लाख रुपए किलो थी।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2026 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 17,566 रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं चांदी के कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक 44 दिन में चांदी 1,25,982 लाख रुपए सस्ती हो गई है। अमेरिका में महंगाई के आंकड़ों ने फेडरल रिजर्व की ओर ब्याज दरों में जल्द कटौती की संभावना कम कर दी है।

# ईरान-इजरायल युद्ध की आंच से कांच उद्योग भी प्रभावित

फिरोजाबाद, वार्ता

इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के बीच फिरोजाबाद में कांच उद्योग पर भी गैस आपूर्ति में कटौती के कारण संकट के बादल छाने लगे हैं। जिले में कई छोटी चूड़ी इकाइयां बंद हो चुकी है जबकि कुछ बंद होने के कगार पर है।

इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच गहराते हुए युद्ध के संकट का असर पेट्रोलियम पदार्थों पर देखा जा रहा है । फिरोजाबाद की कांच ईकाइयां जो प्राकृतिक गैस से संचालित है। गैस के संकट की स्थिति को देखते हुए भारत पेट्रोलियम मंत्रालय ने कारखाने को दी जाने वाली गैस आपूर्ति के कोठी में 20 फीसदी कटौती करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। जिसकी वजह से कांच कारखाने की उत्पादन क्षमता प्रभावित होने के साथ उत्पादन लागत में बढ़ोतरी हुई है, जो कारखाना मालिकों के लिए चिंता का विषय बन गई है। उत्पादन की लागत बढ़ने से उसकी बिक्री पर भी प्रभावित हो रही है। फिरोजाबाद ग्लास मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने बताया कि गैस अर्थारिटी आफ इंडिया लिमिटेड (गेल) द्वारा मिले निर्देशों के अनुसार कांच फैक्ट्री मिलने वाली गैस के कोटे को 20 प्रतिशत कम प्रयोग कर सकेंगी अन्यथा उन्हें अतिरिक्त उपयोग की गई गैस की रेट पर पेनल्टी के रूप में अतिरिक्त भुगतान करना होगा । कारखाना मालिकों के सामने संकट यह है कि उनकी भट्टियां निर्धारित कोटे की अनुरूप बनी हुई है। अब यदि गैस कम मिलती है तो उन्हें भारी नुकसान का सामना करना पड़ेगा। जिसकी वजह से कांच उत्पादन की लागत भी प्रभावित होगी। फिरोजाबाद की कांच इंडस्ट्रीज के लिए यह एक संकट की स्थिति बन गई है। भारत सरकार द्वारा अतिरिक्त गैस की रेट भी निश्चित नहीं की गई है इसलिए यहां फैक्ट्री के मालकिन असमंजस की स्थिति में है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### सरकार लोगों की दिक्कत मानने को तैयार नहीं: डिंपल

**लखनऊ।** एलपीजी संकट को लेकर समाजवादी पार्टी की लोकसभा सांसद डिंपल यादव ने केंद्र सरकार पर ज़ोरदार हमला बोला है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को ब्लंडर जनता पार्टी बताया और कहा कि सरकार अमेरिका के सामने इतना नतमस्तक क्यों हैं? जब भी देश पर कोई कठिनाई आती है, तो ये सरकार मौन क्यों हो जाती है। सरकार ने लोगों को लेकर कोई तैयारी क्यों नहीं की। सपा सांसद ने सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि ये समझना चाहिए कि जिस तरह से सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए हैं, चाहे घरेलू सिलेंडर हो या कमर्शियल सिलेंडर हो, जिस तरह हवाई जहाज़ के टिकट के दाम बढ़ रहे हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

अमेरिकी युद्धपोत...

अमेरिकी युद्धपोत और उसका स्ट्राइक ग्रुप पीछे हट गया है। हालांकि इस दावे के पक्ष में ईरान के सरकारी मीडिया ने कोई जानकारी मुहैया नहीं कराई है। आईआरजीसी ने भी अमेरिकी युद्धपोत पर हमले का दावा किया है। अमेरिका ने ईरान के दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। यूएस सेंट्रल कमांड ने यूएसएस अब्राहम लिंकन की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा है कि अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप, ऑपरेशन एपिक फ्यूरी में लगातार मदद कर रहा है। यूएसएस अब्राहम लिंकन अमेरिकी नौसेना के सबसे ताकतवर युद्धपोतों में से एक है। ऐसे में इस पर हमला यकीनी तौर पर अमेरिका के लिए बड़ा झटका होगा। यूएसएस अब्राहम लिंकन निमित्ज श्रेणी का पांचवा युद्धपोत है। यह परमाणु ऊर्जा से चलने वाला पोत है, जो दक्षिण चीन सागर में तैनात रहता है। इस युद्धपोत को अमेरिकी नौसेना में 1989 में शामिल किया गया था। यह युद्धपोत 97 हजार टन वजनी है और इसकी फ्लाइट डेक करीब 4.5 एकड़ में फैली हुई है। इसकी लंबाई करीब 1092 फीट है। इसमें चार हैंगर एलीवेटर हैं और यह अपने साथ 90 लड़ाकू विमान ले जा सकता है। इसकी डेक पर अमेरिका के सबसे आधुनिक लड़ाकू जेट एफ-35सी तैनात हैं। इस युद्धपोत पर पांच हजार से ज्यादा नौसैनिक, मरीन और क्रू के सदस्य तैनात हैं। यह दुनिया का सबसे बड़ा युद्धपोत है। यह युद्धपोत इतना बड़ा है कि इसका अपना खुद का जिप कोड, टीवी और रेडियो स्टेशन, एक अखबार, अग्निशमन केंद्र, लाइब्रेरी, एक अस्पताल, जनरल स्टोर जैसी सुविधाएं हैं।

महिलाओं को.... मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि स्वैच्छिक रूप से दी गई ऐसी सुविधाएं अच्छी हैं, लेकिन अगर इसे कानून के जरिये अनिवार्य बना दिया गया, तो इसके सामाजिक और पेशेवर प्रभाव पड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि इससे यह धारणा बन सकती है कि महिलाओं को अतिरिक्त छुट्टियां मिलेंगी, जिससे उनके रोजगार के अवसर प्रभावित हो सकते हैं। अदालत ने यह भी कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता पहले ही संबंधित अधिकारियों को इस विषय पर प्रतिनिधित्व दे चुके हैं, इसलिए बार-बार अदालत से आदेश मांगने की आवश्यकता नहीं है। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने याचिका का निपटारा करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रतिनिधित्व पर उचित निर्णय लेने का निर्देश दिया।

# गाजियाबाद जिला आवासीय सौर ऊर्जा का मॉडल बना

शाह टाइम्स ब्यूरो


■ नक्शा पास प्रक्रिया में सोलर रूफटॉप सिस्टम और रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले ने आवासीय सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश के लिए एक मॉडल प्रस्तुत किया है।

औरैया की पहल से प्रेरित होकर गाजियाबाद के जिलाधिकारी ने आदेश जारी किया है, जिसके तहत अब नए बनने वाले आवासीय भवनों के नक्शा पास कराने की प्रक्रिया में सोलर रूफटॉप सिस्टम और रेन वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक इस व्यवस्था का उद्देश्य बिजली की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और जल संसाधनों के सतत उपयोग को सुनिश्चित करना है। प्रशासन का मानना है कि इससे स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा और भविष्य में ऊर्जा संकट से भी राहत मिलेगी। प्रस्ताव के अनुसार नगर निगम, नगर पालिकाएं और नगर पंचायतें अपने-अपने बोर्ड की बैठकों में प्रस्ताव पारित कर इस व्यवस्था को लागू कर सकती हैं। नक्शा स्वीकृति के बाद भवन निर्माण के दौरान सोलर पैनल और वर्षा जल संचयन प्रणाली का क्रियान्वयन अनिवार्य होगा। इससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग का दायरा व्यापक होने की उम्मीद है। राज्य सरकार गाजियाबाद की इस पहल को अन्य जिलों के लिए भी अनुकरणीय मान रही है। सरकार का मानना है कि प्रदेश के सभी जनपद स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप शहरी और ग्रामीण स्थानीय निकायों के स्तर पर नीतिगत निर्णय लेकर आवासीय सोलर कवरेज बढ़ाने की दिशा में कदम उठा सकते हैं। उत्तर प्रदेश घरेलू रूफटॉप सोलर के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में प्रदेश में कुल 1440 मेगावाट रूफटॉप सोलर क्षमता स्थापित की जा चुकी है, जिससे प्रतिदिन 60 लाख यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन हो रहा है। यह बिजली बिना कोयला जलाए उत्पन्न हो रही है। रूफटॉप सोलर के माध्यम से आम नागरिकों को प्रतिदिन औसतन करीब चार करोड़ रुपये की बिजली बचत का लाभ मिल रहा है।

# अदालत ने फारुख अब्दुल्ला के खिलाफ वारंट वापस लिया

श्रीनगर, वार्ता



श्रीनगर की अदालत ने जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन घोटाले के सिलसिले में पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के खिलाफ पहले जारी किए गए गैर-जमानती वारंट को वापस ले लिया है।

अदालत ने श्री अब्दुल्ला के अधिवक्ता इश्तियाक खान द्वारा कार्यवाही में उनकी अनुपस्थिति का कारण बताते हुए एक आवेदन दायर करने के बाद यह निर्णय लिया। श्री खान ने अदालत को बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री एक दिन पहले जम्मू में उन पर हुए 'कातिलाना हमले' से सदमे के कारण सुनवाई में शामिल नहीं हो सके हैं। श्री खान ने दलील दी कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष इस घटना के बाद की स्थितियों के कारण शारीरिक रूप से या वर्चुअल मोड के माध्यम से पेश होने में असमर्थ थे। उन्होंने शुरू में एक नियमित छूट का आवेदन दायर किया था, लेकिन जब अदालत ने गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया, तो उन्होंने वारंट को वापस लेने की मांग करते हुए एक विस्तृत आवेदन दिया और श्री अब्दुल्ला की अनुपस्थिति के पीछे की परिस्थितियों को स्पष्ट भी किया। खान ने बताया कि अदालत ने दलील स्वीकार कर ली और तुरंत वारंट वापस ले लिया। इस तरह का रिकॉल उसी अदालत द्वारा किया जाना होता है जिसने वारंट जारी किया हो।

## सिलेंडर संकट के बीच चल रही शादियों पर पड़ रहा असर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एलपीजी और कमर्शियल रसोई गैस की कमी का असर शादी समारोहों में दिखने लगा है। गैस की अनियमित आपूर्ति के कारण लोगों ने खाने के आइटम में कटौती करनी शुरू कर दी है। कैटरिंग कारोबार से जुड़े लोगों का कहना है कि पहले जहां शादी में 20 से 25 तरह के व्यंजन तैयार किए जाते थे, अब 15 ,16 आइटम से काम चला रहे हैं । कुछ लोग केवल मेनकोर्स का ही ऑर्डर दे रहे हैं तो अधिकतर ने स्टार्टर, मिठाई और कई तरह के स्नैक्स को भी सीमित कर दिया है या मेन्यू से हटा ही दिया है। एक कैटरिंग संचालक ने बताया कि गैस सिलिंडर समय पर नहीं मिलने से खाना बनाने में दिक्कत आ रही है और कई बार वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर अन्य ईंधन का सहारा लेना पड़ता है, जिससे लागत बढ़ रही है।

# पुरानी दिल्ली के विकास को मिलेगी नई गति: सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री और शाहजहानाबाद रीडेवलपमेंट कॉरपोरेशन की अध्यक्ष रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में 38वीं बोर्ड बैठक हुई। बैठक में पुरानी दिल्ली के समग्र विकास, विरासत संरक्षण आदि से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पूर्व सरकार के कार्यकाल के दौरान एसआरडीसी की कार्यप्रणाली का विषय भी उठा और वित्तीय अनियमितताओं पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि वित्तीय अनियमितताओं की जांच कराई जाएग

बैठक में दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष सूद सहित सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक के दौरान बोर्ड के नाम परिवर्तन के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। इस संबंध में निर्णय लिया गया कि नए नाम के लिए तीन प्रस्तावित नामों को वरीयता क्रम में तैयार कर नया नाम फाइनल किया जाएगा। बैठक में लाल जैन मंदिर से फतेहपुरी मस्जिद तक चांदनी चौक की पुनर्विकास परियोजना की भी समीक्षा की गई।मुख्यमंत्री ने बताया कि पुरानी दिल्ली का पुराना गौरव वापस लाने के लिए दिल्ली सरकार ने गंभीर प्रयास शुरू कर दिए हैं। इस कड़ी में पुरानी दिल्ली की 28 सड़कों पर लगभग 160 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं। इन कार्यों के अंतर्गत सड़कों का निर्माण और सुधार, क्षेत्र का सौंदर्यीकरण, स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करना, सार्वजनिक शौचालयों का बेहतर रखरखाव और व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

## इच्छामृत्यु : बेटे के अंतिम समय को शांति से गुजारना चाहता है परिवार

**नई दिल्ली।** राजनगर एक्सटेंशन की राज एंपायर सोसायटी में रहने वाले हरीश राणा के पिता अशोक राणा ने बताया कि पिछले 13 वर्ष से बिस्तर पर असहनीय पीड़ा झेल रहे हरीश को सुप्रीम कोर्ट से इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की अनुमति मिलने के बाद तीन डॉक्टरों की टीम गठित की जा रही है। इसकी देखरेख में यह प्रक्रिया पूरी होगी। हालांकि, परिवार पूरे मामले को गोपनीय रखना चाहता है व बेटे के अंतिम समय को शांति से गुजारना चाहता है।

अशोक राणा ने नम आंखों से बताया कि हमने बहुत प्रयास किए, लेकिन बेटे की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। अब वह अपने अंतिम सफर पर निकल रहा है। उन्होंने कहा कि इस पीड़ादायक समय में सभी से अपील है कि हमारे फैसले का सम्मान करें। कोई भीड़ या शोर-शराबा न हो। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों की टीम बनते ही बेटे को एम्स में शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसमें 24 घंटे से 72 घंटे तक लग सकते हैं।

अशोक राणा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला मानवता भरा है। उन्हें बेटे के लिए बहुत दुख है। जुलाई 2010 में हरीश ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में सिविल इंजीनियरिंग में दाखिला लिया था। वर्ष 2013 में वह अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहे थे। इसी दौरान अगस्त में रक्षाबंधन वाले दिन बहन से मोबाइल फोन पर बात करते हुए पीजी की चौथी मंजिल से गिर गए थे। गंभीर घायल हरीश को तुरंत पीजीआई चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया। दिसंबर 2013 में उन्हें दिल्ली के एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि वह क्वाड्रिप्लेजिया से ग्रसित हैं। इस स्थिति में उनके हाथ-पैर पूरी तरह निष्क्रिय हो गए और वह जीवन भर बिस्तर पर रहने को मजबूर हो गए।

# नजफगढ़ व पंखा रोड ड्रेन की सफाई के लिए उतरीं हाईटेक मशीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बडुसराय पुल, नजफगढ़ ड्रेन और पंखा रोड ड्रेन पर नई अत्याधुनिक अम्फीबियस एक्स्कावेटर मशीनों (लॉन्ग बूम और शॉर्ट बूम) को लॉन्च किया। इन मशीनों से ड्रेनों की डी-सिल्टिंग, कचरा हटाने और जलकुंभी की सफाई का काम तेजी और प्रभावी तरीके से किया जाएगा। इससे पानी की निकासी व्यवस्था बेहतर होगी और बरसात में जलभराव की समस्या कम करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के नालों की सफाई और यमुना को स्वच्छ बनाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ आधुनिक तकनीक का उपयोग कर रही है।इस अवसर पर दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद सहित संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि



नजफगढ़ ड्रेन दिल्ली का सबसे बड़ा ड्रेन है और दिल्ली के कुल नालों से निकलने वाली लगभग 75 प्रतिशत सिल्ट इसी ड्रेन के माध्यम से आती है।

उन्होंने कहा कि वर्षों से जमा हुई भारी मात्रा में सिल्ट को निकालना पहले बेहद कठिन कार्य माना जाता था। लेकिन अब इन आधुनिक फ्लोटिंग मशीनों के माध्यम से यह संभव हो पा रहा है। ये मशीनें ड्रेन के बीचोंबीच जाकर सिल्ट को निकाल सकती हैं, जिससे लंबे समय से जमा गाद को हटाने की प्रक्रिया तेज होगी।उन्होंने बताया कि अनुमान के मुताबिक नजफगढ़ ड्रेन में करीब एक करोड़ मीट्रिक टन से अधिक सिल्ट जमा है। इसे हटाने के लिए इन आधुनिक अम्फीबियस मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। दिल्ली सरकार ने और अम्फीबियस मशीनें खरीदने का भी निर्णय किया है। इनमें से एक मशीन पहले ही लाई जा चुकी थी, जबकि आज चार नई मशीनों का जलावतरण किया गया। बाकी मशीनें भी जल्द ही विभाग को सौंप दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार अब केवल मॉनसून से पहले ही नहीं बल्कि पूरे वर्ष नालों की डी-सिल्टिंग का कार्य कर रही है ताकि बारिश के समय जलभराव की समस्या को प्रभावी रूप से रोका जा सके।इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि नजफगढ़ ड्रेन और उससे जुड़ी प्रमुख ड्रेनों की सफाई के लिए अत्याधुनिक अम्फीबियस मशीनों का उपयोग दिल्ली सरकार के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

# शादी की खुशियां मातम में बदलीं, चार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वजीरपुर जेजे कालोनी में बरात को रास्ता देने को लेकर हुई बहस के बाद कुछ लोगों ने दुल्हन के चाचा की पीट-पीटकर हत्या कर दी। बीच-बचाव करने आए मृतक के बड़े भाई को भी हमलावरों ने पीट कर घायल कर दिया। हमले के दौरान कई लोग घटनास्थल पर मौजूद थे, लेकिन किसी ने बीच-बचाव नहीं किया। इस बीच पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित परिवार ने बताया कि वजीरपुर जेजे कालोनी में सुरेश नामक व्यक्ति की बेटी की कल रात शादी थी। बृहस्पतिवार रात साढ़े 10 के करीब घर के नजदीक बरात पहुंचने वाली थी। इसी दौरान सुरेश के भाई मोहन लाल ने गली में खड़े कुछ युवकों से रास्ता देने को कहा, इसी बात पर युवक तैश में आ गए और बहस करने लगे। बरात कुछ फर्लांग आगे जाने के बाद युवकों ने मोहन से फिर बात की। इसके बाद उस पर लात-घूंसों से मारपीट की।

बीच-बचाव करने आए मोहन के छोटे भाई वीरेंद्र को भी नहीं बख्शा। बाद में दोनों को घायल अवस्था में दीपचंद बंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कुछ समय बाद मोहन (42)की मौत हो गई। वीरेंद्र की हालत स्थिर बताई जा रही है। स्वजन ने बताया कि शादी की रस्म पूरी होने से पहले ही मोहन की मौत हो गई। बरात दिल्ली के स्वरूप नगर से आई थी। मोहन लाल इलेक्ट्रिशियन थे। उनकी तीन बेटियां हैं। उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में हत्या और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

जांच के दौरान पता चला कि माता पार्क (पथवारी पार्क) के पास साहिल उर्फ नटवाला उर्फ लाला ने अपने साथी राघव उर्फ अलीगढ़िया उर्फ रोमियो, अभिषेक उर्फ बघीरा और अर्जुन के साथ मिलकर कथित तौर पर झगड़े के बाद पीड़ितों पर हमला किया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते घटना के एक घंटे के भीतर ही चारों आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।




**मुख्यमंत्री और शाहजहानाबाद रीडेवलपमेंट कॉरपो रेशन की अध्यक्ष रेखा गुप्ता ३८वीं बोर्ड बैठक में पुरानी दिल्ली के विकास को लेकर चर्चा करते हुए।**

## एक नजर

## निशुल्क चिकित्सा शिविर सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गुरबाज तेरा तेरा फाउंडेशन ऑर्गेनाइजेशन द्वारा एक मुफ्त कैंसर जागरूकता कैंप व नेत्र जांच , दांत, शुगर, हड्डियों इत्यादि रोगों का जांच शिविर का आयोजन नई दिल्ली के मीरा बाग ए ब्लॉक स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में आयोजित किया गया।इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष सरदार श्री गुरचरण सिंह बाजवा ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह जांच शिविर अनुभवी डॉक्टरों की देखरेख में लगाया गया था। जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपने रोगों की जांच करवा कर इस कैंप से लाभ उठाया।जिसमें उच्च स्तरीय डॉक्टरों द्वारा जांच की।इस दौरान प्रधान श्री गुरचरण सिंह बाजवा,श्री शरणजीत सिंह (जनरल सेक्रेटरी) के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर इस कैंप में उपस्थित हुए। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मेंबर सरदार श्री राजेंद्र सिंह जी के अलावा रामगढ़िया बोर्ड से त्रिलोचन सिंह ढोला जी अपने साथियों के साथ में कैंप में उपस्थित हुए।

## महिलाओं के सफर का मनाया जश्न

**नई दिल्ली।** इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में धीरज धीर ग्रुप के धीरसंस ज्वैलर्स ने महिलाओं की जिंदगी के उन खास पलों का जश्न मनाया, जो उनके व्यक्तिगत सफर को आकार देते हैं।

इन पर्सनल अचीवमेंट्स का अक्सर जश्न नहीं मनाया जाता, फिर भी वे उसकी जिंदगी के कुछ सबसे मीनिंगफुल चौप्टर्स को मार्क करती हैं। धीरसंस ज्वैलर्स की क्रिएटिव डायरेक्टर रीवा धीर ने कहा, " लोग अक्सर मुझसे पूछते हैं कि हम धीरसंस में क्या बनाते हैं, और मेरा जवाब हमेशा यही रहता है कि हम सिर्फ मौकों के लिए ज्वेलरी नहीं बनाते, बल्कि एक महिला के सफर के माइलस्टोन के लिए बनाते हैं।

## एकजुटता से ही देश मजबूत बनता है: चरणजीव मल्हौत्रा

**नई दिल्ली।** करोलबाग जोशी रोड पर भव्य विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन केषव कुन्ज बस्ती द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या मे श्रद्धालु और समाजबंधु शामिल हुए। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिन्दू समाज को एकजुट करना और हिन्दू सांस्कृतिक जागरण को आगे बढ़ाना रहा। बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी से आयोजन स्थल पर उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से हुई। यात्रा में करीब सैकड़ों महिलाओं ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया। सम्मेलन का अयोजन विख्यात समाजसेवी एवं कोरोना योद्धा चरणजीव मल्हौत्रा के नेतृत्व में किया गया। सम्मेलन में संतों का सान्निध्य भी रहा। महंत श्री नवल किषोर दास, महाराज ने अपने आशीर्वचन में धर्म, संस्कार और समाज में एकता का महत्व बताया।

## दो हजार करोड़ से अधिक का वित्तीय लाभ उपलब्ध कराया

**नई दिल्ली।** अमेजन बिजनेस ने बताया कि 2025 में उसने पूरे भारत के व्यवसायों को दो हजार करोड़ से अधिक का वित्तीय मूल्य हासिल करने में मदद की। माइक्रो-एंटरप्राइज और एसएमबी से लेकर बड़े कॉरपोरेशन्स तक, सभी प्रकार की संस्थाओं को अमेजन बिजनेस पर कैशबैक रिवॉर्ड्स, बल्क डिस्काउंट्स और एक्सक्लूसिव डील्स के जरिए फायदा मिला। अमेजन बिजनेस के डायरेक्टर मित्रंजन भदुरी ने कहा, ष्हर संगठन, चाहे वह किसी दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्र का एक स्पेशलिटी रेस्टोरेंट हो या एक फॉर्च्यून 500 एंटरप्राइज जो हर दिन हजारों परचेज ऑर्डर्स मैनेज करता है, सभी के सामने एक ही जरूरत होती है ।

## कोचिंग टीचर ने किया छात्राओं का यौन शोषण, फरार

**नई दिल्ली।** बुराड़ी इलाके में कोचिंग सेंटर के ट्यूटर पर पिछले दो साल से 12वीं कक्षा की तीन छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न के आरोप लगे हैं। दरअसल आरोपी शिक्षक धीरज चौधरी ने तीनों छात्राओं को लड़कों के साथ घूमते हुए देख लिया था। आरोपी ने इसका फायदा उठाया। पहले छात्राओं को पीटा। बाद में आरोपी ने छात्राओं ने घर बता देने का डर दिखाकर उनके साथ यौन उत्पीड़न किया। छात्राओं ने कोचिंग सेंटर छोड़ दिया तो आरोपी उनके घर पहुंच गया और उनके खराब चरित्र की बात परिजनों से करने लगा।

## राजधानी में हल्की बारिश के आसार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अब दिन ही नहीं रात भी गर्म होने लगी है। आलम यह है कि जहां सुबह-शाम हल्की सर्दी होती थी, अब वह लगभग खत्म हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों में दिल्ली में अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। इसके बाद तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस की हल्की गिरावट आने की संभावना है।अगले सात दिनों में अधिकतम तापमान सामान्य से लगभग 5 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक रहने की संभावना है। वहीं, अगले छह दिनों में न्यूनतम तापमान में भी कोई खास बदलाव नहीं होगा। यह तापमान सामान्य से करीब 3 से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहने की संभावना है। इसके अलावा, 14 मार्च से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है।

# इफ्तार पार्टी में मानवीय मूल्यों पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महफूज अर- रहमान मेमोरियल कमेटी के अध्यक्ष और वरिष्ठ पत्रकार जलालुद्दीन असलम के निवास स्थान, जोशी कॉलोनी, नई दिल्ली में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध उर्दू पत्रकार, पूर्व उपाध्यक्ष एनसीपीयूएल और साहित्य अकादमी की एडवाइजरी कमेटी के सदस्य श्री चंद्रभान खय्याल ने शिरकत की।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इफ्तार केवल अल्लाह के हुक्म की तामील ही नहीं बल्कि लोगों के बीच प्रेम, भाईचारा और आपसी मेल- मिलाप को बढ़ावा देने का एक बेहतरीन माध्यम भी है। उन्होंने दैनिक "कौमी आवाज" नई दिल्ली में अपनी सेवा के दिनों को याद करते हुए कहा कि वह एक सुनहरा दौर था, जब हिंदू-मुस्लिम के नाम पर भेदभाव की बातें कम होती थीं और इंसा.



नियत, कर्तव्यनिष्ठा तथा एक-दूसरे की भलाई की चर्चा अधिक होती थी। उन्होंने कहा कि हमें अपने अतीत से सबक लेते हुए देश और समाज की भलाई के लिए काम करना चाहिए तथा व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देनी चाहिए।

इस मौके पर प्रसिद्ध पत्रकार सुहैल अंजुम ने भी अपने विचार व्यक्त किए और ऐसी सभाओं को सामाजिक सौहार्द बढ़ाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में डॉ. सैयद अहमद खघन ने रोजे के महत्व को वैज्ञानिक और चिकित्सकीय दृष्टिकोण से समझाते हुए कहा कि रोजा केवल एक धार्मिक कर्तव्य ही नहीं बल्कि चिकित्सा की दृष्टि से भी मनुष्य के लिए अत्यंत लाभदायक है। उन्होंने बताया कि जब इंसान रोजा रखता है तो शरीर को एक तरह का प्राकृतिक आराम मिलता है और पाचन तंत्र को बेहतर ढंग से काम करने का अवसर मिलता है।

# ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ 21 किलो गांजा बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्वी जिला नारकोटिक्स स्क्वाड ने एक बड़े अंतरराज्यीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। स्क्वाड ने करीब 21 किलोग्राम 730 ग्राम गांजा और 46 ग्राम स्मैक बरामद की है। बरामद मादक पदार्थों की अनुमानित कीमत बाजार में करीब 12 लाख रुपये बताई जा रही है। इस मामले में दो ड्रग सप्लायर अकबर और फिरोज खान को गिरफ्तार किया गया है।

पूर्वी जिला नारकोटिक्स स्क्वाड की एक विशेष टीम गठित की गई थी। टीम ने स्थानीय मुखबिरों और मानवीय खुफिया स्रोतों से जानकारी जुटाई। 11-12 मार्च की रात स्क्वाड को एक गुप्त सूचना मिली। सूचना थी कि अकबर और फिरोज खान स्कूटी पर गांजा लेकर आ रहे हैं। वे अक्षरधाम की ओर एनएच-24, खिचड़ीपुर बस स्टैंड के पास से गुजरने वाले थे। सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने एनएच-24, खिचड़ीपुर बस स्टैंड के पास जाल बिछाया।

दोनों आरोपियों को स्कूटी पर दो सफेद बैग के साथ पकड़ा गया। तलाशी के दौरान बैग से 21 किलोग्राम 730 ग्राम गांजा बरामद हुआ। फिरोज खान के कब्जे से करीब 46 ग्राम स्मैक भी मिली। पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है। जांच शुरू कर दी गई है और आरोपियों के नेटवर्क के आगे और पीछे के लिंक का पता लगाने के प्रयास जारी है।



**दिल्ली सरकार ने "स्मॉग-ईटिंग" सतहों के पायलट अध्ययन को लेकर आईआईटी मद्रास के साथ किया समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।**

# दिल्ली सरकार ने आईआईटी मद्रास के साथ किया एमओयू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने आईआईटी मद्रास के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत "फोटोकेटलिटिक स्मॉग-ईटिंग सतहों की प्रभावशीलता पर व्यापक अध्ययन" शुरू किया जाएगा। इस अध्ययन में विशेष रूप से टाइटेनियम डाइऑक्साइड या इसी प्रकार के सुरक्षित फोटोकेटलिस्ट के उपयोग के माध्यम से दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने की संभावना का मूल्यांकन किया जाएगा।एमओयू हस्ताक्षर के दौरान पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा उपस्थित रहे। इस अवसर पर आईआईटी मद्रास के भौतिकी विभाग के प्रोफेसर सोमनाथ सी. रॉय, जो इस अध्ययन के प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर हैं, भी मौजूद थे। पर्यावरण विभाग और दिल्ली पॉल्यूशन कंट्रोल कमेटी के वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस दौरान मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि ,"इस अध्ययन के माध्यम से हम यह जानना चाहते हैं कि सड़कों, इमारतों और शहर की अन्य सतहों पर 'स्मॉग-ईटिंग' कोटिंग्स लगाने के सबसे बेहतर, टिकाऊ और किफायती तरीके क्या हो सकते हैं। यदि अध्ययन यह प्रमाण देता है कि ऐसी कोटिंग्स NO2 और अन्य प्रदूषकों को कम कर सकती हैं, तो यह हमारे लिए बहुत उपयोगी साबित हो सकता है।" सिरसा ने आगे कहा कि दिल्ली की आबादी लगातार बढ़ रही है और आसपास के क्षेत्रों से तेजी से शहरीकरण हो रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हमारा लक्ष्य लोगों की सहूलियत का ख्याल रखते हुए शहर की हवा को साफ रखना है। इसलिए हमें विज्ञान का उपयोग करके अपनी हवा की रक्षा करनी होगी, ताकि विकास भी जारी रहे और लोगों का स्वास्थ्य भी सुरक्षित रहे।"फोटोकेटलिटिक मटेरियल्स जैसे टाइटेनियम डाइऑक्साइड धूप में सक्रिय होकर रासायनिक प्रतिक्रिया शुरू करते हैं, जिससे हानिकारक प्रदूषक कम हानिकारक तत्वों में बदल जाते हैं।

# मेट्रो स्टेशनों से सिग्नलिंग केबल चोरी मामले में एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो के मजलिस पार्क और भलस्वा मेट्रो स्टेशनों से सिग्नलिंग केबल चोरी के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। इस चोरी के कारण मेट्रो का सिग्नलिंग सिस्टम बुरी तरह प्रभावित हुआ और सेवाएं बाधित हुईं। पुलिस ने आरोपी के पास से लगभग 170 से 180 मीटर जली हुई केबल बरामद की है, जबकि कुल 1000 मीटर केबल चोरी होने का अनुमान है। पुलिस से मिली जानकारी के मुता. बिक, बीती 12 मार्च की सुबह करीब 4:20 बजे डीएमआरसी के ओसीसी/एमबी सिग्नल कंट्रोलर एमआरएस मजलिस पार्क से सिग्नलिंग केबल चोरी होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही रात्रि गश्त टीम तुरंत मौके पर पहुंची।

टीम ने पास के जंगल में कुछ लोगों को तांबे के लिए तार पिघलाते देखा। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जहांग. ीरपुरी, दिल्ली निवासी शेख शफीक के रूप में हुई है। आजादपुर मेट्रो पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता और डीएमआरसी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता जसबीर सिंह, एएसई/सिग/एल-8 एक्सटेंशन, एमआरएस मजलिस पार्क ने बताया कि निरीक्षण के दौरान लगभग 1000 मीटर सिग्नलिंग केबल गायब पाई गई। पुलिस बाकी आरो. पियों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है और आगे की जांच जारी है। मेट्रो पुलिस और डीएमआरसी की टीम ने संवेदनशील स्थानों का संयुक्त सर्वेक्षण भी किया है।

जिस मेट्रो की नई लाइन पर चोरी हुई है, वहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस यानी 8 मार्च को दिल्ली मेट्रो के दो कॉरिडोर का उद्घाटन किया था। इसमें से एक कॉरिडोर के शुरू होने से दिल्ली को देश की पहली रिंग मेट्रो मिल गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली को 33,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी छी। इसमें दो नए मेट्रो रेल कॉरिडोर के उद्घाटन के साथ तीन नए कॉरिडोर का शिलान्यास भी शामिल है।

# निरंकारी सतगुरु के जन्मोत्सव पर स्वास्थ्य जांच शिविरों का उपहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की दिव्य प्रेरणाओं से आलोकित संत निरंकारी मिशन सदैव मानव सेवा, समाज कल्याण और लो. कमंगल के पावन कार्यों के लिए समर्पित रहा है।



इसी सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में, सतगुरु माता जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में संत निरंकारी हेल्थ सिटी के सौजन्य से दिल्ली-एनसीआर के लगभग 50 स्थानों पर भव्य स्वास्थ्य जांच शिवि. रों का आयोजन किया जाएगा। संत निरंकारी मंडल के सचिव आदरणीय श्री जो. गिंदर सुखीजा जी ने इस संदर्भ में जानकारी सांझा करते हुए बताया कि यह विशेष स्वास्थ्य जांच शि. विर 15 मार्च 2026 तक प्रात: 7 से 11बजे तक आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न जांचें टाटा 1 एम जी के सहयोग से संपन्न की जाएंगी। ब्लड शुगर, रक्तचाप (बी. पी.) जैसी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी, जबकि संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण के लिए केवल न्यूनतम शुल्क निर्धारित किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस सेवा का लाभ प्राप्त कर सकें।

## 5011 नकली कॉपियां बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एनसीईआरटी की नकली कॉपियों के गोदाम पर छापा मारकर गोदाम के मालिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से कक्षा-1 से कक्षा-12 तक की एनसीईआरटी की कुल 5011 नकली कॉपियां बरामद की है।

### सार्वजनिक सूचना

मैं मोहम्मद फिरोज वारसी सुपुत्र कमर अजीज, निवासी ए-20, वेलकम कॉलोनी सीलमपुर थर्ड, दिल्ली, दूसरा पता घेर-5 पानी फतेहपुर, उत्तर प्रदेश अपने सगे भाई मोहम्मद शावेज वारसी पुत्र कमर अजीज निवासी घेर-5, पानी फतेहपुर उत्तर प्रदेश से अपना सम्बन्ध खत्म करता हूं अब भविष्य मे उसकी किसी भी गतिविधि से मेरा कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

## जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने

# जनता दर्शन में सुनी जन समस्यायें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की गयी। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए।



जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को शासन के मंशा अनुरूप त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के आदेश दिये। इसी क्रम में मुख्यमंत्री महोदय के निर्देशानुसार "जनता दर्शन"/ जनसुनवाई की सीधे सीएम ऑफिस उत्तर प्रदेश से लाइव कनेक्टिविटी के माध्यम से मॉनिटरिंग की जा रही है।

घजिलाधिकारी ने जनमानस की सुविधा हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया हुआ है कि सभी कार्य दिवस में सुबह 10 से 12 बजे जन शिकायतें सुनेंगे और उनके साथ जूम पर लाइव रहेंगे।

इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया एवं जूम के माध्यम से संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें शिकायतों से अवगत कराते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आद. ेश दिए।

जनता से अपील, शिकायतों के निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारी से मिलें, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ना होने पर जिलाधिकारी से मिलें। जिलाधिकारी ने कहा हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

## नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी निस्तारण हमारी प्राथमिकता: नरेंद्र कश्यप



**गाजियाबाद।** यूपी सरकार में दिव्यांगजन सशक्तिरकरण मंत्री (स्वंतत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने संजय नगर स्थित अपने आवास पर जनसुनवाई की।

जनसुनवाई के दौरान मंत्री ने अपनी-अपनी समस्या लेकर आए लोगों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने कई समस्याओं को लेकर लोगों के सुझाव को भी जाना।

श्री कश्यप ने लोगों को उनकी समस्याओं का जल्द और गुणत्तापूर्ण सुनवाई करने का आश्वासन दिया। मंत्री ने कहा कि लोगों की समस्याओं का जल्द और प्रभावी निस्तारण ही हमारी प्राथमिकता है।

## जनसुनवाई: महिलाएं निडर होकर रखें अपनी बात: डॉ.अग्रवाल

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ हिमानी अग्रवाल ने पीडब्लूडी गेस्ट हाउस गाजियाबाद में सम्बंधित मामलों की जनसुनवाई की। सदस्या का स्वागत जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। जनसुनवाई के दौरान घरेलु हिंसा, मारपीट, पडोसी से विवाद, दहेज उत्पीडन, आदि के मामले सामने आये।



इस दौरान डॉ. हिमानी अग्रवाल सदस्य राज्य महिला आयोग द्वारा मौके पर 9 शिकायतों को सुना गया और सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्राप्त शिकायती पत्रों का निस्तारण प्राथमिकता पर करें। उन्होंने महिलाओं से कहा कि राज्य महिला आयोग आपके साथ 24 घंटे कदम से कदम मिलकर खड़ा है, आप निसंकोच बिना डरे अपनी बात कहें।

उत्तर प्रदेश सरकार महिला सुरक्षा और स्वाबलंबन को केन्द्र में रखकर अनेक योजनाएं चला रही है जिसका लाभ महिलाओं को उठाना चाहिए और अपने आस- पास की महिलाओं को भी इसके प्रति जागरूक करना चाहिए। जनसुनवाई के दौरान एसीपी महिला सलोनी अग्रवाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर, संरक्षण अधिकारी जितेन्द्र कुमार, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी लोकेन्द्र सिंह, वन स्टॉप सेंटर मैनेजर प्रीति मलिक, सीडीपीओ शिवानी गुप्ता, महिला थानाध्यक्ष श्वेता, एडीआईओएस सतीश कुमार पांडेय, उप चिकित्साधिकारी डॉ जितेन्द्र सिंह एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पटाखेबाज बुलेट सवारों पर कार्यवाही की मांग

**स्योहारा।** नगर में पटाखा छोड़ने वाली बुलेट का शोर बढ़ता जा रहा है। जिससे आम नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर बाजारों और रिहायशी इलाकों में कुछ युवक तेज रफ्तार से बुलेट बाइक चलाते हुए तेज आवाज में पटाखे जैसी आवाज निकाल कर माहौल को शोरगुल से भर देते हैं। नगरवासियों का कहना है कि इस तरह की हरकतों से जहां एक तरफ बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को दिक्कत होती है, वहीं दूसरी तरफ अचानक तेज आवाज होने से लोग घबरा भी जाते हैं। नागरिकों ने पुलिस प्रशासन अभियान चलाकर ऐसे बुलेट बाइक सवारों सबक सिखाने की मांग की है।

## यू.जी.सी एक्ट लाने वाले अब बड़े हिंदूवादियों की हत्या करवाने की तैयारी में: यति नरसिंहानंद गिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने शिवशक्ति धाम डासना गाजियाबाद से वीडियो जारी करके देश के सभी प्रमुख हिंदूवादियों को सतर्क रहने का आह्वान किया।



उन्होंने जारी वीडियो में कहा कि यूजीसी एक्ट लाने वाले अब अपने समर्थकों की नाराजगी से घबरा गए हैं और हिंदुओं को डराने के लिए इस्लामिक जिहादियों के हाथों देश के प्रमुख हिंदूवादियों की हत्या की योजना बना चुके हैं। अब जल्दी ही कई प्रमुख हिंदूवादियों की हत्या होगी ताकि तथाकथित सवर्ण डर जाए और यूजीसी एक्ट भुला कर एक बार फिर इनके लिए ही वोटिंग करे। इसी कारण सरकार किसी भी हिंदूवादी को उचित सुरक्षा की बात तो छोड़ दीजिए शस्त्र लाइसेंस तक नहीं दे रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की इस योजना में उनका नाम पहले नंबर पर है।

# एम एम कॉलेज में एन एस एस शिविर का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मुल्तानीमल मोदी कॉलेज, मोदीनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाइयों द्वारा आयोजित संयुक्त सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन समारोह आज महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. वसुधा शर्मा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया, जिसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मंच. ासीन अतिथियों का स्वागत एवं परिचय कराया गया।



कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमर सिंह कश्यप ने सात दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा और उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं डॉ. राज कुमार ने शिविर स्थल गदाना, मोदीनगर के सामाजिक जीवन और वहां किए जाने वाले सेवा कार्यों के बारे में स्वयंसेवकों को अवगत कराया।

इस अवसर पर डॉ. कोमल गुप्ता एवं डॉ. शिवांगी त्रिवेदी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वयंसेवकों को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में गणित एवं भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. नवेंद्र गौड़ तथा प्रो. अमन पाल सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयंसेवक मुकुल शर्मा एवं लक्ष्य कौशिक ने किया तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इसके बाद महाविद्यालय से एक रैली निकाल कर गदाना परिक्षेत्र के लिए सभी स्वयंसेवक गए। आपने अपने निर्धारित स्थानों पर शिविर लगाया।

राष्ट्रीय सेवा योजना का यह सात दिवसीय विशेष शिविर 13 मार्च से 19 मार्च 2026 तक सरस्वती विद्या मंदिर, गदाना (मोदीनगर) में आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्वयंसेवक विभिन्न सामाजिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

## आज आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

# अधिक से अधिक प्रकरणों का करायें निस्तारण: संजय सिंह

**गाजियाबाद।** आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। संजय सिंह-2 सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सभी जनपदवासियों से अपील है कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत में आएं और अपने प्रकरणों का निस्तारण करायें। राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण के लिए विभिन्न स्तर पर विभिन्न प्रकृति के मामलों का निस्तारण के लिए रखा जायेगा। इसमें न्यायालय स्तर पर आपराधिक शमनीय मामले, एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत मामले, बैंक वसूली मामले, मोटर दुर्घटना प्रतिकर के मुकदमे, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, पानी का बिल (चोरी के मामलों को छोड़कर), मध्यस्थता के मामले, अन्य सिविल मामले (किराया, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा, मुकदमे विनिर्दिष्ट, अनुपालन मुकदमे) आदि मामलों का निस्तारण किया जायेगा। इसके अलावा क्रिमिनल मामले, बिजली (गैर-कंपाउंडेबल को छोड़कर), वेतन एवं भत्ते तथा सेवानिवृत्ति लाभ से संबंधित सेवा मामले भी लोक अदालत में शामिल किए जाएंगे। इसके अलावा ई- ट्रैफिक चालान, 34 पी एक्ट, एमवी एक्ट आदि हैं।



## लखनऊ में आयोजित बहुजन संवाद कार्यक्रम में की गाजियाबाद के कांग्रेसी नेताओं ने शिरकत



**गाजियाबाद।** कांग्रेस पार्टी ने 13 मार्च को लखनऊ में कांशीराम जयंती के अवसर पर 'सामाजिक परिवर्तन दिवस' मनाया। इस दौरान कांग्रेस की ओर से बहुजन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य दलित, पिछड़े व अल्पसंख्यक समाज के अधिकारों पर संवाद करना था। इस मौके पर पूरे देश से कांग्रे. सियों ने पहुंच कर शिरकत की। गाजियाबाद से भी कई कांग्रेसी नेता कार्यक्रम में पहुंचे जिनमें जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा के अलावा विनोद धामा, अमित गोयल और हरेंद्र बाबा आदि शामिल थे।

## आई.टी.एस मोहननगर कैंपस में

# कैंपस कॉलिंग पॉश जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से तथा युवामंथन के संयुक्त तत्वावधान में आईटीएस यूजी कैंपस, मोहननगर, गाजियाबाद के ेउपदंत ेिंस "कैंपस कॉलिंग- पॉश अवेयरनेस वर्कशॉप" का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्रों के बीच कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम, लैंगिक संवे. दनशीलता, सुरक्षा उपायों तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित नीतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। आई.टी.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपने संदेश में कहा कि कोई भी संस्थान तभी प्रभावी और सफलतापूर्वक कार्य कर सकता है जब वहाँ का वातावरण केवल भौतिक रूप से ही नहीं, बल्कि समानता, सद्भाव, नैतिक मूल्यों और पारस्परिक सम्मान से भी परिपूर्ण हो।




आई.टी.एस. यूजी कैंपस की प्रिंसिपल डॉ. नैंसी शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि किसी भी संस्थान की वास्तविक सफलता सम्मानजनक और सुरक्षित कार्यस्थल के निर्माण पर निर्भर करती है। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत संबोधन से हुई, जिसे प्रो. कनिका टंडन, चेयरपर्सन, वुमन सेल, आई.टी.एस. यूजी कैंपस मोहननगर द्वारा प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित छात्रों और संकाय सदस्यों ने पॉश शपथ ली। कार्यशाला के दौरान कैंपस की एन सी डब्लू एंबेसडर खुशबू वर्मा (बीबीए तृतीय वर्ष) ने साइबर सुरक्षा के महत्व पर अपने विचार साझा किए। वहीं शुभम गर्ग (बीबीए द्वितीय वर्ष) ने पॉश अधिनियम, लैंगिक समानता तथा कैंपस में नैतिक आचरण के विषय में छात्रों को जानकारी दी।

इस अवसर पर आईटीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा, यूजी कैंपस की प्रिंसिपल प्रोफेसर (डॉ) नैंसी शर्मा, यूजी कैंपस की ऐकडेमिक डीन डॉ विदुषी सिंह, बीबीए एचओडी प्रोफेसर आदिल खान, यूजी कैंपस वुमन सेल की चेयरपर्सन प्रो. कनिका टंडन इवेंट कोऑर्डिनेटर्स, अध्यापकगण एवं भारी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## सेना में लेफ्टिनेंट बन लोचन ने

# बढ़ाया छाया स्कूल व मोदीनगर का मान: डॉ. मंजू शिवाच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल में विद्यालय के पूर्व छात्र लोचन चौधरी जो भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर नियुक्त हुए हैं आज उनके सम्मान में अभिनंदन व आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मंजू शिवाच जी की गरिमामय उपस्थिति रही।



उन्होंने कहा कि मेरी विधानसभा का छाया पब्लिक स्कूल एक ऐसा विद्यालय है ऐसा कोहिनूर है जिसने हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति राष्ट्रीय स्तर पर दर्ज कराई है जहां खेलों में अंतरराष्ट्रीय स्तर व जूनियर एशियाड में बच्चे स्वर्ण पदक जीत रहे हैं साथ ही रियलिटी शो केबीसी जैसे प्रसिद्ध शो के विजेता रहे हैं साथ ही देश का सबसे बड़ा ऑपरेशन ऑपरेशन सिंदूर में भी उनके छात्र आदित्य द्वारा पूरे ऑपरेशन को लीड कर विधानसभा का नाम रोशन किया है। लोचन चौधरी पर भी हमें विश्वास ही नहीं पूरा भरोसा है राष्ट्रीय स्तर पर मोदीनगर का नाम इन बच्चों की तरह रोशन करेगा नौसेना, एयर फोर्स, व नेवी में छाया पब्लिक स्कूल द्वारा तैयार किए गए सैकड़ो छात्र छात्राएं अपनी सेवा देश को दे रहे हैं। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली ने कहा की लोचन चौधरी शहर के लिए एक बड़ी उपलब्धि हैं और इनसे प्रेरणा पाकर मोदीनगर के युवा देश सेवा के क्षेत्र में आगे आएंगे विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी ने लोचन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए बधाई दी।

प्रधानाचार्य डॉ अरुण त्यागी ने बताया की लोचन पहली कक्षा से ही हर क्षेत्र में अव्वल रहता था शिक्षा ही नहीं वह सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता था और उसके आगे जाने का सबसे बड़ा योगदान उसके शिक्षण काल में जो सर्वांगीण विकास हुआ उसका बहुत बड़ा रोल रहा है। इस अवसर पर मनोज त्यागी वीरेंद्र चौधरी संजय चौधरी भीष्म शर्मा सुमन रानी व छाया पब्लिक स्कूल के बच्चे व शिक्षक शिक्षकाऐ मौजूद रहे।

# प्योरपॉवर डिस्ट्रीब्यूटर ने कोठागुडेम में इलेक्ट्रिशियन और डीलर्स के लिए कार्यक्रम आयोजित किया

**नई दिल्ली।** क्षेत्रीय ऊर्जा नेटवर्क को मजबूत करने के लिए प्योरपॉवर के डिस्ट्रीब्यूटर नेक्स्ट जेन एंटरप्राइजेज द्वारा होटल थाटिपल्ली, कोठागुडेम में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह दो सत्रों वाला कार्यक्रम खम्मम और भद्राद्री कोठागुडेम के स्थानीय तकनीकी और व्यापार समुदाय को जोड़ने और उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

हाल ही में नेक्स्ट जेन एंटरप्राइजेज को क्षेत्रीय वितरण भागीदार के रूप में जोड़ा गया है। कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय इलेक्ट्रिशियंस के लिए एक विशेष तकनीकी सेमिनार से हुई। ये इलेक्ट्रिशियंस क्षेत्र में ऊर्जा इंस्टॉलेशन की मुख्य ताकत हैं। इस सत्र में प्योरपॉवर की उन्नत तकनीक और एआईएस 156 चरण 2 सुरक्षा मानकों के महत्व पर चर्चा की गई। प्रतिभागियों को स्मार्ट-ग्रिड तकनीक और सोलर-फर्स्ट इंटेलिजेंस के बारे में भी जानकारी दी गई, ताकि क्षेत्र के तकनीकी विशेषज्ञ स्थानीय घरों में बेहतर इंस्टॉलेशन सेवा दे सकें। इसके बाद शाम को एक विशेष डीलर मीट का आयोजन किया गया। इस सत्र में प्रमुख व्यापार साझेदार और हितधारक शामिल हुए। इसमें तेलंगाना में तेजी से बढ़ रहे नवीकरणीय ऊर्जा बाजार पर चर्चा की गई। साथ ही यह भी बताया गया कि प्योरपॉवर का 'मेड इन इंडिया' हार्डवेयर उपभोक्ताओं को ऊर्जा स्वतंत्रता प्राप्त करने और बिजली खर्च कम करने में कैसे मदद कर सकता है। यह कार्यक्रम डीलर्स के लिए प्योरपॉवर उत्पादों की व्यावसायिक संभावनाओं को समझने का एक अच्छा अवसर भी बना। नेक्स्ट जेन एंटरप्राइजेज के श्री विक्रम ने कहा कि यह कार्यक्रम ऐसे विशेषज्ञों का समुदाय बनाने पर केंद्रित रहा, जो ऊर्जा के भविष्य को समझते हैं। जब इलेक्ट्रिशियंस और डीलर्स दोनों एक साथ काम करते हैं, तो खम्मम और कोठागुडेम के लोगों को सिर्फ एक उत्पाद नहीं बल्कि एक भरोसेमंद और बेहतर ऊर्जा समाधान मिलता है। कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि सभी सहभागी अपने-अपने क्षेत्रों में ऊर्जा बदलाव को आगे बढ़ाएँगे। नेक्स्ट जेन एंटरप्राइजेज के सहयोग से प्योरपॉवर अपने बढ़ते साझेदार नेटवर्क को लगातार तकनीकी प्रशिक्षण और मजबूत



# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने किया बागपत का दौरा

## महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करने वालों को पकड़कर चौराहे पर लगा देनी चाहिए फांसी:मीनाक्षी भराला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** राज्य महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला ने बागपत का दौरा किया। विकास भवन सभागार में उन्होंने महिलाओं से संबंधित समस्याओं को सुना और अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री की मां पर की गई टिप्पणी के मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करने वालों को चौराहे पर फांसी दी जानी चाहिए।

बैठक के दौरान कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से कुछ का मौके पर ही समाधान कराया गया। हालांकि, महिला आयोग की सदस्य ने अधिकारियों के बैठक में अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि अधिकारी ही बैठक में उपस्थित नहीं होंगे, तो महिलाओं की समस्याओं का समाधान कैसे होगा। मीनाक्षी भराला ने जोर देकर कहा कि जो भी व्यक्ति महिलाओं के प्रति गलत टिप्पणी करता है, उसे चौराहे पर फांसी की सजा मिलनी चाहिए, चाहे वह कोई भी हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी महिला का सम्मान सर्वोपरि है और इसमें कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए।






मोनालिसा की शादी के संबंध में उन्होंने कहा कि दोनों बालिग हैं और शादी कर सकते हैं। हालांकि, उन्होंने सलाह दी कि शादी से पहले परिवार से बातचीत करनी चाहिए थी, खासकर तब जब एक पक्ष शादी का विरोध कर रहा हो। महिला सुरक्षा के मुद्दे पर भराला ने अधिकारियों की गंभीरता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब अधिकारी बैठकों में नहीं आते, तो महिला सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान कैसे चलाए जा सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी महिला संबंधित बैठकों को गंभीरता से नहीं लेते और अक्सर अन्य मंत्री कार्यक्रमों को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने महिला सुरक्षा के लिए ठोस कार्रवाई की मांग की।

## आलू के दाम न मिलनें पर किसान नें जोती पांच बीघा फसल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** आलू के गिरते दाम के चलते किसानों की फसल के सही दाम नही मिल पा रहे है जिससे किसान परेशान है। लहचौड़ा के एक किसान नें तो अपनें पांच बीघा आलू की खड़ी फसल को ही जोत डाला लगातार गिर रहे दाम से किसान परेशान है।

रटौल क्षेत्र के एक बड़े भू भाग में आलू की फसल बोई जाती है जिसमे रटौल, लहचौड़ा, सरफाबाद, गौना सहबानपुर, सिगोली तगा, चमरावल में आलू की फसल लगायी जाती है अबकी बार आलू के दाम कम है। मंडी में 200 रूपये कटटा बिक रहा है जिससे किसानों की लागत नही निकल पा रही है जिसके चलते लहचौड़ा के किसान जितेन्द्र यादव, विरेन्द्र यादव नें अपनी पांच बीघा आलू की खड़ी फसल को जोत डाला जितेन्द्र नें बताया कि 10 हजार बीधा लागत आयी थी। वही आलू खुदाई और भरायी की कीमत ज्यादा आ रही है जिससे फसल के दाम और मजदूरों का खर्चा नही निकल पा रहा है। इसलिए उन्होंने खेत जोतकर दूसरी फसल की तैयारी शुरू कर दी है। वही आलू किसान राजेश, रहीस आदि नें बताया कि कोल्डस्टोरेज में भी आलू रखने की जगह नही मिल पा रही है जिससे लेकर किसान परेशान है।

## पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एम्स की स्थापना की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री पुष्पेंद्र कुमार व समाजसेवी मोहित चौहान के नेतृत्व में एसडीएम भावना सिंह को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में AIIMS की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नाम ज्ञापन दिया गया।

इस मौके पर महामंत्री पुष्पेंद्र कुमार तोमर ने कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश में वर्तमान की जनसंख्या लगभग 9 करोड़ के आसपास है। इसी को मध्य नजर रखते हुए जनपद बागपत में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स की स्थापना बागपत जनपद में की जाए यह पश्चिमी उत्तर प्रदेश का एनसीआर दिल्ली के निकट जनपद माना जाता है यह एम्स की कहीं भी सुविधा नहीं है। जनपद में मेडिकल शिक्षा संस्थान की शीघ्र आवश्यकता है। एम्स की स्थापना किए जाने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने एसडीएम भावना सिंह को ज्ञापन देकर जल्दी एम्स की स्थापना किए जाने की मांग की। इस मौके पर पूर्व बार अध्यक्ष ईश्वर सिंह एडवोकेट हिलवाड़ी हरेंद्र तोमर एडवोकेट संजीव तोमर विकास तोमर सचिन चौहान रिजवान मलिक संजीव मान तहसील के अधिवक्ता मौजूद रहे।



## नगर में विजेताओं को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर की गुड़ मंडी क्लब में कबड्डी टीम विजेताओं को सम्मानित करते कोच युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित मेरठ और सहारनपुर जोन कबड्डी खेल मेरठ के विद्या यूनिवर्सिटी मेरठ में आयोजित की गई है।

एडवोकेट विशेष तोमर कबड्डी कोच के द्वारा बताया गया कि जिसमें जूनियर बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबला बागपत जिले की शहीद भगत सिंह कबड्डी एकेडमी गुड मंडी बड़ौत 27 प्वाइंट ओर गौतमबुद्धनगर 21 प्वाइंट के साथ 6 प्वाइंट से बागपत जिले की शहीद भगत सिंह कबड्डी एकेडमी गुड मंडी बड़ौत ने जीत हासिल की जिसमें टीम कैप्टन व बेस्ट रेडर कुमारी मीनाक्षी शर्मा, ओर बेस्ट डिफेंडर परी मलिक ओर बेस्ट ऑलराउंडर तन्नू त्यागी को सम्मानित किया गया जिसमें कुमारी भूमि, कुमारी मानसी, आशु तोमर, कुमारी लक्ष्मी, आस्था कोरी, भी सम्मानित की गई अब यह जूनियर बालिका वर्ग की टीम होने वाली 18 मार्च से 20 मार्च तक स्टेट चैंपियनशिप में भाग लेगी जिसमें युवा कल्याण विभाग अधिकारी व क्षेत्रीय अधिकारी अंकित कुमार, हरीश मिश्रा, सोनू कुमार, पोपिंदर सिंह जिला कबड्डी सचिव मेरठ, अनिल सिंह कोच आदि भी उपस्थित रहे।



## एक नजर

### शिवदयाल चौरसिया एक महान समाज सुधारक और सामाजिक न्याय के पुरोधा थे:बिल्लू प्रधान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी विच. ारधारा के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता शिवदयाल चौरसिया की जयंती मनाई गई।

इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान ने की और संचालन राहुल यादव राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी ने किया। इस अवसर पर सपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शिवदयाल चौरसिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। उसके बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष सपा बिल्लू प्रधान ने कहा कि शिवदयाल चौरसिया एक महान समाज सुधारक और सामाजिक न्याय के पुरोधा थे उन्होंने जीवन भर समाजवादी आंदोलन को ताकत दी और पिछड़े और वंचित वर्गों के लिए कार्य किया। इस मौके पर चिराग चौधरी, मोहित त्यागी सन्नी सुलानिया, शाहरुख, कविता गोस्वामी, राहुल यादव, रोहित सिंह, सचिन पाल, निजामुद्दीन, कर्मवीर प्रधान, यासीन, हरीश गुर्जर, राजू प्रजापति आदि मौजूद

## ग्राम कुर्डी के निकट यूपी-हरियाणा प्रशासन द्वारा किया गया संयुक्त निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** तहसील बड़ौत के अंतर्गत ग्राम कुर्डी के निकट उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा के किसानों के मध्य कृषि भूमि को लेकर उत्पन्न विवाद के संबंध में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के बागपत एवं हरियाणा प्रशासन के अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया।

संयुक्त निरीक्षण के दौरान दोनों राज्यों के राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में संबंधित भूमि का स्थल पर भौतिक सत्यापन किया गया तथा दोनों पक्षों के किसानों की बात सुनी गई और उन्हें संबंधित समस्याओं का सरलता से समाधान किया गया।




इस दौरान यह पाया गया कि संबंधित भूमि का पूर्व में सीमांकन कराया जा चुका है तथा सीमा स्तंभ स्थापित हैं। जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देशन में उपजिलाधिक. ारी बड़ौत भावना सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में बागपत प्रशासन द्वारा सकारात्मक पहल करते हुए हरियाणा प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर मौके पर संयुक्त निरीक्षण किया गया।

इस पहल के माध्यम से दोनों पक्षों के किसानों को वास्तविक स्थिति से अवगत कराया गया, जिसके पश्चात किसानों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया तथा क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता स्थापित हुई है। दोनों पक्षों को स्थापित सीमा स्तंभों का सम्मान करते हुए आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई है।

## 16वीं जनगणना के सफल संचालन के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति की कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** आगामी 16वीं जनगणना के सफल एवं सुचारु संचालन के लिए शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीत कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यशाला में जनगणना कार्य निदेशालय की प्रतिनिधि एवं सांख्यिकी अन्वेषक ग्रेड-2 शिप्रा द्वारा जनगणना से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जनगणना कार्य के अंतर्गत प्रारंभिक तैयारियां, प्रशिक्षण, मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना, जिला जनगणना हस्तपुस्तिका का संकलन, जनसंख्या की गणना, वित्तीय प्रबंधन, उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा आंकड़ों के प्रशासन एवं समेकन से संबंधित कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाने हैं। बैठक में बताया गया कि 22 मई से 20 जून 2026 तक जनपद में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। इसके लिए गणना का समय प्रात: 06 बजे से निर्धारित किया गया है। आवश्यकता पड़ने पर नागरिक स्वयं भी निर्धारित अवधि के भीतर अपनी जानकारी उपलब्ध करा सकते हैं। कार्यशाला में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनगणना से संबंधित सभी गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा अधिक से अधिक लोगों को इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया से जोड़ा जाए। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला है। इससे प्राप्त आंकड़ों के आधार पर सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की रूपरेखा तैयार करती है।

### जय हिंद मंच के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने साक्षी शर्मा को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** क्षेत्र के जागौश गांव निवासी प्रधानाचार्य अनिरुद्ध शर्मा की पुत्री साक्षी शर्मा को भारत के सबसे बड़े गैर राजनैतिक संगठन जय हिंद मंच नई दिल्ली के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने साक्षी शर्मा को नई दिल्ली में अपने कार्यालय पर आमंत्रित करते हुए उन्हें जय हिंद मंच की तरफ से सम्मानित किया है। अपनी कलम का जादू चलाते हुए सफलता की ओर आसान कदम पुस्तिका लिखने वाली लाखों पाठकों की मनपसंद बन चुकी युवा लेखिका साक्षी शर्मा को जगह-जगह पुरस्कार से नवाजा जा रहा है। नई दिल्ली में सुरेश चंद शर्मा ने उन्हें भगवान परशुराम का फरसा व फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जय हिंद मंच के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा ने कहा कि बागपत जनपद की लाडली बेटी ने जनपद बागपत का नाम रोशन करते हुए ऐसी पुस्तिका का विमोचन किया है जो आज लाखों पाठकों की मनपसंद बन चुकी है जगह-जगह सम्मानित होने पर साक्षी शर्मा के परिवार में खुशी की लहर दौड़ रही है इस संबंध में युवा लेखिका साक्षी शर्मा का कहना है की जो सम्मान मुझे मिल रहा है मैं इस सम्मान के जरिए अपनी आवाज को बुलंद करती हुई बड़े से बड़े मंच पर जाकर सम्मानित लोगों का आशीर्वाद लेने में सफल रहूंगी युवा लेखिका साक्षी शर्मा ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की तरु से भी मुझे गोरखपुर में आमंत्रि किया गया है जल्दी प्रदेश के मुख्यमंत्रे योगी आदित्यनाथ का आशीर्वाद प्राप्त होगा मेरे लिए इससे बढ़कर कोई भी खुशी नहीं है कि आज मुझे हर व्यद्रि का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है जय हिंद मंच नई दिल्ली में एक ऐसा संगठन है जिसमें लगभग 22 लाख लोग इस संगठन से जुड़ चुके हैं 18 राज्यों में इसका गठन भी हो चुका है जो भी अधिकारी किसी भी विभाग से रिटायरमेंट लेकर आता है वह जय हिंद मंच से जुड़ने का काम संकल्प ले रहा है साक्षी शर्मा को जल्दी गृह मंत्रलय में भी गृह मंत्रलय की डायरेक्टर बहन चित्रलेखा शर्मा द्वारा सम्मानित किया जाएगा उनका भी निमंत्रण पत्र उनके पास आ चुका है

## कनेक्टिविटी फेल होने से गैस उपभोक्ताओं को भारी परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ऑनलाइन सिस्टम की कनेक्टिविटी फेल होने के कारण गैस उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुकिंग न हो पाने से लोग सीधे गैस एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं।

उपभोक्ताओं को इन दिनों कनेक्टिविटी फेल होने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऑनलाइन बुकिंग बंद होने से गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की लंबी लाइन लग रही हैं। एजेंसी संचालकों का कहना है कि गैस की आपूर्ति में कोई कमी नहीं है और गोदामों में पर्याप्त मात्रा में एलपीजी उपलब्ध है। हालांकि ऑनलाइन बु. कंग सिस्टम में तकनीकी समस्या आने से उपभोक्ताओं को सिलेंडर लेने में परेशानी हो रही है। कनेक्टिविटी फेल होने के कारण बड़ी संख्या में लोग सीधे गैस एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं। लेकिन बुकिंग न होने की वजह से उन्हें गैस नहीं मिल पा रही है, जिससे आम लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। गैस उपभोक्ता रहमान ने बताया कि पिछले तीन दिनों से लगातार कनेक्टिविटी फेल होने के कारण उन्हें गैस नहीं मिल पा रही है। वहीं एजेंसी पर पहुंचे राहुल ने भी बताया कि वह लगातार तीन दिनों से एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन तकनीकी समस्या के कारण सिलेंडर बुक नहीं हो पा रहा है। फिलहाल उपभोक्ता इस समस्या के जल्द समाधान की उम्मीद कर रहे हैं। ऑनलाइन बुकिंग सिस्टम कब तक सामान्य होगा, इसको लेकर कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।



## मदरसों में दी जा रही धर्मांतरण, लव जिहाद व लैंड जिहाद की शिक्षा: साध्वी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** वायरल गर्ल मोनालिसा और फरहान के विवाह प्रकरण में हिंदूवादी नेता साध्वी प्राची ने प्रवेश किया है। उन्होंने इस शादी को (लव जिहाद) और पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (PFI) की फंडिंग से जुड़ा बताया है। साध्वी प्राची ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस मामले और फरहान के परिवार की जांच की मांग की है।

साध्वी प्राची ने सवाल उठाया कि यह शादी बागपत या दिल्ली में न होकर केरल में ही क्यों हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि केरल कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (CPI) और PFI का गढ़ है। उनके अनुसार, उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार और (बाबा जी का लट्ट) मजबूत होने के कारण यहां ऐसी शादी संभव नहीं थी। साध्वी ने आरोप लगाया कि मदरसों में धर्मांतरण, लव जिहाद और लैंड जिहाद की शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने विवादास्पद बयान देते हुए कहा कि जब मोना. लिसा की कमाई बंद हो जाएगी, तो उसे सूटकेस में पैक कर दिया जाएगा। उन्होंने मोनालिसा को नाबालिग बताते हुए फरहान के परिवार की भी जांच की मांग की। साध्वी प्राची के अनुसार, फरहान का परिवार अपने बचाव में बयानबाजी और (ड्रामाबाजी) कर रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि जब मोनालिसा कुंभ में जाकर वायरल हुई थी, तभी PFI के लोगों ने उस पर नजर रखनी शुरू कर दी थी और अब उसे (लव जिहाद) के जाल में ंसाकर शादी रचाई गई है।




साध्वी ने अपने आरोपों को दोहराते हुए कहा कि जब तक मोनालिसा अच्छे पैसे कमा रही है, तभी तक फरहान उसे अपने साथ रखेगा। उनके अनुसार, पैसे कमाने बंद होने पर उसे किसी सूटकेस या फ्रिज में (कुल्फी) बनाकर रख दिया जाएगा।

## अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ की गई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बागपत-बड़ौत-खेकड़ा विकास प्राधिकरण द्वारा उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 के अंतर्गत अनधिकृत कॉलोनियों के विरुद्ध सख्त कार्रवई की गई।

शुक्रवार को प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम द्वारा बड़ौत क्षेत्र में विकसित की जा रही दो अनधिकृत कॉलोनियों का ध्वस्तीकरण किया गया। विवरण निम्नवत है- कांशीराम आवास के सामने बड़ौत बागपत डा.सुधीर, प्रभाकर आदि द्वारा 20000 वर्ग मीटर में विकसित की जा रही अनाधिकृत कॉलोनी। कांशीराम आवास के सामने बड़ौत बागपत सतेंद्र खोखर आदि द्वारा 10000 वर्ग मीटर में विकसित की जा रही अनाधिकृत कॉलोनी। उक्त दोनों कॉलोनियाँ बिना ले-आउट स्वीकृति एवं बिना विकास अनुमति के विकसित की जा रही थीं, जो कि अधिनियम के प्रावधानों के विरुद्ध है। जनहित एवं सुनियोजित शहरी विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उक्त अनधिकृत प्लॉटिंग/निर्माण को ध्वस्त किया गया। प्राधिकरण द्वारा आम नागरिकों से अपील की जाती है कि किसी भी भूमि/प्लॉट का क्रय करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि संबंधित ले-आउट एवं मानचित्र विकास प्राधिकरण से विधिवत स्वीकृत है, अन्यथा ऐसे अनधिकृत निर्माण/प्लॉटिंग के विरुद्ध भविष्य में भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## गन्ना मूल्य भुगतान के सम्बंध में जिलाधिकारी ने की संबंधितों के साथ बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में जनपद की गन्ना समितियों के माध्यम से गन्ना क्रय करने वाली चीनी मिल मलकपुर, रमाला, किनौनी, मोदीनगर व भैसाना के गन्ना मूल्य भुगतान के सम्बंध में बैठक की गई जिसमें जिला गन्ना अधिकारी बागपत, चीनी मिल मलकपुर, रमाला, किनौनी, मोदीनगर व भैसाना के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



समीक्षा बैठक में चीनी मिल मलकपुर के अध्यासी, विपिन कुमार द्वारा बताया गया कि चीनी मिल चीनी व अन्य सहउत्पादों की बिक्री करके गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा रहा है। वर्तमान में चीनी मिल पर लगभग देय 350 करोड रूपयें अवशेष है, जिसमें से रू. 200 करोड का चीनी, शीरा आदि से प्राप्त धनराशि से एवं रू. 150 करोड का बाह्य स्रोतों से भुगतान करते हुए माह सितम्बर, 2026 तक शत-प्रतिशत भुगतान करने का आश्वासन दिया गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा असन्तोष व्याप्त करते हुए शीघ्र से शीघ्र पेराई सत्र 2025-26 के अन्तर्गत 14 दिन पूर्व अवधि के देय अवशेष गन्ना मूल्य एव अंशदान के शत-प्रतिशत भुगतान करने के कड़े निर्देश चीनी मिल प्रतिनिधियों को दिये गये। अन्यथा भुगतान समयान्तर्गत न करने की दशा में चीनी मिलों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करने की बाध्यकारिता से भी सचेत किया गया। साथ ही, अन्य चीनी मिल रमाला, किनौनी, मोदीनगर व भैसाना के प्रतिनिधियों को भी पेराई सत्र 2025-26 के अन्तर्गत 14 दिन पूर्व अवधि के देय अवशेष गन्ना मूल्य एव अंशदान के शत-प्रतिशत भुगतान करने के कड़े निर्देश चीनी मिल प्रतिनिधियों को दिये गये। कृषकों के गन्ना मूल्य भुगतान समयान्तर्गत कराने हेतु गन्ना विभाग एवं जिला प्रशासन पूर्ण रूप से प्रयासरत है। उक्त के साथ-साथ बसन्तकालीन गन्ना बुआई वर्ष 2025-26 के सफल क्रियान्वयन हेतु माइक्रोप्लान तैयार कर किस्म बदलाव व गन्ना बुवाई के लक्ष्यों की पूर्ति समान्तर्गत पूर्ण करने के निर्देश उपस्थित चीनी मिल प्रतिनिधियों को दिये गये। समस्त फील्ड स्टाफ क्षेत्र में भ्रमण करते हुए गन्ना कृषकों को जागरूक कर अधिक से अधिक गन्ना बुआई हेतु प्रेरित करेंगें। ताकि आगामी पेराई सत्र में चीनी मिलों को गन्ने की कमी न हो। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिवनारायण, जिला गन्ना अधिक. ारी अमर प्रताप सिंह सहित आदि उपस्थित रहे।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | दिल्ली मंडल के अंतर्गत आनंद विहार डिपो की प्राइमरी-बेस्ड शताब्दी/तेजस/शताब्दी-टाइप/राजधानी/दुरंतो/गतिमान/AC/एक्सप्रेस ट्रेनों में, वॉशिंग लाइन/सिक लाइन पर रखरखाव कार्यों के दौरान और ऑन-बोर्ड इलेक्ट्रिकल एस्कॉर्टिंग ड्यूटी के समय, AC कोचों के ताजी हवा और रिटर्न एयर फिल्टर, AC ग्रिल तथा कूलिंग/कंडेंसर कॉइल्स की सफाई का कार्य, तीन वर्षों की अवधि के लिए। |
| निविदा संख्या | 30-विद्युत-11टी-कोचिंग-2025-26 |
| कार्य की अनुमानित लागत (रू0 में) | 12,68,02,167.22/- रू0 |
| निविदा फार्म का मूल्य | 0.00/- |
| कार्यालय का पता | वरि0 मण्डल विद्युत अभियंता/कोचिंग, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | 7,84,000/- रू0 |
| कार्य समाप्ति की अवधि | 36 महीने |
| निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | 08.04.2026 को 15:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि व समय | 08.04.2026 को 15:01 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in व वरि0 मण्डल विद्युत अभियंता/कोचिंग/दिल्ली |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 864/2026

# अलविदा जुमे पर सरधना में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

- नमाज के बाद देश में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए मांगी दुआएं
- नगर की प्रमुख मस्जिदों व संवेदनशील स्थानों पर रही पुलिस की निगरानी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** माहे रमजान के अलविदा जुमे के अवसर पर शुक्रवार को सरधना नगर में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए। जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरे दिन मुस्तैद रहा और नगर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार गश्त की गई।

सीओ आशुतोष कुमार और थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने नगर की प्रमुख मस्जिदों और संवेदनशील स्थानों के आसपास निगरानी बनाए रखी। नमाज के समय मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा, जबकि कई स्थानों पर पुलिसकर्मी पैदल गश्त करते भी नजर आए, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो सके। अलविदा जुमे की नमाज के लिए मस्जिदों में अकीदतमंदों की अच्छी खासी भीड़ उमड़ी। नमाजियों ने इबादत के साथ देश में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। इस दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लगातार हालात पर नजर बनाए रहे।

# मैं मुंह काला करूंगा: रंजन शर्मा

## एक सप्ताह में मांग पूरी न होने पर महानगर अध्यक्ष ने दी चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निगम स्थित नगर आयुक्त कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने जीआईएस सर्वे के नाम पर गृहकर में कई सौ प्रतिशत वृद्धि, अवैध वसूली तथा महानगर में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया।

प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि भाजपा सरकार आम जनता पर लगातार टैक्स का बोझ बढ़ाकर शोषण कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व में जलकर और अब हाउस टैक्स में भारी वृद्धि से शहरवासियों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। कांग्रेस नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि शहर के सांसद, विधायक और पार्षद जनता की समस्याओं पर चुप्पी साधे हुए हैं।

कार्यकर्ता जब नगर आयुक्त से मिलने पहुंचे तो वे कार्यालय में मौजूद नहीं मिले, जिससे आक्रोश बढ़ गया। काफी हंगामे के बाद मुख्य कर निर्धारण अधिकारी शिवकुमार गौतम ने ज्ञापन स्वीकार किया और 50 हजार रुपये से कम गृहकर वालों पर सीलिंग कार्रवाई न करने का आश्वासन दिया। कांग्रेस ने बिल सुधार के लिए अलग काउंटर बनाने, नाम परिवर्तन संबंधी शासनादेश लागू करने, बिना जल उपयोग वाले व्यावसायिक भवनों पर जलकर समाप्त करने तथा आवारा कुत्तों से राहत दिलाने की मांग की। चेतावनी दी गई कि एक सप्ताह में समाधान नहीं हुआ तो मुंह काला करेंगे और व्यापक जन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## अखिल भारतीय तलवारबाजी में इंस्पेक्टर गौरव ने जीता गोल्ड मेडल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अखिल भारतीय पुलिस तलवार बाजी प्रतियोगिता में इंस्पेक्टर गौरव चौधरी ने तलवारबाजी में गोल्ड मेडल जीता व उनकी टीम ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक पदक जीत तलवारबाजी की प्रतियोगिता की ट्रॉफी जीती। यह खिताब द्वितीय आल इंडिया पुलिस गेम्स कबड्डी व तलवारबाजी 7 से 12 मार्च के दौरान जीता जिसका आयोजन जम्मू कश्मीर पुलिस द्वारा हुआ और यह खिताब उन्हें जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता में भारत के सभी राज्यों की पुलिस टीमें व सभी अर्धसैनिक बलों की टीमों ने भाग लिया। तलवारबाजी में अजय कुमार स्वर्ण पदक, हिमांशी ने तलवारबाजी में कांस्य पदक प्राप्त किया, चिराग ने तलवारबाजी में कांस्य पदक जीता।

# कविता प्रतियोगिता में नन्हे विद्यार्थियों ने बिखेरा प्रतिभा का रंग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को एक भव्य कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी कक्षाओं के नन्हे-मुन्ने छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने हिंदी एवं अंग्रेजी कविताओं की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं, जिसने उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों का दिल जीत लिया। नर्सरी और एलकेजी के छात्रों ने "Roses are Red" तथा 'आम फलों का राजा है' जैसी कविताएं भावपूर्ण अंदाज में सुनाईं। वहीं यूकेजी की छात्राएँ अफिया, इकरा और ऐराह ने फूलों से नित हँसना सीखो कविता प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस सफल आयोजन में शिक्षिकाओं आराधना, दीप्ति और पल्लवी भारद्वाज का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में उप-प्रधानाचार्या प्रभा राव ने विजेता छात्रों को पुरस्कार वितरित करते हुए उनकी प्रतिभा की सराहना की और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

## चिक क्विक क्रीम ने अयोध्या के सैलून को जोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एफएमसीजी कंपनी केविनकेयर के मेन हेयरकेयर ब्रांड चिक ने अपनी तेज और आसान क्रीम हेयर कलर रेंज चिक क्विक क्रीम के जरिए अयोध्या में सैलून वाली अपनी मौजूदगी को मजबूत किया है। पर्सनल केयर के बिजनेस हेड रजत नंदा ने कहा, यह पहल उप्र के 1,000 सैलून को कवर करने वाले एक बड़े प्रोफेशनल आउटरीच प्रोग्राम का हिस्सा है जिसका उद्देश्य स्टाइलिस्ट्स से जुड़ाव बढ़ाना और खास उत्तर भारतीय बाजारों में सैलून की वकालत को मजबूत करना है। कहा कि 'रोजाना की ग्रूमिंग की पसंद को प्रभावित करने में सैलून अहम् भूमिका निभाते हैं और स्टाइलिस्ट कस्टमर्स के लिए भरोसेमंद सलाहकार होते हैं। अयोध्या समेत प्रदेश में 1,000 सैलून तक अपनी पहुंच के जरिए, हम चिक क्विक क्रीम को एक तेज, सुविधाजनक और भरोसेमंद हेयर कलर सॉल्यूशन के तौर पर मजबूत कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश हमारे लिए एक अहम् ग्रोथ मार्केट बना हुआ है, और ये ऑन-ग्राउंड कोशिशें प्रोफेशनल इकोसिस्टम में लंबे समय की पार्टनरशिप्स स्थापित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

# रसूलपुर धौलडी में शिया समुदाय के लोगों ने मनाया कुद्स डे




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलड़ी में रमजान के आखिरी जुमे की नमाज के बाद मौलाना मोहम्मद हुसैन नकवी इमामे जुमा रसूलपुर धौलडी लखनऊ से आए हुए मौलाना मोहम्मद वसीम साहब ने तकरीर की। उन्होंने कहा कि आज कुद्स डे है जो 1997 से हर साल अलविदा जुमे के दिन मनाया जाता है। इस दौरान सब लोगों ने इजराइल मुर्दाबाद, अमेरिका मुर्दाबाद के नारे लगाए और फिलिस्तीन की आजादी के लिए भी समर्थन किया। उन्होंने पूरी मुस्लिम उम्मत से एकजुट होने की अपील की जिससे फिलिस्तीन आजाद हो जाए। आज जिस तरह से अमेरिका ने पूरे देश में हालत कर दिए हैं हम उसका विरोध करते हैं। इस मौके पर जमा काजमी, नजीर हुसैन, इस्लाम शाह, मेहंदी असगर, मोहिब नकवी, युवा नेता सैय्यद तनवीर काजमी, हैदर इस्लाम, कोकब काजमी, नगीन काजमी आरजू काजमी आदि मौजूद रहे।

## सुभारती लॉ कॉलेज में आपराधिक विधि पर आधारित 16वीं मूट कोर्ट प्रतियोगिता आयोजित





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरदार पटेल सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में आपराधिक विधि पर आधारित तीन दिवसीय 16वीं मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन सुभारती लॉ कॉलेज के निदेशक राजेश चंद्र (पूर्व न्यायमूर्ति, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, प्रयागराज) के निर्देशन में तथा प्रो. (डॉ.) रीना बिश्नोई, संकायाध्यक्षा एवं प्रधानाचार्या के संरक्षण में संपन्न हुआ। मूट कोर्ट प्रतियोगिता की शिक्षक समन्वयक डॉ. आफरीन अलमास तथा छात्र समन्वयक ओम ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता में 22 टीमों के 44 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया। प्रारंभिक तथा सेमीफाइनल राउंड में प्रतिभागियों का मूल्यांकन करने के लिए निर्णायक मंडल में संस्थान के पुरातन छात्र-छात्राएं अमन बंसल, आकांक्षा राय, आकांक्षा चौधरी, तनु प्रिया, सृष्टि, ऋषभ, हर्ष यादव, मानसी और शिखा उपाध्याय शामिल रहे। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायकों ने प्रतिभागियों से भारतीय न्याय सं्हिता, किशोर न्याय अधिनियम 2015 तथा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 से संबंधित प्रश्न पूछे। प्रतिभागियों ने अर्नेश कुमार बनाम बिहार राज्य और विशाखा बनाम राजस्थान राज्य जैसे महत्वपूर्ण न्यायिक निर्णयों का हवाला देते हुए अपने पक्ष में प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए। साथ ही प्रतिभागियों ने शक्ति पृथक्करण के सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि न्यायपालिका का कार्य विधायिका द्वारा बनाए गए कानूनों की व्याख्या करना है, न कि उनमें नए प्रावधान जोड़ना।

प्रारंभिक राउंड से ईशा त्यागी व दिया सिंह, इशिका चौहान व राचिका सिंह, आयुष आनंद व प्रेरणा मिश्रा तथा सुमन यादव व देवांश सागर की टीमें सेमीफाइनल में पहुंचीं। सेमीफाइनल राउंड के बाद ईशा त्यागी व दिया सिंह तथा इशिका चौहान व राचिका सिंह ने फाइनल में स्थान बनाया। फाइनल राउंड की सुनवाई के लिए निर्णायक मंडल में अनुराग चौधरी और पार्थ मल्होत्रा शामिल रहे। उन्होंने प्रतिभागियों से भारतीय न्याय संहिता तथा संवैधानिक विधि से जुड़े विभिन्न प्रावधानों पर प्रश्न किए। उत्कृष्ट प्रस्तुति, तर्कशक्ति और प्रभावी बहस के आधार पर ईशा त्यागी और दिया सिंह की टीम को सर्वश्रेष्ठ टीम घोषित किया गया। इस मूट कोर्ट प्रतियोगिता के सफल आयोजन में ओम ठाकुर, सृष्टि, लवी, सना श्री, चेतन, सादिका बंसल तथा जॉर्ज सहित अनेक छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

# शोभित में 'एआई आधारित डिजिटल मार्केटिंग और नवाचारी समाधान' पर कार्यशाला आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी) के स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के सहयोग से 'एआई आधारित डिजिटल मार्केटिंग और नवाचारी समाधान' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बी.टेक और एमबीए के विद्यार्थियों को डिजिटल मार्केटिंग की आधुनिक तकनीकों तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के समन्वित उपयोग से परिचित कराना और उनके व्यावहारिक कौशल को विकसित करना था। वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में डिजिटल साक्षरता और एआई आधारित उपकरणों की बढ़ती महत्ता को ध्यान में रखते हुए यह आयोजन विद्यार्थियों के करियर निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं संसाधन व्यक्तियों के रूप में सम्राट किरण, आयुष चौहान तथा पूजा सोलंकी उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया मार्केटिंग, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन, गूगल विज्ञापन, कंटेंट मार्केटिंग, एफिलिएट मार्केटिंग तथा इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही उन्होंने आधुनिक डिजिटल मार्केटिंग में उपयोग होने वाले विभिन्न एआई आधारित उपकरणों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया और विद्यार्थियों को बिना प्रोग्रामिंग के 'खींचो और छोड़ो' पद्धति के माध्यम से समाधान विकसित करना भी सिखाया। सत्र के दौरान प्रति-क्लिक भुगतान मॉडल तथा डिजिटल युग में फीलांसिंग के माध्यम से आय अर्जित करने के नए अवसरों और संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) संदीप कुमार के मार्गदर्शन में अतिथि विशेषज्ञों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ विद्यार्थियों को वैश्विक मानकों के अनुरूप तैयार करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

कार्यक्रम के संकाय समन्वयक प्रोफेसर (डॉ.) निधि त्यागी तथा सहायक प्राध्यापक अविनव पाठक ने कार्यशाला की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विशेषज्ञों के मार्गदर्शन से विद्यार्थी भविष्य की डिजिटल चुनौतियों का सामना करने के लिए और अधिक सक्षम बनेंगे। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में छात्र समन्वयकों की टीम क्षितिज राज, आदित्य कुमार सिंह, प्रखंड प्रताप सिंह तथा हार्दिक भाटी ने तकनीकी प्रबंधन और समन्वय में सराहनीय योगदान दिया। अंत में सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया तथा संसाधन व्यक्तियों और आयोजन टीम के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# संजय गांधी पीजी कॉलेज के एनएसएस शिविर का उद्घाटन, सेवा और अनुशासन का दिया संदेश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** शुक्रवार को संजय गांधी पीजी कॉलेज, सरूरपुर के तत्वाधान में ग्राम सभा भूनी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना अध्यक्ष गौरव सिंह, कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. रामेंद्र कुमार गुप्ता तथा प्रबंध समिति के सदस्य बृजभूषण त्यागी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. डॉ. रामेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं में सेवा, अनुशासन और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को निस्वार्थ भाव से समाज सेवा के कार्यों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं कॉलेज के प्रोफेसर प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों को अनुशासन में रहकर समाज सेवा करने का महत्व समझाया और सेवा भावना को जीवन में अपनाने की अपील की। प्रबंध समिति के सदस्य बृजभूषण त्यागी ने कहा कि स्वयंसेवकों को जाति और धर्म से ऊपर उठकर समाज के हित में कार्य करना चाहिए तथा आपसी सहयोग और एकता की भावना से समाज के विकास में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस अधिकारी डॉ. जितेंद्र मिश्रा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन अवधेश कुमार ने दिया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. अनीता, डॉ. नीरज, डॉ. रितु, डॉ. मंजिता यादव, डॉ. रजनीश कुमार मिश्रा, प्रशांत कुमार और डॉ. विशाल कुमार चौधरी सहित अन्य शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## ट्रूकॉलर ने भारत में फैमिली प्रोटेक्शन फीचर किया लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ट्रूकॉलर ने पहचान करने के काम से आगे बढ़कर परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठा रहा है, इसके तहत भारत में फैमिली प्रोटेक्शन लॉन्च किया गया है। यह फीचर पहले ही स्वीडन, चिली, मलेशिया और केन्या जैसे कई वैश्विक बाजारों में सफलतापूर्वक शुरू हो चुका है। सिर्फ यह जान लेना कि कौन कॉल कर रहा है, अब पर्याप्त नहीं है। आज असली सवाल यह है कि क्या उस कॉल को उठाना सुरक्षित है, ट्रूकॉलर के सीईओ, ऋषित झुनझुनवाला ने कहा। जैसे-जैसे स्कैम और धोखाधड़ी के तरीके अधिक स्मार्ट और भावनात्मक रूप से लोगों को प्रभावित करने वाले होते जा रहे हैं, वैसे-वैसे सुरक्षा भी केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रह सकती, बल्कि पूरे परिवार तक पहुंचनी चाहिए। भारत में फैमिली प्रोटेक्शन फीचर के साथ हम परिवार के उस सदस्य को सशक्त बना रहे हैं जो डिजिटल रूप से सबसे अधिक जागरूक है, ताकि वह एक सुरक्षा सहारा बन सके और यह सुनिश्चित कर सके कि उसके परिवार और करीबी लोगों को सुरक्षित संचार का लाभ मिल सके।

# डिजिटल युग में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स पर सुभारती विश्वविद्यालय में व्याख्यान आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग, स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में 'डिजिटल युग में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स लाइब्रेरी और लाइब्रेरियन की भूमिका' विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के डॉ. एम. पी. सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को संबोधित किया। अपने व्याख्यान में डॉ. एम. पी. सिंह ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में बौद्धिक संपदा अधिकार का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है। डिजिटल संसाधनों, ई-पुस्तकों, ई-जर्नल्स तथा ऑनलाइन डेटाबेस के व्यापक उपयोग के कारण कॉपीराइट, लाइसेंसिंग तथा सूचना के नैतिक उपयोग से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान देना आवश्यक हो गया है। उन्होंने विद्यार्थियों को कॉपीराइट, प्लेजरिज्म, ओपन एक्सेस तथा डिजिटल संसाधनों के उचित उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में संकायाध्यक्ष डॉ. सुधीर त्यागी ने अतिथि वक्ता का स्वागत करते हुए कहा कि डिजिटल युग में सूचना संसाधनों की उपलब्धता जितनी बढ़ी है, उतनी ही बौद्धिक संपदा अधिकारों की समझ भी आवश्यक हो गई है। ऐसे व्याख्यान विद्यार्थियों और शोधार्थियों को कॉपीराइट, शोध नैतिकता तथा सूचना के जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में डॉ. सपना शर्मा ने प्रो. डॉ. एम. पी. सिंह का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक डॉ. जावेद खान, डॉ. सपना शर्मा, डॉ. अल्पना तथा भावना जोशी सहित अनेक विद्यार्थी और शोधार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

## एक युवक घायल, परिजनों ने शव सड़क पर रखकर लगाया जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** शुक्रवार को लावड़ फलावदा मार्ग पर समसपुर गांव के निकट एक तेज रफ्तार कार ने बाईक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी जिसमें लावड़ निवासी एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि महलका गांव निवासी दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे दौराला सीएससी ले जाया गया जहां गंभीर हालत के चलते उसे मेरठ मेडिकल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया बताया जाता है कि उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार कस्बा लावड़ निवासी गौरव पुत्र राजेंद्र जाटव अपने मामा के लड़के महलका गांव निवासी कुलदीप के साथ बाईक द्वारा लावड़ से महलका जा रहा था जैसे ही वो कस्बे के बाहरी छोर पर समसपुर गांव के निकट पहुंचे तो फलावदा की ओर से आई एक तेज रफ्तार कार नंबर यूपी 17 एच 5970 ने जोरदार टक्टर मार दी जिससे बाईक सवार गौरव पुत्र राजेंद्र निवासी कस्बा लावड़ की मौके पर ही मौत हो गई

**विधायक अतुल प्रधान ने परिजनों को समझाकर खुलवाया जाम**

जबकि महलका गांव निवासी कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस ने एम्बुलेंस बुलाकर घायल कुलदीप को दौराला सीएससी में भेजा जहां से गंभीर हालत के चलते उसे मेरठ मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने कार चालक सर्वेश पुत्र भीकम सिंह निवासी ग्राम बढ़हल थाना दोघट जनपद बागपत को हिरासत में ले लिया।

वहीं मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया सूचना पर लावड़ चौकी व फलावदा पुलिस भी मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाने का प्रयास किया लेकिन परि. जनों ने मृतक के परिवार के एक सदस्य को नौकरी व बीस लाख रुपए आर्थिक मदद की मांग करते हुए शव नहीं उठने दिया।

वहीं सरधना विधायक अतुल प्रधान भी मौके पर पहुंच गए और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान अतुल प्रधान ने मृतक के परिवार के एक सदस्य को नगर पंचायत में नौकरी पर लगवाने व सरकार द्वारा आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया तब जाकर परिजनों ने जाम खोला। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेजा।

**मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था मृतक**

बताया जाता है कि मृतक गौरव पांच भाई बहनों में सबसे बड़ा था वो अविवाहित था उसका एक छोटा भाई और है वो अकेला ही मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण कर रहा था उसके पिता भी बीमार रहते है अब उसके परिवार पर रोजी रोटी का संकट गहरा गया है। उसकी मौत के बाद परिवार व आसपड़ोस में मातम छा गया। उसके परिवार का रो रोकर बुरा हाल था।



परिजनों को समझाते विधायक अतुल प्रधान।

# ट्रांसफार्मर चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

## 10 शातिर चोर दबोचे, भारी मात्रा में सामान बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना सरधना पुलिस और स्वाट टीम देहात ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ट्रांसफार्मरों से कीमती सामान चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 10 शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से विभिन्न स्थानों से चोरी किया गया ट्रांसफार्मर का सामान, चोरी में इस्तेमाल होने वाले औजार तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है।




वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ के निर्देश पर अपराध नियंत्रण और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मेरठ के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी सरधना के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। दिनांक 12/13 मार्च की रात थाना सरधना पुलिस टीम और स्वाट टीम देहात चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने छुर-कालंद रजवाहे के चौराहे से करीब 1:35 बजे 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में जान मोहम्मद पुत्र अख्तर निवासी समर गार्डन लिसाड़ी गेट, इरशाद पुत्र बशीर निवासी उज्जवल गार्डन लिसाड़ी गेट, शहजाद पुत्र शरीफ निवासी न्यू शानदार गार्डन लिसाड़ी गेट, फुरकान पुत्र कल्लू उर्फ इमामुद्दीन निवासी ग्राम अलीपुर हाल निवासी समर गार्डन लिसाड़ी गेट, नौशाद पुत्र इदरीश निवासी श्यामनगर लिसाड़ी गेट, निशार पुत्र दिलशाद निवासी 25 फुटा रोड उज्जवल गार्डन लिसाड़ी गेट, वाहिद पुत्र अनवर निवासी जाकिर कॉलोनी थाना लोहिया नगर, इमरान पुत्र गफूर, यामीन पुत्र मोहम्मद शफी निवासी उज्जवल गार्डन लिसाड़ी गेट तथा अकरम पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी इस्लामनगर फतेहउल्लाहपुर थाना लोहियानगर शामिल हैं।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 05 ट्रांसफार्मर कॉइल, 11 चाबियां, 04 पाना, 01 हथौड़ी, 01 तार कटर, 01 रस्सी बंधा पाना, 01 आरी ब्लेड, 01 रेती, 01 छेनी, 01 प्लास तथा घटना में प्रयुक्त यूपी-14 जीआर 0927 नंबर की काली हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे संगठित गिरोह बनाकर रात के समय जंगलों में लगे ट्रांसफार्मरों को गिराकर उनमें से तांबे की कॉइल, तेल और बिजली के तार चोरी करते थे। चोरी किया गया सामान प्लास्टिक के कटों में भरकर आसपास के गन्ने के खेतों में छिपा देते थे और बाद में मौका देखकर निकालकर चलते-फिरते कबाड़ियों को बेच देते थे। उससे मिलने वाले पैसे को सभी सदस्य आपस में बांट लेते थे।

आरोपियों ने यह भी कबूल किया कि उन्होंने जनवरी माह में ग्राम कालंदी, छबड़िया और कालंद रजवाहा पटरी क्षेत्र में तथा फरवरी माह में मुल्हैड़ा रोड, ग्राम छुर, ईकड़ी, गोटका और अक्केपुर सहित कई स्थानों पर ट्रांसफार्मरों से कीमती सामान चोरी किया था। इसके अलावा 2 मार्च की रात को भी ग्राम छबड़िया और कालंद के ट्रांसफार्मरों से सामान चोरी कर उसे गन्ने के खेत में छिपा दिया था, जिसे बेचने के लिए वे जा रहे थे। पुलिस के अनुसार गिरोह के सदस्य पहले जंगलों में जाकर ट्रांसफार्मरों की रेकी करते थे। इसके बाद योजना बनाकर अलग-अलग टीमों में पहुंचकर ट्रांस्फार्मर गिराते और उनमें से तांबे की कॉइल और अन्य कीमती सामान निकाल लेते थे। एक ही रात में यह गिरोह चार से पांच ट्रांसफार्मरों को निशाना बना लेता था।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी जान मोहम्मद और इरशाद पहले भी मेरठ और आसपास के जिलों में कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं और जेल भी जा चुके हैं। फिलहाल पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम:** प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रताप सिंह, स्वाट टीम ग्रामीण के निरीक्षक डॉ. शैलेश तोमर मय टीम, उपनिरीक्षक विजय चौहान, उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक आलोक कुमार, उपनिरीक्षक राहुल कुमार, उपनिरीक्षक गौरव शर्मा, उपनिरीक्षक प्रदीप द्वितीय, उपनिरीक्षक नितिन सारस्वत, उपनिरीक्षक आदित्य सिंह, उपनिरीक्षक विपिन कुमार, उपनिरीक्षक शिवा उपाध्याय, हेड कांस्टेबल इरशाद सैफी, हेड कांस्टेबल अरविंद कुमार, कांस्टेबल गौतम त्यागी, कांस्टेबल नाजिम, कांस्टेबल सत्यवीर और कांस्टेबल कपिल कुमार शामिल रहे।

# ईद व रामनवमी के मद्देनजर परीक्षितगढ़ पुलिस ने नगर में निकाला फ्लैग मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** परीक्षितगढ़ ईद व रामनवमी को लेकर थाना पुलिस ने नगर में फोर्स के साथ फ्लैग मार्च निकाला। थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही के नेतृत्व में भारी पुलिस फोर्स के साथ नगर में फ्लैग मार्च निकाला। इस मौके पर थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने लोगों से कहा कि ईद व रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं वहीं नवरात्रि का पर्व भी धूमधाम से मनाये। नगर में थाने से मुख्य मार्ग मुख्य बाजार मवाना स्टैंड किठौर स्टैण्ड से थाना परिसर तक निकाला गया। इस मौके पर सभी दरोगा व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# सरधना में पिज्जा दुकान संचालक से मारपीट, तोड़फोड़ और रंगदारी मांगने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना सरधना क्षेत्र में एक पिज्जा दुकान संचालक के साथ मारपीट, तोड़फोड़ और रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने तीन युवकों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

मौहल्ला कमरानवाबान निवासी अजय गुप्ता पुत्र जयनंद गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पांडुशिला रोड स्थित अपनी दुकान 'दा पिज्जा थियेटर' चलाते हैं। आरोप है कि गुरुवार रात करीब साढ़े नौ बजे जब वह दुकान पर बैठे थे, तभी विवेक धामा निवासी ग्राम कुशावली, उमंग निवासी ग्राम कुशावली और अभिषेक सोम निवासी ग्राम भामौरी शराब के नशे में उनकी दुकान पर पहुंचे।

पीड़ित के अनुसार, तीनों आरोपी दुकान पर आते ही गाली-गलौच करने लगे और कथित रूप से बोले कि 'साले बनिया तेरी दुकान अच्छी चल रही है, अगर यहां दुकान करनी है तो हमें प्रोटेक्शन मनी देनी होगी।' जब अजय गुप्ता ने इसका विरोध किया और गाली देने से मना किया, तो आरोपी आगबबूला हो गए।

आरोप है कि इसके बाद तीनों युवकों ने दुकान में जमकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। जब अजय गुप्ता ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और कथित रूप से गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उनके 9 वर्षीय मासूम बेटे अर्शित के साथ भी मारपीट की।

घटना के बाद आरोपी दुकान में तोड़फोड़ और मारपीट करने के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

पीड़ित अजय गुप्ता ने बताया कि उन्होंने उसी रात पुलिस को घटना की सूचना दे दी थी और शुक्रवार सुबह थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ लिखित तहरीर दी है। वहीं, पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज भी देखे जा रहे हैं। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम चितवाना शेरपुर स्थित शताक्षी कॉलिज ऑफ एजुकेशन में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवें दिन पर्यावरण संरक्षण पर कार्यक्रम किया गया। स्वयंसेवकों ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर आकांक्षा शर्मा ने स्वयंसेवकों को बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाए। कालिज के चेयरमैन मोनू तौमर व अध्यक्ष राजेंद्र नागर ने भी स्वयंसेवकों को पर्यावरण बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आव्हान किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह ने शिविर के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. विक्रांत गिरी ने भी संबोधित किया। शिविर में स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल पर पौधे भी लगाए। इस मौके पर सौरव, विनय, हर्ष, मानसी, अनू, पलक, दीपा, वंदना आदि का सहयोग रहा।

# आईएएस बने तक्षशिला स्कूल के पूर्व छात्र हर्ष नेहरा का ढोल नगाड़ों से किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में शनिवार को यूपीएससी की परीक्षा में ऑल इंडिया 74वीं रैंक प्राप्त कर आईएएस बने स्कूल के छात्र हर्ष नेहरा का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर स्कूल पहुंचने पर स्कूल के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह, प्रबंधिका कुसुम रानी, प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा, सभी शिक्षकों व बच्चों ने छात्र से आई.ए.एस बने हर्ष नेहरा का स्कूल में ढोल नगाड़ों से अभिनंदन किया। हर्ष नेहरा अपने आपको उनके पढ़ाने वाले शिक्षकों के बीच पाकर भावुक हो गए। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा की यादों को बच्चें के साथ साझा किया। स्कूल के बच्चों ने हर्ष नेहरा से उनकी तैयारी के बारे में प्रश्न किये जिनके उत्तर हर्ष नेहरा ने खुशी के साथ दिए। हर्ष नेहरा ने बताया कि तक्षशिला के अनुशासन से उन्हें आईएएस बनने की प्रेरणा मिली। हर्ष नेहरा बहादुरपुर के रहने वाले हैं। उनके पिता अजय नेहरा एक किसान तथा माता अनीता नेहरा शिक्षिका हैं। हर्ष नेहरा ने आईएएस बनने की प्रेरणा अपने दादा विक्रम सिंह तथा विद्यालय के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह से प्राप्त की। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह, प्रबंधिका कुसुम रानी, प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा तथा सभी शिक्षकों ने उन्हें आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कस्टमर डे 2026: एयरटेल ने ग्राहकों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपनी संस्कृति को किया और मजबूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एयरटेल ने आज 'कस्टमर डे 2026' मनाया। यह संगठन के भीतर चलाया गया एक व्यापक अभियान है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों की समस्याओं को समझना और उनके अनुभव को लगातार बेहतर बनाना है। इस पहल के तहत एयरटेल के लगभग बीस हजार कर्मचारियों ने अपने कार्यालयों से बाहर निकलकर सीधे फील्ड में काम किया। इनमें नेतृत्व करने वाली टीम के सदस्यों से लेकर विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ शामिल थे। इन कर्मचारियों ने फ्रंटलाइन टीमों के साथ मिलकर काम किया, फील्ड इंजीनियरों के साथ जाकर उनके काम को करीब से देखा, घरों और दुकानों का दौरा किया और रिटेल व सर्विस सेंटरों पर ग्राहकों से बातचीत की। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए एयरटेल इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ शाश्वत शर्मा ने कहा कि कस्टमर डे हमें हमारी जिम्मेदारी की याद दिलाता है कि हम ग्राहकों की बात पूरे ध्यान से सुनें, खुद को लगातार बेहतर बनाने के लिए चुनौती दें और तत्परता के साथ कार्रवाई करें। इससे ग्राहकों को होने वाली समस्याओं को हलकरने, सेवाओं को सरल बनाने और हर दिन लाखों ग्राहकों को दी जाने वाली सेवा के स्तर को लगातार बेहतर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता और मजबूत होती है।


# अलविदा जुमे की नमाज में देश की अमन-शांति के लिए उठे हजारों हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** थाना क्षेत्र में रमजान माह के आखिरी जुम्मे यानी अलविदा जुमे की नमाज अकीदत और शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी और हजारों अकीदमंदों ने देश में अमन, भाईचारे और खुशहाली के लिए दुआ की। ग्राम पांचली बुजुर्ग स्थित बांग्ला मस्जिद में बड़ी संख्या में लोगों ने अलविदा जुमे की नमाज अदा की। नमाज से पहले इमाम मौलाना मुनव्वर ने बयान करते हुए कहा कि रमजान का पवित्र महीना इंसान को सब्र, परहेजगारी और इंसानियत का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि हर मुसलमान को सबसे पहले अपने देश की तरक्की और अमन-शांति के लिए दुआ करनी चाहिए, क्योंकि देश में शांति होगी तो समाज और इंसानियत दोनों सुरक्षित रहेंगे।



मौलाना मुनव्वर ने लोगों को शिक्षा के महत्व पर भी जोर देते हुए कहा कि अपने बच्चों को दीन के साथ-साथ दुनियावी तालीम भी दिलानी चाहिए। उन्होंने हाल ही में आए यूपीएससी परीक्षा परिणाम का जिक्र करते हुए बताया कि इस बार सैकड़ों मुस्लिम युवाओं ने मेहनत और लगन के बल पर आईएएस और आईपीएस जैसी प्रतिष्ठित सेवाओं में स्थान प्राप्त किया है, जो समाज के लिए प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह रास्ता है जिससे समाज तरक्की करता है और नई पीढ़ी देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है इसलिए अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए प्रोत्साहित करें। नमाज के बाद मौलाना मुनव्वर व सभी नमाजियों ने मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी। अलविदा जुमे की नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर आगामी ईद की मुबारकबाद भी दी।



अलविदा जुमे पर शाही जामा मस्जिद में नमाज अदा करते लोग।

## 28 मार्च को विकास भवन में होगी दिशा की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मुख्य विकास अधिकारी/अधिशासी निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, मेरठ नूपुर गोयल ने बताया कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 28 मार्च को अपराहन् तीन बजे से विकास भवन, कचहरी मेरठ में लोकसभा सांसद मेरठ अरूण चंद्रप्रकाश गोविल की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी।

# शहीद स्मारक पर किया पर्यटन विभाग के विकास कार्यो का मंत्री जयवीर सिंह ने किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग उ.प्र. जयवीर सिंह द्वारा शहीद स्मारक दिल्ली रोड पर जनपद मेरठ में पर्यटन विभाग द्वारा कराये जा रहे सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन विकास की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। जिलाधिकारी द्वारा मंत्री का प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। मंत्री द्वारा 96.91 लाख रु. से जनपद मेरठ के ग्राम पांचली में धन सिंह कोतवाल आर्ट गैलरी का निर्माण, 115.26 लाख रु. से वि.स.-सदर में स्थित नौचंदी मंदिर के पर्यटन विकास कार्य, 453.77 लाख रु. से सरधना चर्च का पर्यटन विकास कार्य, 452.57 लाख रु. से जनपद में 1857 के क्रांति स्थलो और मेरठ में शहीद स्मारक का पर्यटन विकास कार्य, 58.10 रु. लाख से विधानसभा क्षेत्र सिवालखास के विकास खंड रोहटा के ग्राम पूठखास में महाभारत कालीन अति प्राचीन पांडेश्वर महादेव मंदिर के पर्यटन विकास कार्य का लोकार्पण



तथा 1504.26 लाख रु. से हस्तिनापुर का समेकित पर्यटन विकास कार्य, 127.56 लाख रु. से परीक्षितगढ़ में स्थित श्रृंगी ऋषि आश्रम का समेकित पर्यटन विकास कार्य, 85.69 लाख रु. से ग्राम गेझा विकास खंड जानी में स्थित गौरखधाम सेवा आश्रम का पर्यटन विकास कार्य, 68.82 लाख रु. से वार्ड नं.-55 फतेहउल्लापुर में स्थित मां ललिता देवी का पर्यटन विकास कार्य, 59.30 लाख रु. से विधानसभा मेरठ शहर में स्थित सिद्धपीठ प्राचीन सती देवी मंदिर के पर्यटन विकास कार्य का शिलान्यास किया गया।

मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र का तेजी से विकास हो रहा है। प्रदेश सरकार पर्यटन स्थलों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण एवं आधुनिक सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है, जिससे प्रदेश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, पौराणिक धरोहरों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है। उन्होने कहा कि पर्यटन के विकास से रोजगार के नए अवसर सृजित होते हैं तथा अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है। प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों को विकसित करने के साथ-साथ पर्यटन सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि प्रदेश में आने वाले पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्राप्त हो सके।

मंत्री ने कहा कि मेरठ की पावन भूमि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। यह भूमि महाभारत कालीन इतिहास, रामायण कालीन परंपराओं तथा भारत की स्वतंत्रता संग्राम की अमर गाथाओं से जुड़ी है। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत भी मेरठ की इसी क्रांतिधरा से हुई थी। उन्होंने कहा कि ऐसे ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण और विकास कर उन्हें पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

उन्होंने कहा कि कुछ ऐसी भी योजनाओ की घोषणा की गई है जिनको इसी वित्तीय वर्ष में स्वीकृति दी जायेगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग जिस योजना का जिस दिन शिलान्यास करता है उसी दिन उसके लोकार्पण की तिथि भी घोषित करता है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कानून एवं शांति व्यवस्था में जीरो टोलरेंस की नीति के तहत कानून व्यवस्था स्थापित है, उसी के अनुक्रम में प्रदेश में औद्योगिक और निवेश का वातावरण बना। उन्होने कहा कि प्रदेश के वे समस्त स्थल जिनके प्रति लोगो का भावनात्मक लगाव है, जिनके प्रति आस्था व श्रद्धा है उन सबको समृद्ध, संवर्द्धन और विकसित कर पर्यटन अवस्थापना सुविधाओ के साथ जोडकर आम लोगों को समर्पित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इन कार्यो से मेरठ के ऐतिहासिक महत्व को और अधिक पहचान मिलेगी तथा पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर राज्मंत्री ऊर्जा डॉ. सोमेन्द्र तोमर, महापौर हरिकान्त अहलूवालिया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गौरव चौधरी, जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह, मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल, विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल, विधायक सिवालखास गुलाम मौहम्मद, एमएलसी अश्वनी त्यागी, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तौगी सहित अन्य संबंधित अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर कल



**स्योहारा।** अवध शुगर मिल द्वारा सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 15 मार्च को किया जाएगा। शिविर शुगर मिल डिस्पेंसरी परिसर में आयोजित होगा। जिसमें मुरादाबाद के अनुभवी और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा हृदय, पेट, दिमाग हड्डी, किडनी, स्त्री रोग सहित विभिन्न बीमारियों की जांच की जाएगी तथा मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया जाएगा। अवध शुगर मिल जीएम सुखबीर सिंह ने बताया कि मिल प्रबंधन क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य को लेकर सदैव गंभीर रहा है। इसी उद्देश्य से हर वर्ष नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कराया जाता है। उन्होंने नागरिकों से शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है। नागरिक सुबह नौ बजे से 11 बजे तक पंजीकरण कराकर शिविर में अपनी जांच करा सकते हैं।

### मस्जिदों में उमड़ी नमाजियों की भीड़



**स्योहारा।** पाक रमजान मुबारक के चौथे जुमे की नमाज नगर व क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में पूरे अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। मस्जिदों में रोजेदारों और नमाजियों की भीड़ देखने को मिली। इस अवसर पर उलेमा ए इकराम ने अपने बयान में रमजान मुबारक के पाक महीने की अहमियत और फजीलत बयान करते हुए रोजा, नमाज, जकात और फितरा अदा करने तथा अल्लाह का ज्यादा से ज्यादा जिक्र करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना सब्र, इबादत, इंसानियत और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का महीना है। इसलिए सभी लोगों को इस पाक महीने में नेक कामों की तरफ ज्यादा से ज्यादा ध्यान देना चाहिए। नमाज के दौरान और उसके बाद रोजेदारों और नमाजियों ने अल्लाह तआला से अपने गुनाहों की माफी, घर-परिवार की सलामती और बरकत के लिए दुआएं मांगी। साथ ही मुल्क में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए तथा पूरी दुनिया में शांति और भाईचारे के कायम रहने की भी खास तौर पर दुआ की गई। नगर की प्रमुख मस्जिदों के साथ-साथ आसपास के गांवों की मस्जिदों में भी बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज अदा की। जुम्मे की नमाज के दौरान नगर की प्रमुख मस्जिदों के आसपास तथा चौराहों पर पुलिस गश्त करती रही।

### मंसूरसराय में विशेष सफाई अभियान



**स्योहारा।** ग्राम मंसूर सराय में त्योहारों को देखते हुए विशेष सकाई अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मौहम्मद आज़म के नेतृत्व में गांव की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गांव की गलियों, नालियों और सार्वजनिक स्थानों की नियमित रूप से सकाई कराई जा रही है, ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। प्रधान प्रतिनिधि मौहम्मद आज़म स्वयं पूरे अभियान की निगरानी कर रहे हैं। उनके निर्देशन में गांव की सड़कों गलियों और नालियों की स्फाई कराई जा रही है। ग्रामीणों कहना है कि मौहम्मद आज़म द्वारा गांव की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। त्योहार से पहले चलाया जा रहा यह सफाई अभियान सराहनीय कदम है। ग्रामीणों ने प्रधान प्रतिनिधि के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि यदि इसी तरह गांव की व्यवस्थाओं पर लगातार ध्यान दिया जाता रहा, तो गांव स्वच्छ और सुंदर बना रहेगा।

### श्री हरि पंचांग का विमोचन




**धामपुर।** अनंत श्री धर्म प्रचार संस्थान द्वारा पिछले सोलह वर्षों से निरंतर प्रकाशित किए जा रहे श्री हरि पंचांग के नवीन संस्करण का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, धर्मप्रेमी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। पंचांग के संपादक प्रकांड पंडित आचार्य डा.दिनेशचंद भारद्वाज ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पंचांग भारतीय सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने बताया कि तिथि, वार, नक्षत्र, योग और करण इन पांच अंगों के समन्वय को ही पंचांग कहा जाता है। ज्योतिष शास्त्र में इन पांचों तत्वों की व्यवस्थित गणना और प्रस्तुति से ही पंचांग का निर्माण होता है, जो धार्मिक अनुष्ठानों, पर्व-त्योहारों और शुभ कार्यों के निर्धारण में मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। आचार्य डा. भारद्वाज ने कहा कि श्री हरि पंचांग पिछले 16 वर्षों से सनातन धर्मावलंबियों को धार्मिक तिथियों, व्रत-पर्व, शुभ मुहूर्त और ज्योतिषीय जानकारी प्रदान करता आ रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह पंचांग समाज में धार्मिक जागरुकता बढ़ाने और सनातन संस्कृति के संरक्षण में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने पंचांग के नए संस्करण का विमोचन करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक ग्रंथ हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने संस्थान द्वारा लगातार किए जा रहे इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला, डा.एनपी सिंह, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष सहयोगी संस्था के रूप में श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के सदस्य भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इनमें अध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, सुनील कुमार, दिनेश राणा, विजय शर्मा, डा.दिनेश सिंह, गौरक्षक गौतम गिरी, शौर्य अत्रि, निकुंज शर्मा, मोती शर्मा, उत्तम भारद्वाज, प्रणब भारद्वाज, कविता भारद्वाज, बबीता त्यागी सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का स्वागत और आभार व्यक्त किया गया तथा पंचांग की प्रतियां उपस्थित लोगों को वितरित की गई।

# गोवर्धनपुर नंगली में अवैध शराब का धंधा

## पुलिस पर मिलीभगत के गंभीर आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** थाना क्षेत्र के ग्राम गोवर्धनपुर नंगली में इन दिनों अवैध शराब का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में करीब चार स्थानों पर धड़ल्ले से शराब बेची जा रही है, जिससे क्षेत्र का माहौल लगातार बिगड़ता जा रहा है और युवाओं पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लंबे समय से अवैध शराब की बिक्री का धंधा चल रहा है। आरोप है कि कुछ लोग अपने घरों और गुप्त ठिकानों से शराब बेच रहे हैं। शाम होते ही इन ठिकानों पर शराब खरीदने वालों की भीड़ लग जाती है। जिससे आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शराबी अक्सर गांव की गलियों में हंगामा और गाली-गलौज भी करते हैं। जिससे ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल बना रहता है। ग्रामीणों ने मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

उनका कहना है कि अवैध शराब की बिक्री की जानकारी स्थानीय पुलिस को होने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की मिलीभगत से ही गांव में अवैध कारोबार खुलेआम चल रहा है। उनका कहना है यदि पुलिस चाहे तो एक ही दिन में इस अवैध धंधे पर पूरी तरह रोक लगाई जा सकती है, लेकिन कार्रवाई न होना कई तरह के सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार हल्का इंचार्ज से भी शिकायत की गई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला और स्थिति जस की तस बनी हुई है। इससे ग्रामीणों में पुलिस के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि अवैध शराब की वजह से गांव का माहौल लगातार खराब हो रहा है। नशे के कारण आए दिन झगड़े-फसाद की स्थिति बन जाती है, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई परिवारों में घरेलू कलह और आर्थिक समस्याएं भी बढ़ रही हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि पुलिस ने जल्द ही इस अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की, तो वे इस मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से करेंगे। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि गांव में चल रहे अवैध शराब के कारोबार की निष्पक्ष जांच कराई जाए और इसमें शामिल लोगों के साथ-साथ लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में कानून व्यवस्था और शांति कायम रह सके।

## परिवार नियोजन को लेकर एएनएम-आशाओ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सीएमओ के निर्देशानुसार मिशन मार्च के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग को मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत जनसंख्या नियंत्रण एवं परिवार नियोजन सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सभी आशा कार्यकत्री, एएनएम और स्वास्थ्य केंद्रों को सक्रिय रूप से कार्य करने को कहा गया है, ताकि जनपद की निर्धारित उपलब्धियां समय पर पूर्ण की जा सकें।

स्वास्थ्य अधिकारियों ने निर्देश दिए हैं कि परिवार नियोजन की सुविधाएं समाज के अंतिम पायदान पर खड़े प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक अनिवार्य रूप से पहुंचनी चाहिए। उन्होंने कहा कि फैमिली प्लानिंग केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। परिवार कल्याण नोडल अधिकारी ने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए विभाग के हर स्तर पर सक्रिय सहयोग और जवाबदेही आवश्यक है।

वहीं एफपीएलएमआईएस प्रबंधक ने कहा कि इस कार्यक्रम की सफलता केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसके लिए जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्य करने की आवश्यकता है। साथ ही सभी नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को पर्याप्त मात्रा में परिवार नियोजन की सामग्री उपलब्ध रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसी क्रम में नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा में आशा कार्यकत्रियों और एएनएम की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मिशन मार्च के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में सभी स्वास्थ्य कर्मियों को परिवार कल्याण से संबंधित आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध कराई गई, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों तक इन सेवाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम में पीएसआई इंडिया का भी सहयोग रहा।

बैठक में चिकित्सा अधिकारी डा. बीके स्नेही और डा. मीनाक्षी सिसोदिया ने एएनएम व आशा कार्यकत्रियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान फार्मासिस्ट वीर सिंह दीपक कुमार स्टाफ नर्स ममता रानी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## छात्राओं ने किया प्रेमधाम आश्रम का भ्रमण



**बिजनौर।** कृष्णा कालेज के गृह विज्ञान विभाग की एम.एस.सी. गृह विज्ञान हयूमन डेवलपमेंट व बी.एस.सी. गृह विज्ञान तृतीय वर्ष की छात्रओं ने प्रेमधाम आश्रम का भ्रमण किया। कसलेज संस्थापक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, लॉ प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां, साइंस प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने प्राध्यापकों व छात्राओं के समूह को प्रेमधाम आश्रम के लिए रवाना किया। गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने प्रेमााम आश्रम में दिव्यांग एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ बच्चों का हाल जाना और यहां के डा. थामस व विजय कुमार तथा अन्य कर्मचारीगणों के द्वारा गृह विज्ञान विभाग की विभागधयक्ष डा. शालिनी शर्मा व सहायक प्रवक्ता प्रीति चौहान, मुक्ता चौधरी, ज्योति चौहान व सायमा खानम का स्वागत किया गया। गृह विज्ञान विभाग के समस्त विद्यार्थियों ने समस्त दिव्यांगो और मानसिक रुप से अस्वस्थ बच्चों के लिए आश्रम प्रबंधन द्वारा दी गई व्यवस्थाओं को जाना। विजय कुमार ने जानक. ारी दी कि बच्चों के मेडिकल की सुविधा आश्रम में होने के साथ-साथ फिजियोथेरेपी एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए जानकारी दी तथा उन्होंने बताया कि यहां पर बच्चों को योग, खेलकूद, संगीत और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलता है, जिससे आत्मविश्वास बढ़ता है। आश्रम के संचालकों का कहना है कि उनका और उन्हे उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना व समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए तैयार करना है। इस सेवा काम में स्थानीय लोगों और समाज सेवियों का भी सहयोग मिल रहा है।

# गैस की किल्लत की अफवाह पर प्रशासन सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि क्षेत्र में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। उपभोक्ताओं को नियमित रूप से सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है। साथ ही जमाखोरी और कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार तहसील सभागार में एसडीएम एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में गैस एजेंसी संचालकों और आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र की सभी गैस एजेंसियों के स्टॉक की समीक्षा की गई, जिसमें यह सामने आया कि एजेंसियों के पास पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं।



### कालाबाजारी और जमाखोरी पर होगी कार्रवाई

बैठक के दौरान प्रशासन ने गैस एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया कि वे उपभोक्ताओं को समय से गैस सिलेंडर की डिलीवरी सुनिश्चित करें और किसी भी स्थिति में जमाखोरी या अनियमितता न होने दें। यदि किसी एजेंसी या व्यक्ति द्वारा गैस सिलेंडर की कालाबाजारी या जमाखोरी की शिकायत मिलती है, तो उसके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन ने एजेंसी संचालकों से यह भी कहा कि वे अपने उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी कराएं। इसके लिए एजेंसियों पर विशेष काउंटर खोलकर उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी कराई जाएगी, ताकि भविष्य में गैस वितरण में किसी प्रकार की समस्या न आए।

इसी दौरान आपूर्ति विभाग की टीम द्वारा नगर क्षेत्र में कई पेट्रोल पंप और अन्य स्थानों पर निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान एक स्थान पर घरेलू गैस सिलेंडर पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति को कड़ी चेतावनी दी गई और भविष्य में ऐसी स्थिति मिलने पर सख्त कार्रवाई की बात कही गई।

प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे गैस की कमी को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और बुकिंग के दो से तीन दिनों के भीतर उपभोक्ताओं को सिलेंडर की डिलीवरी सुनिश्चित की जा रही है।

# गुलदार की दहशत: वन विभाग ने मटौरामान में पिंजरा लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम मटौरा मान में मादा गुलदार की सक्रियता से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। गन्ने के खेत में गुलदार के तीन शावक मिलने के बाद मादा गुलदार को भी इलाके में बार-बार देखा जा रहा है। ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वन विभाग ने पिंजरा लगा दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार गुरुवार को गांव के हितेश्वर सिंह के गन्ने के खेत में गुलदार के तीन शावक मिले थे। जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया था। शावकों की तलाश में मादा गुलदार की लगातार मौजूदगी के कारण ग्रामीणों का खेतों में जाना मुश्किल हो गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, वन विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई की। आज प्रभावित क्षेत्र में एक पिंजरा स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य मादा गुलदार को सुरक्षित रूप से पकड़ना है।



पिंजरा लगाने के साथ ही वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ एक बैठक की। इस दौरान उन्हें सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई और कई सावधानियां बरतने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को अकेले खेतों में न जाने, बल्कि हमेशा समूह में जाने की सलाह दी। उन्हें खेतों में काम करते समय तेज आवाज में गाने चलाने या आपस में बात करते रहने को कहा गया, ताकि जानवरों को आहट से दूर भगाया जा सके। बच्चों को किसी भी स्थिति में अकेले घर से बाहर या खेतों के पास न जाने देने की हिदायत दी गई। आत्मरक्षा के लिए हमेशा एक मजबूत लाठी साथ रखने को कहा गया।

डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। मादा गुलदार अपने शावकों की वजह से अधिक आक्रामक हो सकती है, इसलिए पिंजरा लगा दिया गया है और टीम लगातार क्षेत्र में निगरानी कर रही है।

### हाथों पर पट्टी बांधकर आतंकवाद का विरोध

**कोतवाली देहात।** शिया समुदाय द्वारा जुमे की नमाज के बाद यौमे कुद्स दिवस के मौके पर आतंकवाद का विरोध किया गया। शिया समुदाय के लोगों हाथों पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया तथा राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम नगीना को भेजा।

जुमे की नमाज के बाद शिया समुदाय लोग मौहल्ला सादात स्थित शिया जामा मस्जिद में एकत्र हुए। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि इस वक्त दुनिया के ज्यादातर देश किसी न किसी तरह के आतंकवाद से पीड़ित है। फिलिस्तीन पर अमेरिका व इजरायल द्वारा बमबारी की जा रही है तथा मस्जिदे अलअक्सा पर भी अत्याचार किया जा रहा है। अमेरिका में इजरायल द्वारा संपूर्ण विश्व में फैलाए जा रहे आतंकवाद के कारण किसी भी देश की संप्रभुता को खतरा हो सकता है। उन्होंने इजरायल द्वारा ईरान के सुप्रीम लीडर सैयद अली खामेनेई व उनके परिवार की हत्या की घोर निंदा करते हुए आक्रोश व्यक्त किया।

## एक नजर

### गन्ना उत्पादन बढ़ाने के दिए सुझाव



**नांगल सोती।** उत्तम शुगर मिल बरकतपुर के मिल अधिकारियों ने ग्राम दयालवाला के नारायण पब्लिक स्कूल में किसान गोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें क्षेत्र के लगभग 200 किसानों ने भाग लिया। इस दौरान मिल मालिक के पुत्र जय अदलखा ने किसानों को संबोधित करते हुए गहरी जुताई, भूमि शोधन, बीज शोधन, गन्ने की पौध और लाल सड़न रोग के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए उनके निस्तारण के बारे में बताया। इसके साथ ही उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि सभी किसान समय से गन्ने की ट्रेंच विधि से बुवाई करे ताकि अधिक पैदावार की जा सके। इसके साथ मिल के संयुक्त अध्यक्ष ने बताया कि किसान मिल द्वारा स्वीकृत गन्ना प्रजाति की ही बुवाई करे, रोगग्रस्त गन्ना प्रजाति 0238 की बुवाई कदापि न करे। इसके साथ ही उन्होंने पेड़ी के गन्ने की देखभाल करने की जानकारी साझा की। गोष्ठी के बाद मिल अधिकारियों ने किसानों के साथ मिल के गन्ना क्षेत्र का भ्रमण किया और वैज्ञानिक विधि से गन्ने की बुवाई करके किसानों को दिखाई। मिल के संयुक्त अध्यक्ष ने लाल सड़न रोग में बारे में किसानों चर्चा की, रोग लगने पर समय रहते मिल को अवगत करा उपयुक्त कीटनाशक का इस्तेमाल करने की सलाह दी। इस दौरान अधिशासी निदेशक एस.एल. शर्मा, गन्ना महाप्रबंधक विकास पुंडीर, नम्रता पांडे, कुलदीप सिंह, चांदवीर सिंह, अजय बालियान, नीरज कुमार। साधुराम सिंह, राजेश प्रधान, शिवकुमार, हेमेंद्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, महिपाल सिंह, नरेश कुमार,ज्वाला सिंह आदि किसान और मिल अधिकारी मौजूद थे।

### पति को तलाश करने की गुहार



**अफजलगढ़।** ग्राम माननगर निवासी ललिता देवी पत्नी दिनेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति दिनेश कुमार (22 वर्ष) पुत्र थम्मन सिंह काशीपुर उत्तराखंड में किराए के मकान पर रहता था। नौ मार्च को चतरपुर से फोन लेने के लिए आए थे। रात करीब नौ बजे फोन पर उससे बात हुई, लेकिन दस मार्च की सुबह जब फोन किया तो उनका मोबाइल बंद आ रहा था। शंका होने पर काशीपुर दिनेश कुमार के कमरे पर जाकर देखा, तो कमरे के बाहर बाइक खड़ी थी और कमरे पर ताला लगा हुआ था। मोबाइल लगातार स्विच ऑफ आ रहा है। ललिता देवी ने पुलिस में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करा कर पति को तलाश करने की गुहार लगाई है।

### वीकेआईटी में पुण्यतिथि मनाई




**बिजनौर।** वी.के.आई.टी. ग्रुप ऑफ कॉलेज में आज कॉलेज के संस्थापक ए.के. सिंह के पिताजी स्व. श्री वीर सिंह की 14वीं पुण्यतिथि मनायी गई। कॉलेज के संस्थापक ए.के. सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक सिंह एवं उपस्थित सभी ने स्व. वीर सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। ए.के. सिंह ने बताया कि कैसे आज तक उनके पिताजी का आशीर्वाद उनके साथ चलता आ रहा है और उन्ही के विचारों से प्रेरित होकर उन्होंने सन् 2008 में कुंवर कली एजुकेशन ट्रस्ट की स्थापना की ताकि इसके जरिये शिक्षा के प्रति उनके विचारों को जन-जन तक पहुचाया जा सके। अन्त में उपस्थित सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें भावपूर्ण श्रृद्धाजंलि दी।

### पटाखेबाज बुलेट सवारों पर कार्यवाही की मांग

**स्योहारा।** नगर में पटाखा छोड़ने वाली बुलेट का शोर बढ़ता जा रहा है। जिससे आम नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर बाजारों और रिहायशी इलाकों में कुछ युवक तेज रफ्तार से बुलेट बाइक चलाते हुए तेज आवाज में पटाखे जैसी आवाज निकाल कर माहौल को शोरगुल से भर देते हैं। नगरवासियों का कहना है कि इस तरह की हरकतों से जहां एक तरफ बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को दिक्कत होती है, वहीं दूसरी तरफ अचानक तेज आवाज होने से लोग घबरा भी जाते हैं। नागरिकों ने पुलिस प्रशासन अभियान चलाकर ऐसे बुलेट बाइक सवारों सबक सिखाने की मांग की है।

### दुर्गा विहार कॉलोनी में जलभराव



**धामपुर।** दुर्गा विहार कॉलोनी, त्रिवेणी ब्लॉक के निवासियों ने जल निकासी की समस्या को लेकर एसडीएम को प्रार्थना पत्र सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि नाली में अवरोध लगाए जाने के कारण पानी की निकासी रुक गई है, जिससे क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि पिछले कई वर्षों से कॉलोनी का पानी इसी मार्ग से निकलता रहा है, लेकिन हाल ही में कुछ लोगों द्वारा नाली को जगह-जगह बंद कर दिया गया है। इसके चलते कॉलोनी की सड़कों और आसपास के क्षेत्रों में पानी भरने लगा है। जिससे गंदगी और बदबू फैल रही है तथा संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। कॉलोनी के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल हस्तक्षेप करते हुए नाली को खुलवाया जाए, ताकि पानी की निकासी सुचारु रूप से हो सके और लोगों को हो रही परेशानी से राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने स्थायी समाधान के लिए तालाब के खसरा नंबर 251 में पक्का नाला निर्माण कराने की भी मांग की है। कॉलोनीवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से जनहित में शीघ्र कार्रवाई करने की अपील की है।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
सलमान अलीमुद्दीन
युवा समाजसेवी
ग्राम मानियावाला
ब्लॉक-अफजलगढ़



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
( ठेकेदार )
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर



# सर्किट हाउस में हुआ जनसुनवाई का आयोजन, महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने सुनीं शिकायतें




**मुरादाबाद।** महिलाओं से जुड़े उत्पीड़न और पारिवारिक विवादों के मामलों के त्वरित समाधान के उद्देश्य से दिल्ली रोड स्थित सर्किट हाउस में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने घरेलू हिंसा, पारिवा. रिक विवाद और उत्पीड़न से जुड़े मामलों को आयोग के समक्ष रखा। आयोग की सदस्य संगीता जैन ने प्रत्येक मामले को विस्तार से सुना और अधिकारियों से मामले की वस्तुस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय या उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान महिलाओं से जुड़े विभिन्न मामलों में कुल तीन शिकायतें प्राप्त हुईं। आयोग की सदस्य ने संबंधित विभागों और पुलिस अधिकारियों को इन शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि महिलाओं को न्याय दिलाना सरकार और प्रशासन की प्राथमिकता है। संगीता जैन ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि महिलाओं से जुड़े मामलों में संवे. दनशीलता के साथ काम किया जाए और पीड़ितों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी महिला को न्याय पाने में कठिनाई होती है तो वह सीधे महिला आयोग से संपर्क कर सकती है।इस दौरान प्रशासनिक और पुलिस विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने आयोग को आश्वस्त किया कि सभी मामलों की जांच कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जनसुनवाई के माध्यम से पीड़ित महिलाओं को अपनी बात रखने और त्वरित समाधान पाने का अवसर मिला।

# नवरात्रि संपन्न कराने के लिए पांच अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

## सफाई और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

**कांठ ( शाह टाइम्स )** नवरात्रि 19 मार्च को शुरू होने वाले हैं और यह 26 मार्च को रामनवमी के साथ ही संपन्न होंगे। नवरात्रों को संपन्न कराने की जिम्मेदारी एसडीएम ने तहसीलदार नायब तहसीलदार कांठ नायव तहसीलदार छजलैट सहायक विकास अधिकारी पंचायत और खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपी है जारी निर्देश में उन्होंने कहा कि इस पर्व पर मंदिर घरों में हिंदुओं द्वारा देवी पूजन एवं पाठ आदि के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं मंदिरों में अधिकतम महिलाएं पूजा अर्चना करने जाती हैं इस दौरान उनके मार्ग में छेड़छाड़ व अन्य अपराध की संभावना होती है नवरात्रि के दौरान विगत वर्षों की भांति जुलूस शोभायात्रा मेले आदि का आयोजन भी होता है। दोपहर से देर रात तक जुलूस शोभा यात्रा आदि निकाली जाती रही है इनको संपन्न कराने के दौरान अत्यधिक सतर्कता व पुलिस व्यवस्था आवश्यक होती है।

ताकि किसी व्यक्ति के द्वारा छोटी घटना को लेकर लोगों की भावनाओं को भड़काकर कानून व्यवस्था तथा आपसी सांप्रदायिक सौहार्द को प्रभावित न कर सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करते हुए नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ-साथ अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कांठ उमरी कला एवं खंड विकास अधिकारी को भी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में पडने वाले मंदिरों को जाने वाले मार्गों की मरम्मत सफाई व्यवस्था एवं प्रकाश व्यवस्था हेतु निर्देशित किया है। बिधुत उपखंड अधिकारी कांठ और अगवानपुर को भी ग्रामीण क्षेत्र में पड्ने वाले मंदिरों को जाने वाले मार्गों पर समुचित प्रकाश व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया है। इसके अलावा प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ उमरी कला छजलैट को भी निर्देश दिए हैं की आकस्मिक दुर्घटना के समय सहायता करने के लिए 19 मार्च से 26 मार्च के लिए संबंधित मार्गो पर एंबुलेंस व चिकित्सा टीम लगाई जानी चाहिए उन्होंने एंबुलेंस का नंबर चिकित्सा टीम के प्रभारी व चालक का नाम और मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराने के लिए कहा है उन्होंने निर्देशित किया की शोभा यात्रा आदि मार्गो में यदि कोई विवाद है या कोई परेशानी है तो उसका समय रहते निस्तारण कराए1 और स्थल का नजरी नक्शा बनाकर उप जिलाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करें।

# दूध का कारोबार करने के लिए लेना होगा लाइसेंस अन्यथा होगी कार्रवाई

कांठ (शाह टाइम्स)देश भर में दूध और डेरी उत्पादों में बढ़ती मिलावट की खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण शिकायतों को देखते हुए भारतीय (एफएसएआइ) ने दूध उत्पादन और उसकी बिक्री के लिए लाइसेंस अनिवार्य कर दिया है। अब कोई भी व्यक्ति या संस्था बिना उचित पंजीकरण या लाइसेंस के दूध का कारोबार नहीं कर सकेगी। डेरी सहकारी समितियों के सदस्यों को लाइसेंस नहीं लेना होगा यानी जो किसान या पशुपालक किसी रजिस्टर्ड सहकारी समिति से जुड़े हैं और उन्हें दूध देते हैं, उन्हें व्यक्तिगत रूप से अलग लाइसेंस लेने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके लिए एफएसएआइ ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य खाद्य आयुक्तों को एडवाइजरी जारी की है। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की चेता. वनी भी दी गई है। एफएसएआइ ने बताया कि कुछ दूध उत्पादक और दूध विक्रेता खुद को पंजीकृत किए बिना या लाइसेंस लिए बिना कारोबार कर रहे हैं। इसके लिए राज्य के खाद्य आयुक्तों से कहा गया है कि पंजीकरण-लाइसेंसिंग की जरूरतों का सख्ती से पालन किया जाए। नियमों का उल्लंघन करने के मामलों में कार्रवाई हो सकती है।

# टीएमयू में दीक्षांत समारोह आज, अभिनंदन को सजा भव्य पंडाल

## डीएम अनुज सिंह, एसएसपी सतपाल अंतिल के संग कुलाधिपति सुरेश जैन ने लिया दीक्षांत समारोह- 2026 की तैयारियों का जायजा

## एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, ग्रुप वाइस चेयरमैन मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन की भी रही मौजूदगी

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के 14 मार्च को होने वाले दीक्षांत समारोह- 2026 की तैयारियां मुकम्मल हो गई हैं। मेहमनों के अभिनंदन के लिए भव्य पंडाल सजकर तैयार है। मुरादाबाद के आला अफसरों- डीएम श्री अनुज सिंह, एसएसपी श्री सतपाल अंतिल के संग कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने दीक्षांत समारोह- 2026 की तैयारियों का आज शाम जायजा लिया। इस मौके पर एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन की भी मौजूदगी रही। इन अफसरों ने आला प्रबंधन से मेहमानों के आगमन से लेकर प्रस्थान तक के बंदोबस्त को समझा। उल्लेखनीय है, दीक्षांत समारोह में स्वास्थ्य एवम् परिवार कल्याण और रसायन एवम् उर्वरक मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री श्री जेपी नड्डा बतौर मुख्य अतिथि आ रहे हैं।



श्री नड्डा के अलावा यूपी के उप मुख्यमंत्री एवम् चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण मंत्री श्री ब्रज. ेश पाठक, यूपी के वित्त मंत्री श्री सुरेश खन्ना, निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह भी दीक्षांत समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। ये मेहमान 36 रिसर्च स्कॉलर्स को पीएचडी के अलावा 108 गोल्ड, 105 रजत और 98 ब्रांज मेडल्स देकर स्टुडेंट्स को सम्मानित करेंगे। समारोह में कुल 6,041 स्टुडेंट्स डिग्री से अलंकृत किए जाएंगे।ये अतिथि पूर्वाह्न 10:30 बजे कैंपस पहुंचेंगे और करीब तीन घंटे रूककर समारोह में स्टुडेंट्स को डिग्री और मेडल्स वितरण के संग अपना मंगल आशीर्वाद देंगे। अतिथियों के स्वागत के लिए कैंपस में चौतरफा होर्डिंग्स सज गए हैं। यूनिवर्सिटी में जगह-जगह पंडालों के माध्यम से स्टुडेंट्स नृत्य और लोकगीतों के जरिए विभिन्न राज्यों की संस्कृति प्रस्तुत करेंगे।

## एक नजर



### वाहन से टकराकर बेसहारा गाय की मौत, कराया अंतिम संस्कार

**कांठ ( शाह टाइम्स )** वाहन से टकराकर बेसहारा गाय की मौत हो गई सूचना मिलने पर गौ सेवक मोके पर पहुंचे और गाय का अंतिम संस्कार कर दिया गौ सेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा ने बताया कि उन्हें गढी में धर्म कांटे के पास रात 9:00 बजे एक बेसहारा गाय के मरे पड़े रहने की सूचना मिली थी।

इसकी जानकारी मिलते ही उन्होंने डॉक्टर आदित्य गोयल को इसकी सूचना दी और अधिकारियो को भी अवगत कराया पशुपालन विभाग के चिकित्सक मौके पर पहुंचे बताया गया कि गाय रात्रि 9:00 बजे किसी गाड़ी से टकराकर घायल हुई थी उसके बाद इसकी कोई सूचना नहीं दी गई और रात्रि में दूसरी गाड़ी से टक्कर लगने के बाद इसकी मौत हो गई बाद में जेसीबी मंगा कर गाय का अंतिम संस्कार कराया गया।

### अलविदा जुमे को दुआओं के लिए उठे हजारों हाथ



**कांठ( शाह टाइम्स )** अलविदा जुमे पर आज क्षेत्र की मस्जिदों में नमाज अदा की गई और दुआओं के लिए हजारों हाथ उठे आज रमजान के महीने का आखिरी जुम्मा था जिस पर मस्जिदों में बड़ी संख्या में हर बार की तरह ही नमाजी पहुंचे और शांतिपूर्ण वातावरण में नमाज अदा की इसके बाद उन्होंने देश और समाज की तरक्की के लिए दुआ की अलविदा जुम्मे को लेकर एक दूसरे को बधाई भी दी गई। पुलिस ने जगह-जगह तैनात रहकर नमाज शांतिपूर्वक संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई हालांकि लोगों का यह भी मानना था कि यदि ईद अगले शनिवार को होती है तो अलविदा जुम्मा अगले सप्ताह का माना जाएगा कुल मिलाकर आज सभी ने अलविदा जुम्मा मानकर ही नमाज अदा की और एक दूसरे को बधाई दी।

### नौ साल के बच्चों ने रोजा रख कर अदा की नमाज

**कांठ( शाह टाइम्स )** आस्था का संचार किसके अंदर कब हो जाए यह किसी को पता नहीं होता लेकिन जब भी ऐसा कुछ होता है लोगों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर होना पड़ता है ऐसा ही नजारा कांठ में



देखने को मिला हाजी मोहम्मद रिजवान के दो बच्चे इब्राहिम और अब्दुल रहमान की उम्र 9 वर्ष है जबकि हाजी इंतखाब आलम के पुत्र आहिल आलम की उम्र भी 9 साल ही है तीनों बच्चों ने आज रोजा रखकर अलविदा जुमे की नमाज अदा की। हमउम्र के तीन बच्चों द्वारा रोजा रखने और नमाज अदा करने पर लोगों ने आश्चर्य व्यक्त किया है।

### अनजान युवक को स्कूल में घुसने पर किया पुलिस के हवाले माफी मांगने पर छोड़ा

कांठ(शाह टाइम्स) अनजान युवक को स्कूल में घुसने पर अध्यापिका और मोहल्ले वालों ने पुलिस के हवाले कर दिया बाद में युवक के माफी मांगने पर मामला रफा दफा हो गया। बताया गया की मुख्तियारपुर नवादा गांव के स्कूल में एक युवक दो दिन से जा रहा था बच्चों ने यह बात बताई तो अनजान युवक देखकर मोहल्ले वालों को शक हो गया आज युवक जैसे ही स्कूल पहुंचा तो मोहल्ले के लोग और स्कूल के स्टाफ ने उन्हें पकड़ लिया सूचना देकर डायल 112 को बुलाया गया पुलिस आई तो पूछताछ में पता चला कि युवक कहीं बाहर का रहने वाला हैं और तीन-चार दिन पहले ही गांव आया था और किसी ग्रामीण के यहां काम कर रहा था पुलिस युवक को थाने भी ले गई लेकिन उसके गलती मानने और अनजाने में स्कूल में पानी पीने के लिए जाने की बात कहने पर पुलिस ने उसे छोड़ दिया। घटनाक्रम की जानकारी लेने पर पहले तो स्कूल की प्रधान अध्यापिका भड़क गई लेकिन बाद में बताया कि अनजान युवक होने के कारण उस पर संदेह हुआ था इसलिए पुलिस भी बुलाई गई थी। लेकिन युवक की गलती मानने के बाद मामला खत्म हो गया।

# विधायक ने लोगों की समस्याएं सुनकर दिलाया समाधान का भरोसा

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने आज कांठ समाजवादी पार्टी कार्यालय पर लोगों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान का भरोसा दिलाया ग्रामीण इलाकों से आए लोगों ने सड़क बिजली पानी राशन पेंशन आवास आदि समस्याएं उनके सामने रखी जिनका उन्होंने निस्तारण कराने का भरोसा दिलाया उन्होंने कहा कि जनता के हितों की रक्षा के लिए वह सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव अधिक दूर नहीं है इसलिए सभी कार्यकर्ता अभी से चुनाव की तैयारी में जुट जाएं गांव-गांव घर-घर जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों विचारधारा और जनहित कार्य योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम करें। भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर उन्होंने प्रहार करते हुए कहा कि वर्तमान समय में आम जनता महंगाई बेरोजगारी और अव्यवस्था से परेशान है रसोई गैस के सिलेंडरों की कमी के कारण कई स्थानों पर लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है बताया कि सरकार केवल प्रचार का काम कर रही है जबकि जमीनी स्तर पर आम लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है उन्होंने कार्यकर्ताओं से एक जु जुटता और मेहनत के साथ संगठन को मजबूत किए जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव कार्यालय प्रभारी अमजद अली भूरे खान सकलेन खान अंजार चौधरी मुजीब शाहिद नवाब अली डॉक्टर दानिश अंसारी आदि मौजूद रहे।



# नवरात्रि संपन्न कराने के लिए पांच अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** नवरात्रि 19 मार्च को शुरू होने वाले हैं और यह 26 मार्च को रामनवमी के साथ ही संपन्न होंगे। नवरात्रों को संपन्न कराने की जिम्मेदारी एसडीएम ने तहसीलदार नायब तहसीलदार कांठ नायव तहस. ीलदार छजलैट सहायक विकास अधिकारी पंचायत और खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपी है जारी निर्देश में उन्होंने कहा कि इस पर्व पर मंदिर घरों में हिंदुओं द्वारा देवी पूजन एवं पाठ आदि के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं मंदिरों में अधिकतम महिलाएं पूजा अर्चना करने जाती हैं इस दौरान उनके मार्ग में छेड़छाड़ व अन्य अपराध की संभावना होती है नवरात्रि के दौरान विगत वर्षों की भांति जुलूस शोभायात्रा मेले आदि का आयोजन भी होता है। दोपहर से देर रात तक जुलूस शोभा यात्रा आदि निकाली जाती रही है इनको संपन्न कराने के दौरान अत्यधिक सतर्कता व पुलिस व्यवस्था आवश्यक होती है। ताकि किसी व्यक्ति के द्वारा छोटी घटना को लेकर लोगों की भावनाओं को भड़काकर कानून व्यवस्था तथा आपसी सांप्रदायिक सौहार्द को

**सफाई और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश**

प्रभावित न कर सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करते हुए नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ-साथ अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कांठ उमरी कला एवं खंड विकास अधिकारी को भी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में पडने वाले मंदिरों को जाने वाले मार्गों की मरम्मत सफाई व्यवस्था एवं प्रकाश व्यवस्था हेतु निर्देशित किया है। बिधुत उपखंड अधिकारी कांठ और अगवानपुर को भी ग्रामीण क्षेत्र में पड्ने वाले मंदिरों को जाने वाले मार्गों पर समुचित प्रकाश व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया है। इसके अलावा प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ उमरी कला छजलैट को भी निर्देश दिए हैं की आकस्मिक दुर्घटना के समय सहायता करने के लिए 19 मार्च से 26 मार्च के लिए संबंधित मार्गो पर एंबुलेंस व चिकित्सा टीम लगाई जानी चाहिए उन्होंने एंबुलेंस का नंबर चिकित्सा टीम के प्रभारी व चालक का नाम और मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराने के लिए कहा है।

उन्होंने निर्देशित किया की शोभा यात्रा आदि मार्गो में यदि कोई विवाद है या कोई परेशानी है तो उसका समय रहते निस्तारण कराए1 और स्थल का नजरी नक्शा बनाकर उप जिलाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करें।

# कुत्ते व बंदर बना रहे लोगों को रोजाना शिकार

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** क्षेत्र में आवारा कुत्तों,बंदरों ने पिछले तीन माह में सैकड़ो लोगों को अपना शिकार बनाया है इन लोगों का उपचार साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा हैस कुत्तो ने बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों को काटकर घायल कर दिया। सभी ने सीएचसी पहुंचकर एंटी रैबीज वैक्सीन की पहली डोज लगवाई है।नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों और बंदरों का आतंक कम नहीं हो रहा है। यह महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को काटकर घायल कर रहे हैं। पिछले दिनों नगर पंचायत ने बंदरों को पकड़वाने के लिए अभियान चलवाया था, लेकिन 250 बंदरों को पकड़ने के बाद ही इसे बीच में रोक दिया गया। जिसका परिणाम है कि बंदर हमलावर हो रहे हैं।नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों के झुंड भी घूम रहे हैं। स्कूलों को जाने वाले मार्गों पर भी कुत्ते दिखाई दे रहे हैं और यह बच्चों को काटकर उन्हें घायल भी कर रहे हैंस शासन के निर्देश के बाद भी नगर में कुत्तों को पकड़ने की कोई व्यवस्था नहीं की गई हैस जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में शांत बैठे हैं।

# एनकेबीएमजी कॉलेज के एनएसएस शिविर का समापन

## छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोहा मन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के एनकेबीएमजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह एवं संकल्प दिवस प्राथमिक विद्यालय करेला, चन्दौसी में उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का



संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल और डॉ. प्रियंका के निर्देशन में किया गया। समापन समारोह में प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्य पंकज शर्मा मुख्य अतिथि, संगीता भार्गव विशिष्ट अतिथि तथा मिस कविता अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अलका रानी अग्रवाल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या द्वारा माँ शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न रंगा. रंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। ईशा रस्तोगी, भावना आर्य, दीक्षा, तमन्ना वार्ष्णेय, शिवानी भारती, मानवी सिंह, समीक्षा, कोमल, नेहा, प्रिया, प्रिया बघेल, कुमकुम गंग. वार, वंशिका रस्तोगी, सपना, भावना और साक्षी उपाध्याय सहित अन्य छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, देशभक्ति गीत, राजस्थानी नृत्य, मसाने की होली, भगवान शिव की स्तुति पर आधारित नृत्य तथा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि पंकज शर्मा ने अपने संबोधन में स्त्री शिक्षा और लिंग समानता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लड़कियों को शिक्षा के प्रति जागरूक होना होगा, तभी वे अपने अधिकारों को पूरी तरह प्राप्त कर सकेंगी। विशिष्ट अतिथि संगीता भार्गव ने भी छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान देने की प्रेरणा दी और कहा कि एनएसएस जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अति विशिष्ट अतिथि मिस कविता ने मधुर गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्राचार्या प्रो. अलका रानी अग्रवाल ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया। स्वयंसेविकाओं द्वारा बनाए गए हैंडीक्राफ्ट का मूल्यांकन अति विशिष्ट अतिथि कविता द्वारा किया गया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए शिविर की आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की शिक्षिकाओं, कर्मचारियों तथा सीता और मुकेश का विशेष सहयोग रहा।

# एसएम कॉलेज के एनएसएस 7 दिवसीय शिविर का समापन

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज, चन्दौसी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कौशल विकास हेतु युवा विषय के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का सातवां और अंतिम दिन ग्राम देवरखेड़ा स्थित राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर में सम्पन्न हुआ। शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष कुमार पांडेय के संयोजन में किया गया। अंतिम दिन शिविर की शुरुआत स्वयंसेवकों द्वारा शिविर स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाकर की गई। इसके बाद स्वयंसेवकों ने गांव में रैली निकाल. कर ग्रामवासियों को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक किया। रैली के माध्यम से लोगों को पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों के स्थान पर गैर पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों, विशेषकर सौर ऊर्जा के अधिक से अधिक उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र को समापन सत्र के रूप में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता एस.एम. कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दानवीर सिंह यादव ने की। अपने संबोधन में




उन्होंने कहा कि विश्व में पारंपरिक ऊर्जा स्रोत सीमित हैं, जबकि बढ़ती जनसंख्या के कारण ऊर्जा की खपत लगातार बढ़ रही है। ऐसे में गैर पारंपरिक ऊर्जा स्रोत भविष्य की अनिवार्य आवश्यकता बन चुके हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे इन ऊर्जा स्रोतों के प्रति लोगों को जागरूक करें और अपनी ऊर्जा का उपयोग राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में करें। इस अवसर पर शरद शर्मा ने भी स्वयंसेवकों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि स्वयंसेवक वर्ग संघर्ष के स्थान पर वर्ग समन्वय की भावना अपनाकर समाज और राष्ट्र के लिए उपयोगी बनें। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने शिक्षकों को समर्पित काव्य पाठ, राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत तथा सात दिवसीय कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक हरवीर ने किया। शिविर को सफल बनाने में श्री भूपाल सिंह शास्त्री, श्री सुरेश और श्री जितेंद्र कुमार का विशेष सहयोग रहा। अंत में राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन किया गया।

## रोहित शर्मा इस समय सबसे फिट सबसे मजबूत खिलाड़ी : आकाश




● कहा : तर्क के हिसाब से अगर आप फिट हैं, जो आपको पूरा मैच खेलना चाहिए, न कि सब्स्टियूट होना चाहिए

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि रोहित शर्मा इस समय सबसे फिट, सबसे तेज और शायद सबसे मजबूत खिलाड़ी हैं।

जियो स्टार के 'गेम प्लान -नो योर टीम' शो पर बोलते हुए, जियो स्टार के एक्सपर्ट आकाश चोपड़ा ने कहा कि तर्क के हिसाब से, अगर आप फिट हैं, तो आपको पूरा मैच खेलना चाहिए, न कि सब्स्टिट्यूट होना चाहिए। खासकर तब, जब आप दूसरी पारी में बैटिंग कर रहे हों, आपको 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर मैदान पर नहीं उतरना चाहिए। एक ओप. नर को डगआउट में बैठकर 20 ओवर का मैच देखने की आदत नहीं होती। ओपनिंग बैट्समैन मैदान पर रहने, उसी हिंसाब से तैयारी करने और फिर तुरंत एक्शन में आने के आदी होते हैं। रोहित शर्मा इस समय सबसे फिट, सबसे तेज और शायद सबसे मजबूत खिलाड़ी हैं।

इसलिए उन्हें पूरे 40 ओवर मैदान पर रहना चाहिए। असल में, इसी तरह मुंबई इंडियंस रोहित शर्मा का पूरा फायदा उठा पाएगी। पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने एमआई के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा से गुजारिश की कि उन्हें 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर सब्स्टिट्यूट न किया जाए। उन्होंने कहा कि रोहित शर्मा का इस्तेमाल 12वें खिलाड़ी के तौर पर किया गया है, जो सिर्फ बैटिंग करता है। लेकिन मुझे लगता है कि जिस तरह के लीडर वह रहे हैं, उनके जैसा खिलाड़ी मैदान पर होना चाहिए। मुश्किल मैचों में, जब आपको कुछ अहम फैसले लेने होते हैं।

## सुमित अंतिल ने जीता स्वर्ण पदक



● कहा : कि वह 75 मी. आंकड़ा पार करने की दिशा में काम कर रहे हैं, यह दूरी किसी एथलीट ने पार नही की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल ने कहा है कि वह 75 मीटर का आंकड़ा पार करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

यह एक ऐसी दूरी है जिसे उनकी श्रेणी के किसी भी एथलीट ने अब तक हासिल नहीं किया है। बुधवार को चल रहे वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में पुरुषों की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के बाद यूनीवार्ता से बात करते हुए, इस पैरा जैवलिन थ्रोअर ने इस मील के पत्थर को पार करने का अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं अभी तक अभ्यास में भी 75 मीटर तक नहीं पहुंच पाया हूं। लेकिन हम धीरे-धीरे अपनी तकनीक और ताकत को बेहतर बनाने पर काम कर रहे हैं।

देखते हैं आगे क्या होता है। टोक्यो पैरालंपिक चैंपियन ने 69-25 मीटर का विजई थ्रो किया, जिससे पोडियम पर पूरी तरह से भारतीयों का ही दबदबा रहा। पुष्पेंद्र सिंह ने 56-91 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता, जबकि पूनम राम ने 49-48 मीटर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। अंतिल ने स्वीकार किया कि उनका यह थ्रो उनकी उम्मीदों से कहीं बेहतर था, क्योंकि उन्हें प्रतियोगिता के दौरान थोड़ा कम स्कोर रहने की उम्मीद थी। उन्होंने कहा कि इस बार हमारे कई टूर्नामेंट कतार में हैं। यह मेरे लिए ऑफ-सीजन का 'लोडिंग फेज' (तैयारी का चरण) है। मुझे इतने अच्छे थ्रो की उम्मीद नहीं थी, मुझे लगभग 67-68 मीटर के आसपास रहने की उम्मीद थी, लेकिन आज 69-25 मीटर का थ्रो काफी अच्छा रहा। इसलिए मैं खुश हूं, और मेरी टीम भी खुश है। वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 11 से 13 मार्च तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें आठ देशों के एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। सोनीपत के रहने वाले इस खिलाड़ी ने बताया कि कैसे शांत रहने की क्षमता उन्हें प्रतियोगिता के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि मुझे प्रतियोगिताओं का काफी अनुभव है। मुझे पता होता है कि मुझे कब पदक मिलेगा और कब नहीं। मैं बस शांत रहना चाहता था। मैं अपनी ऊर्जा को जितना हो सके बचाकर रखना चाहता था, ताकि थ्रो करते समय उस ऊर्जा का पूरा इस्तेमाल कर सकूं। अंतिल ने कहा कि हालांकि वह 75 मीटर का आंकड़ा पार करने का लक्ष्य बना रहे हैं, फिर भी वह अपनी तकनीक में कोई बड़ा बदलाव नहीं कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि उनका प्रशिक्षण कार्यक्रम (ट्रेनिंग प्रोग्राम) बिल्कुल सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। सुमित अंतिल भारत के सबसे ज्यादा मेडल जीतने वाले पैरा एथलीटों में से एक हैं। उन्होंने 2020 और 2024 के पैरालंपिक खेलों में पुरुषों की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता था।

### संक्षिप्त खेला समाचार

### जुलाई में गोवा में होगा अल्टीमेट टेटे सीजन -7

**नई दिल्ली, वार्ता।** गोवा का सूरज, रेत और शानदार नजारा जल्द ही अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के लिए मंच तैयार करेगा, क्योंकि भारत की प्रमुख फेंचाइजी-आधारित टेबल टेनिस लीग अपने सातवें ऐतिहासिक सीजन के लिए इस तट पर आ रही है। शहर-आधारित फेंचाइजियां और दुनिया के कुछ बेहतरीन पैडलर गोवा के तटों पर उतरेंगे, और जुलाई 2026 से श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम को स्मैश, स्पिन और विश्व-स्तरीय मुक. ाबले के एक जीवंत अखाड़े में बदल देंगे। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीएफआई) के तत्वावधान में छ्र स्पोर्ट्स प्रा लिमि द्वारा आयोजित, अल्टीमेट टेबल टेनिस 2017 में अपनी शुरुआत के बाद से देश की सबसे प्रमुख खेल संपत्तियों में से एक बन गया है। सीजन 7 में भारत के सर्वश्रेष्ठ पैडलरों के साथ-साथ दुनिया की बेहतरीन प्रतिभाओं का एक और शानदार प्रदर्शन देखने को मिलेगा।

### मैं सिर्फ टाइमिंग पर ध्यान देती हूं, मेडल्स पर नहीं : प्रीति पाल

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रीति पाल, जो पैरालंपिक खेलों में ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट हैं, ने अपनी सफलता का राज बताया है। उनका कहना है कि वह सिर्फ अपनी टाइमिग बेहतर करने पर ध्यान देती हैं और मेडल जीतने के बारे में सोचकर खुद पर दबाव नहीं डालतीं। प्रीति ने 2024 पेरिस पैरालंपिक्स में दो ब्रॉन्ज मेडल जीते थे। एक महिलाओं की 100मी रेस में और दूसरा 200मी टी35 रेस इवेंट में। बुधवार को चल रहे वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में महिलाओं की 100मी टी35/टी37 रेस में गोल्ड मेडल जीतने के बाद यूनीवार्ता से बात करते हुए प्रीति ने कहा कि यह वह मुकाबला है जहां हर कोई अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की

## डुप्लांटिस ने 3.31 मी. के साथ अपना 15वां पोल वॉल्ट विश्व रिकॉर्ड बनाया

● पोल वॉल्ट ने 6.31 मी. की ऊंचाई पार करके जीत हासिल की

**स्टॉकहोम, वार्ता।** स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस ने अपने ही पोल वॉल्ट विश्व रिकॉर्ड में एक और सेंटीमीटर जोड़ते हुए, गुरुवार को उप्साला में आयोजित 'मोंडो क्लासिक' (जो कि वर्ल्ड एथलेटिक्स इंडोर टूर सिल्वर मीटिग का हिस्सा है) में 6.31 मीटर की ऊंचाई पार करके जीत हासिल की।

26 वर्षीय मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन ने 5.65 मीटर की ऊंचाई से शुरुआत की, और फिर 5.90 मीटर और 6.08 मीटर की ऊंचाई भी अपने पहले ही प्रयास में पार करके जीत पक्की कर ली। इसके बाद उन्होंने बार (बाधा) को 6.31 मीटर तक ऊपर उठाया और उसे भी पहले ही प्रयास में पार कर लिया। नॉर्वे के सोंड्रे गुटोरमसेन 6-00 मीटर की ऊंचाई के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अमेरिकी खिलाड़ी जैचरी ब्रैडफोर्ड 5.90 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। डुप्लांटिस ने कहा कि अगर आप मुझसे मुक. ाबला करने के लिए स्वीडन आते हैं, तो मुझे हराना और भी मुश्किल होगा। उन्होंने आगे कहा कि इस समय मेरे मन में कई तरह की भावनाएं उमड़ रही हैं। मुझ पर थोड़ा अतिरिक्त दबाव भी था, क्योंकि मैं कुछ अलग ही अंदाज में प्रदर्शन करना चाहता था।

## पंत ने युवराज के साथ की ट्रेनिंग



● दोनों ने ब्रेबॉर्न स्टेडियम में लगभग चार दिन बिताए इस दौरान उन्होंने दिन और रात, दोनों समय बैटिंग सेशन किए

**मुंबई, वार्ता।** ऋषभ पंत ने पिछले हफ्ते मुंबई में युवराज सिंह के साथ ट्रेनिंग की। यह उनकी आईपीएल 2026 की तैयारियों का हिस्सा था। दोनों ने ब्रेबॉर्न स्टेडियम में लगभग चार दिन बिताए। इस दौरान उन्होंने दिन और रात, दोनों समय बैटिंग सेशन किए और व्हाइट-बॉल क्रिकेट के अलग-अलग तरह के शॉट्स पर अभ्यास किया।

28 साल के पंत का पिछला सीजन कुछ खास नहीं रहा था। इसलिए, इस बार वे अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित करने के लिए बेताब हैं। उनके करीबी एक सूत्र ने बताया कि युवराज के साथ उनके निजी संबंध काफी अच्छे हैं। दोनों ने कुछ दिनों तक साथ मिलकर ट्रेनिंग करने की संभावना पर चर्चा की थी। पिछले हफ्ते यह योजना साकार हो गई।

भारतीय क्रिकेट के व्हाइट-बॉल फॉर्मेट के दिग्गज खिलाड़ी युवराज सिंह ने अब एक मेंटर (मार्गदर्शक) के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल और प्रभसिमरन सिंह जैसे कई खिलाड़ियों के साथ काम किया है। खासकर अभिषेक शर्मा, जो अब दुनिया के सबसे खतरनाक टी-20 बल्लेबाजों में से एक बन गए हैं। उनकी इस सफलता में युवराज सिंह की अहम भूमिका मानी जाती है। युवराज सिंह के साथ ट्रेनिंग करने से पंत के व्हाइट-बॉल करियर को भी नई जान मिल सकती है। अगस्त 2024 के बाद से उन्होंने भारत के लिए व्हाइट-बॉल फॉर्मेट के किसी भी मैच में हिस्सा नहीं लिया है। युवराज सिंह के साथ ट्रेनिंग पूरी करने के बाद पंत चेन्नई रवाना हो गए। चेन्नई में लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम 'कोचिग बियॉन्ड' मैदान पर अपना तैयारी शिविर (कैंप) लगा रही है। इस शिविर की देखरेख बॉलिग कोच भरत अरुण और बैटिंग कोच लांस क्लूजनर कर रहे हैं।

## लक्ष्मी ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में शॉट पुट में जीता सोना

● लक्ष्मी ने अपनी उपलब्धि का श्रेय सालों की कड़ी मेहनत व लगातार ट्रेनिंग को दिया

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्लासरूम से लेकर थ्रोइंग सर्कल तक, एक टीचर लक्ष्मी ने एक यादगार पल रचा, जब उन्होंने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में महिलाओं के शॉट पुट एफ36/एफ37/एफ40 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता।

उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय सालों की कड़ी मेहनत और लगातार ट्रेनिंग को दिया। जीत के बाद 'यूनीवार्ता' से बात करते हुए लक्ष्मी ने कहा कि यह मेडल लंबे समय के समर्पण और रोजाना के अभ्यास का नतीजा है। उन्होंने कहा कि मैं अब बहुत खुश हूं कि मैं शॉट पुट में गोल्ड मेडलिस्ट बन गई हूं। मैं और मेडल जीतने के लिए कड़ी मेहनत और अभ्यास करती रहूंगी। लक्ष्मी ने 7.76 मीटर के थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया, जबकि भारत की अकुताई सीताराम उल्भगत 5.49 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। भूटान की चिमी डेमा ने 5.27 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। एथलेटिक्स में अपनी यात्रा के बारे में बताते हुए लक्ष्मी ने कहा कि यह प्रगति सालों से लगातार प्रयासों और प्रदर्शन में सुधार के जरिए धीरे-धीरे हुई है। उन्होंने कहा कि अभ्यास में हमेशा चुनौतियां आती हैं, लेकिन हर साल सुधार होता है। पहले मेरे थ्रो लगभग छह मीटर के होते थे, और अब मैंने सात मीटर का आंकड़ा पार कर लिया है।

## एआईएफएफ के पूर्व महासचिव का निधन



● ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने अपने पूर्व महासचिव कुशल दान के निधन पर शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) ने अपने पूर्व महासचिव कुशल दास के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। दास ने 2010 से 2022 तक एआईएफएफ के महासचिव के रूप में सेवा दी थी। उनका निधन शुक्रवार, को 66 वर्ष की आयु में हुआ। उनके परिवार में पत्नी और दो पुत्र हैं।

पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट कुशल दास भारतीय फुटबॉल में खेल प्रबंधन और प्रशासन का व्यापक अनुभव लेकर आए थे। अपने पेशेवर जीवन की शुरुआत में उन्होंने पीडब्ल्यूसी, और शेल जैसी अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के साथ काम किया।

1996 में जब वैश्विक खेल विपणन और टेलीविजन प्रोडक्शन कंपनी आईएमजी भारतीय बाजार में आई, तब वे उसके मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) के रूप में जुड़े। बाद में उन्होंने दुबई में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में भी कार्य किया, जिससे अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रशासन में उनकी पहचान और मजबूत हुई।

नवम्बर 2010 में उन्होंने ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के महासचिव का पद संभाला, जिसे उन्होंने एक दशक से अधिक समय तक निभाया। अपने कार्यकाल के दौरान दास ने कई महत्वपूर्ण आयोजनों और संरचनात्मक बदलावों की देखरेख की, जिनसे भारत में फुटबॉल की पहचान को नई ऊंचाई मिली। उनके नेतृत्व में भारत ने 2017 फीफा अंडर-17 विश्व कप की सफल मेजबानी की। महिला फुटबॉल में भी इस दौरान महत्वपूर्ण प्रगति हुई और 2017 में इंडियन विमेंस लीग की शुरुआत की गई।

उनके कार्यकाल के अंतिम चरण में भारत ने 2022 एएफसी महिला एशियन कप जैसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों की सफल मेजबानी भी की। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा कि कुशल दास ने एआईएफएफ के महासचिव के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान भारतीय फुटबॉल के प्रशासन और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय फुटबॉल के लिए उनके प्रयास हमेशा याद किए जाएंगे। भारतीय फुटबॉल समुदाय की ओर से मैं उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति इस कठिन समय में अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

### राजस्थान रॉयल्स का कैंप जयपुर में 17 मार्च से शुरु

**जयपुर।** आरआर ने घोषणा की है कि उनका पहला प्री-सीजन ट्रेनिंग कैंप 17 मार्च से जयपुर में शुरू होगा। रॉयल्स की टीम 'पिंक सिटी' में इकठा होगी और सवाई मानसिंह स्टेडियम में ट्रेनिंग, फटिनेस और नेट्स सेशन के साथ कैंप की शुरुआत करेगी। रॉयल्स ने यह जानकारी देते हुए कहा कि हेड कोच और क्रिकेट डायरेक्टर कुमार संगकारा के मार्गदर्शन में, इस कैंप का फोकस टीम बॉन्डिग को मजबूत करने, जोरदार ट्रेनिंग और प्लानिग के साथ-साथ स्ट्रेंथ और ट्रेनिंग सेशन पर रहेगा। इससे पहले, रवि बिश्नोई, वैभव, संदीप शर्मा और हाल ही में रविंद्र जडेजा सहित खिलाड़ियों के एक छोटे ग्रुप ने नागपुर में फ्रेंचाइजी के 'हाई परफॉर्मेंस सेंटर' में एक छोटे कैंप और फटिनेस असेसमेंट सेशन में हिस्सा लिया था। रॉयल्स इस सीजन का अपना पहला मैच 30 मार्च को सीएसके से खेलेंगे।

## अल्काराज लगातार 5वीं बार सेमीफाइनल में



● कार्लोस अल्काराज ने कैमरन नॉरी के खिलाफ 6-3, 6-4 से जीत हासिल की

**इंडियन वेल्स, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपनी जीत का सिलसिला 16 मैचों तक बढ़ाया और गुरुवार को बीएनपी परीबा ओपन में लगातार पांचवें इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में पहुंचे। टॉप सीड खिलाड़ी ने कैमरन नॉरी के खिलाफ 6-3, 6-4 से जीत हासिल की, जिससे उन्होंने ब्रिटेन के खिलाड़ी से बदला ले लिया, जिसने उन्हें पिछले नवम्बर में पेरिस में हराया था। अल्काराज ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में नॉरी के बारे में कहा कि मुझे उनके स्टाइल से बहुत दिक्कत होती है। हर बार जब मैं उनके खिलाफ खेलता हूं तो यह मेरे लिए हमेशा बहुत मुश्किल होता है। उनके स्टाइल, उनके (हैवी) टॉपस्पिन फोरहैंड, सुपर हाई के साथ यह थोड़ा कन्फ्यूजिग है। और फिर बैकहैंड, बहुत फ्लैट और बहुत लो। कभी-कभी उनके खिलाफ खेलना मुश्किल होता है। मुझे सही शॉट मिल रहा है। मैंने अच्छा खेला। मैंने सॉलिड खेला। जब भी हो सका, मैंने एग्रेसिव खेला। मैं इस लेवल पर खेलकर खुश हूं। अल्काराज और नॉरी ने पूरे मैच में मोमेंटम बदला, लेकिन स्पेन के खिलाड़ी ने ज्यादातर अपना पलड़ा भारी रखा। पहला सेट आखिरी चार गेम में तीन बार सर्व ब्रेक के साथ खत्म हुआ। इसके बाद नॉरी ने दूसरे सेट में 2-0 की बढ़त बना ली, जिसके बाद अल्काराज ने लगातार चार गेम जीतकर जवाब दिया। 22 साल के खिलाड़ी ने 10 ब्रेक के मौके बनाए, जिनमें से चार को भुनाया। तेज बेसलाइन हिटिग, हल्के ड्रॉप शॉट और शानदार नेट प्ले का मिक्स दिखाते हुए, दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी ने एक घंटे 33 मिनट में जीत हासिल की। अल्काराज ने कहा कि टेनिस लगभग आधे सेकंड में सही शॉट चुनने के बारे में है,ष जिन्होंने 19 फोरहैंड विनर के साथ गेम खत्म किया। कभी-कभी मैं शॉट मिस कर देता हूं क्योंकि मैंने सही वाला नहीं चुना होता। मेरे दिमाग में, मेरे पास सात, पांच ऑप्शन होते हैं, कभी-कभी मेरे लिए सही वाला चुनना मुश्किल होता है। अपनी जीत के साथ, अल्काराज लगातार पांच इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में पहुंचने वाले तीसरे व्यक्ति बन गए, उनके हमवतन राफेल नडाल (2006-13) और विरोधी नोवाक जोकोविच (2011-16) ही उनसे आगे हैं। अल्काराज हेड2हेड सीरीज में नॉरी से 6-3 से आगे हैं। 26 बार के टूर-लेवल टाइटलिस्ट सेमीफाइनल में दानिल मेदवेदेव के खिलाफ अपने 6-2 के रिकॉर्ड को बेहतर करना चाहेंगे। अल्काराज ने मेदवेदेव के साथ अपने पिछले चार मुकाबले जीते हैं। अल्काराज ने 2023 और 2024 में इंडियन वेल्स का खिताब जीता, दोनों फाइनल में मेदवेदेव को हराया।

### रोंची और ओरम पीएसएल में कोचिग देंगे

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड की पुरुष टीम के असिस्टेंट कोच, ल्यूक रोंची और जैकब ओरम, आने वाले पीएसएल 2026 में इस्लामाबाद यूनाइटेड के कोच के तौर पर काम करेंगे। भले ही यह मार्च में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ न्यूजीलैंड की घरेलू टी20 सीरीज और अप्रैल में बांग्लादेश के लिमिटेड-ओवर्स दौरे से टकरा रहा हो। जहां रोंची न्यूजीलैंड के बैटिंग कोच हैं, वहीं ओरम टीम के बॉलिग कोच हैं। जनवरी में, रोंची-जिन्होंने 2017-18 में टूर्नामेंट में डेब्यू करने के बाद इस्लामाबाद यूनाइटेड के लिए तीन सीजन खेले थे-को टीम का हेड कोच बनाया गया था। ओरम, रोंची के असिस्टेंट में से एक के तौर पर टीम से जुड़ेंगे। न्यूजीलैंड के परफॉर्मेंस मैनेजर माइक सैंडल ने कहा कि यह ल्यूक और जेक के लिए अपने कोचिग अनुभव को और बढ़ाने और न्यूजीलैंड क्रिकेट के माहौल से बाहर अपने कौशल को निखारने का एक शानदार मौका है। ष्ठीक हमारे खिलाड़ियों की तरह, हमारे कोचों की भी दुनिया भर में काफी मांग है। हमारा मानना है कि ल्यूक और जेक को पीएसएल में बिताए समय से न

## हंड्रेड की नीलामी में सनराइजर्स लीड्स ने अबरार अहमद को खरीदा



**लंदन, वार्ता।** लंदन में आयोजित पुरुष हंड्रेड की नीलामी में सनराइजर्स लीड्स ने पाकिस्तान के मिस्ट्री स्पिनर अबरार अहमद को 1 लाख 90 हजार पाउंड (दो लाख 55 हजार अमेरिकी डॉलर) में खरीद लिया। अबरार इस टूर्नामेंट में भारतीय स्वामित्व वाली टीम द्वारा खरीदे जाने वाले पहले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने।

भारतीय मीडिया समूह सन टीवी ने पिछले साल नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के नाम से जानी जाने वाली फेंचाइजी का पूर्ण अधिग्रहण कर लिया था, जिसमें उन्होंने ईसीबी से 49 फीसदी हिस्सेदारी और शेष 51 फीसदी हिस्सेदारी यॉर्कशायर से लगभग 100 मिलियन पाउंड में खरीदी थी। इसके अलावा तीन अन्य हंड्रेड टीमों की भी हिस्सेदारी उन निवेशकों को बेची गई थी जो कि आईपीएल फ्रेंचाइजी के मालिक हैं। सनराइजर्स जिनकी सहयोगी फेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद और एसए20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने किसी भी सक्रिय पाकिस्तानी खिलाड़ी को अपने साथ नहीं जोड़ा था, लंच से ठीक पहले अबरार के लिए ट्रेंट रॉकेट्स के खिलाफ नीलामी जीत ली। उस्मान तारिक के बाद अबरार गुरुवार सुबह नीलामी में खरीदे गए दूसरे पाकिस्तानी खिलाड़ी थे। तारिक को बर्मिंघम फीनिक्स ने 1 लाख 40 हजार पाउंड में खरीदा। कई पाकिस्तानी खिलाड़ी पहले भी आईपीएल के स्वामित्व या आंशिक स्वामित्व वाली वैश्विक टी20 टीमों के लिए खेल चुके हैं लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चल रहे भू-राजनीतिक तनाव के चलते 2008 के बाद से कोई भी सक्रिय पाकिस्तानी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी आईपीएल में नहीं खेला है।

## सिनर ने टीएन को हराया, सेमीफाइनल में ज्वेरेव से भिड़ेंगे

● जैनिक सिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टिएन के खिलाफ 6-1, 6-2 से जीत हासिल की



**इंडियन वेल्स, वार्ता।** जैनिक सिनर ने गुरुवार को बीएनपी परीबा ओपन में लर्नर टीएन को जोरदार अंदाज में हराने के लिए अपने स्पीड स्केट्स पहने। एटीपी रैंकिग में नंबर 2 खिलाड़ी ने फर्स्ट-स्ट्राइक टेनिस से भरपूर शानदार प्रदर्शन करते हुए मौजूदा नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स चैंपियन टिएन के खिलाफ 6-1, 6-2 से जीत हासिल की। सिनर, जिन्होंने चौथे राउंड में जोआओ फोंसेका को दो टाई-ब्रेक सेट में हराया था, एक और मुकाबले में नहीं फंसने के लिए पक्के इरादे वाले दिखे और उनका आक्रामक रवैया उनके 20 साल के विरोधी के लिए बहुत मुश्किल साबित हुआ।

पिछले अक्टूबर में बीजिग फाइनल में भी टिएन को सीधे सेटों में हराने वाले सिनर ने कहा कि मुझे लगता है कि मैचअप का अनुभव आपकी थोड़ी मदद करता है। दूसरी तरफ, हमने खुद को सबसे अच्छे तरीके से तैयार करने की कोशिश की। वह बहुत टैलेंटेड खिलाड़ी है। वह यहां कई बार आएगा, लेकिन मैं खुश हूं कि मैंने कैसे रिएक्ट किया। मुझे लगता है कि वह बहुत आक्रामक था, खासकर शुरुआत में, इसलिए मैंने खुद को रोकने की कोशिश की। बेशक यह मेरे लिए एक जरूरी मैच था। सिनर के खिलाफ टिएन की कोशिश तब शुरू में ही कमजोर पड़ गई जब अमेरिकी लेफ्टी ने दूसरे गेम में डबल फॉल्ट करके सिनर को ब्रेक दे दिया। सिनर ने इसके बाद मुश्किल से पीछे मुड़कर देखा और 66 मिनट में अपनी जीत पक्की कर ली, उन्होंने अपने कमाए पांच में से चार ब्रेक पॉइंट को कन्वर्ट किया। 24 साल के इटैलियन खिलाड़ी अपने पहले बीएनपी परीबा ओपन चैंपियनशिप मैच में जगह बनाने के लिए चौथी सीड वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव से भिड़ेंगे।

बेन शेल्टन और एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना के खिलाफ लगातार तीन सेट जीतकर अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने के बाद, गुरुवार के मुकाबले के दूसरे सेट में टिएन फिजिकली स्ट्रगल करते दिखे। अमेरिकन खिलाड़ी सिनर के ग्राउंडस्ट्रोक्स की लगातार ताकत और सटीकता का मुकाबला नहीं कर पाए, और इटैलियन खिलाड़ी लगातार नौवें मास्टर्स 1000 मैच जीतने के अपने रास्ते पर शायद ही कभी परेशान दिखे। जब सिनर से पूछा गया कि इंडियन वेल्स में गर्म हालात का उन्होंने इतने अच्छे से सामना कैसे किया, तो उन्होंने कहा कि हम यहां बहुत जल्दी आ गए थे। टूर्नामेंट से एक हफ्ते पहले बहुत गर्मी थी, इसलिए हमने शरीर को इसकी आदत डालने के लिए लंबे ट्रेनिंग सेशन किए। आज मुझे कोर्ट पर बहुत अच्छा लगा। यह निश्चित रूप से एक ऐसा एरिया है जहां मैं ऑस्ट्रेलिया में हुई दिक्कतों को देखते हुए सुधार करने की कोशिश कर रहा हूं। मेरा मानना है कि ए पॉजिटिव चीजें हैं, छोटे डिपार्टमेंट जहां हमें सुधार करना है। मैं खुश हूं कि हमने मैचों के लिए कैसे तैयारी की है और बेशक अगला मैच मुश्किल होने वाला है। 'टेनिस पैराडाइज' में आखिरी चार में सिनर का मुकाबला चौथी सीड ज्वेरेव से होगा, जिन्होंने पहले आर्थर फिल्स को 6-2, 6-3 से आसानी से हराया था। 28 साल के जेवरेव, जो 30वीं सीड फिल्स को हराकर सभी नौ मास्टर्स 1000 इवेंट्स में सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सिर्फ पांचवें खिलाड़ी बने, शनिवार के सेमीफाइनल में सिनर के खलिाफ लगातार पांच मैच हारने का सिलसिला तोड़ने की कोशिश करेंगे।

# सम्पादकीय

शनिवार, 14 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## पीएम की चुप्पी

ईरान युद्ध का असर हमारी रसोई और चूल्हे तक आ जाएगा, यह आकलन करने में केंद्रीय कैबिनेट ने 11 दिन खपा दिए। अंततः कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी को ऐसे निर्देश देने पड़े कि सभी मंत्रालय आपस में मिल कर काम करें। संभावित चुनौतियों के लिए तैयार रहें। देशवासियों पर युद्ध का असर कम पड़ना चाहिए। प्रधानमंत्री ने चुनौती की बात स्वीकार की है और चाहिए शब्द का इस्तेमाल कर उपदेश दिया है। यह क्यों नहीं हो सकता कि खुद प्रधानमंत्री मंत्रियों के स्तर पर समन्वय करें। चूंकि वह देश के सर्वोच्च, संवैधानिक कार्यकारी प्रमुख हैं, लिहाजा उन्हें देश को संबोधित कर हकीकत बयां करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने नोटबंदी, कोरोना वैश्विक महामारी, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई बार राष्ट्र को संबोधित किया है। बहरहाल भारत में करीब 19.5 करोड़ घन मीटर गैस की खपत औसतन हर रोज होती है, जबकि गैस का घरेलू उत्पादन करीब 10 करोड़ घन मीटर ही है, जाहिर है कि भारत को गैस आयात करनी पड़ती है। इसमें रसोई गैस एलपीजी के अलावा, एलएनजी, पीएनजी, सीएनजी भी हमारी जिंदगी की सक्रियता के लिए बेहद अनिवार्य हैं। उनके बिना जिंदगी, समाज और कारोबार का चक्का ही जाम हो जाएगा। पीएनजी पाइपलाइन के जरिए हमारे घरों तक जाती है और 1.62 करोड़ इसके कनेक्शन हैं। एलपीजी के 33 करोड़ से अधिक उपभोक्ता हैं। सीएनजी वाहनों में इस्तेमाल की जाती है। एलएनजी खाद के प्लांट से लेकर औद्योगिक उत्पादन, विनिर्माण की इकाइयों के लिए संजीवनी है। प्रधानमंत्री मोदी देश को संबोधित कर खुलासा कर सकते हैं कि भारत ने अमरीका के साथ 22 लाख टन गैस का सौदा किस आधार पर किया है। इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, नॉर्वे, पश्चिम अफ्रीका, नाइजीरिया, अंगोला और अल्जीरिया सरीखे देशों से पर्याप्त गैस की आपूर्ति का अपडेट क्या है। यह छोटे, पिद्दी से देश भारत जैसे विराट, विशाल देश को गैस सप्लाई कर रहे हैं, लेकिन खुद 78 साल का भारत अपने लिए गैस का पर्याप्त उत्पादन करने में सक्षम क्यों नहीं हो सका। यह वाकई यक्ष-प्रश्न है। गैस की जानकारी देश को देने में गोपनीयता क्या है। कूटनीतिक रणनीति क्या है। आपकी तेल-गैस की सप्लाई को कौन तारपीडो करेगा। यह तो आम भारतवासी की जिंदगी और चूल्हे से जुड़ा संवेदनशील विषय है। आखिर प्रधानमंत्री आपदा या संकट के दौर में देश की जनता, विपक्ष और मीडिया को खुलासा क्यों नहीं करेंगे? ऊर्जा-संकट से ही हमारी खाद्य-सुरक्षा प्रत्यक्ष तौर पर जुड़ी है। ठीक है, केंद्र सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की अधिसूचना जारी कर उसे लागू कर दिया है, लेकिन आम आदमी सड़क पर उतरने को विवश है। गैस सिलेंडर लेकर लोगों ने उसी तरह कतारें लगाना शुरू कर दिया है, जिस तरह कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर को लेकर हुआ था।


## ...तो कांशीराम उप्र के मुख्यमंत्री होते



केवल राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाने से कोई फायदा नहीं होता, बदलाव तब आता है, जब व्यक्ति यह ठान ले कि जो गलत हो रहा है, उसे वह स्वीकार नहीं करेगा, भाषण देने से पहले वह सोच रहे थे कि बीआर अंबेडकर शिक्षा और संगठन की बात करते थे, आज लोग कांशी राम को याद करते हैं, लेकिन समाज को 15 और 85 में बांट दिया गया है, इसका फायदा केवल 15 प्रतिशत लोगों को मिल रहा है, जबकि बाकी 50 प्रतिशत समाज को अलग-अलग कर दिया गया है, अगर जवाहरलाल नेहरु आज जीवित होते, तो कांशीराम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री होते, केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम एपस्टीन फाइल में बताया जा रहा है और उनकी बेटी की कंपनी में जॉर्ज सोरोस की फंडिंग का भी उल्लेख किया गया है।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

## नेपाल की नई सरकार की प्राथमिकता भारत से रिश्ते मजबूत करने की होगी





यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल में बालेन शाह के नेतृत्व में सत्तारूढ़ होने वाली नई सरकार के कामकाज के तौर तरीकों की प्रतीक्षा में दुनिया के कई देश हैं लेकिन नेपाल के पड़ोसी देशों को खास तौर पर इसकी प्रतीक्षा बेसब्री से है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष मतदान के चुनाव की गिनती पूरी हो चुकी है, दोनों चुनाव प्रणाली में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को 175 से अधिक सीटें हासिल हुई है। प्रत्यक्ष प्रणाली के चुनाव में 165 सीटों में से राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को सर्वाधिक 125 सीटें हासिल हुई है जो अबतक किसी भी पार्टी को मिली सीटों से कहीं ज्यादा है। अप्रत्यक्ष चुनाव प्रक्रिया में अभी कुछ आधिकारिक औपचारिकता बाकी है जिस वजह नेपाल में नई सरकार के सत्ता रूढ़ होने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। इस बीच यह साफ है कि नई सरकार का गठन बालेन शाह के नेतृत्व में ही होगा।

राजशाही के परंपरागत राजाओं के राजतिलक को छोड़ दें तो दुनिया में इक्का दुक्का उदाहरण ही मिलेंगे जब किसी देश ने 35 वर्षीय एक नौजवान पर भरोसा जताते हुए सत्ता की चाभी सौंप दी हो। काठमांडू के नारा देवी में पैदा हुए बालेन शाह का पैतृक गांव मधेश के महोत्तरी जिले में है। उनके पिता एक आयुर्वेदिक चिकित्सक हैं। बालेन शाह के रैप सांग में मुख्यतः नेपाल की पीड़ा और दुश्वारियों का दर्दनाक वर्णन होता था और यही कारण है कि वे नेपाल के युवाओं में रोल-मॉडल बन गए। काठमांडू के युवाओं ने इन्हें 2023 में पहले काठमांडू का मेयर बनाया और अब नेपाल भर के इन्हीं युवाओं ने नेपाल की सत्ता सौंप दी। बालेन शाह के नेतृत्व में सत्ता रूढ़ होने वाली इस सरकार में अपेक्षाकृत युवाओं की भरमार होगी। राजनीतिक विश्लेषकों के आकलन में इस युवा सरकार को लेकर आशा और उम्मीद तो है लेकिन कुछ भ्रांतियां और संशय भी है जिस पर से पर्दा हटना बाकी है।

वाकई यह हैरत की बात है कि जिस आंदोलन में राजधानी काठमांडू तबाह हुआ हो,उसका इल्जाम युवाओं पर लगा हो और उन्हीं युवाओं में से कुछ राजनीति में आकर चुनाव लड़ रहे हों और जनता इन पर विश्वास जताते हुए सत्ता सौंपने का निर्णय ले रही हो, तो यह महज एक्सीडेंटल नहीं है। सोचिए नेपाल की जनता अपनी ही चुनी हुई सरकारों द्वारा कितना धोखा खाई होगी और कितनी बार ठगी गई होगी तब ऐसा निर्णय लेने को मजबूर होना पड़ा होगा। बालेन शाह के नेतृत्व में बनने वाली नेपाल की अपेक्षाकृत युवा सरकार नेपाल के लोगों की अपेक्षानुरूप काम कर पाएगी, इसका रुझान सत्ता रूढ़ होने के कुछ दिन बाद ही पता चल पाएगा। बालेन शाह का प्रधानमंत्री चुना जाना मधेश क्षेत्र के लोगों के लिए गर्व की बात है क्योंकि पहली बार ऐसा है कि नेपाल की सर्वोच्च सत्ता पर मधेश का कोई शख्स आसीन होने जा रहा है। इस क्षेत्र में पूर्व में नेपाली कांग्रेस का वर्चस्व रहा करता था। मधेश क्षेत्र के सांसद के बदौलत कोइराला परिवार के सदस्य स्व। वीपी कोइराला से लेकर गिरिजा प्रसाद कोइराला और सुशील कोइराला तक प्रधानमंत्री होते रहे हैं लेकिन इस परिवार ने प्रधानमंत्री तो दूर मधेश से नेपाली कांग्रेस का सभापति तक के बारे में नहीं सोचा। इस बार काफी संभावना है कि प्रधानमंत्री के साथ नेपाली कांग्रेस के संसदीय दल का नेता भी मधेश से हो। हालांकि अंकगणित के हिसाब से नेपाली कांग्रेस दूसरे नंबर की पार्टी तो है लेकिन प्रमुख विपक्षी के लायक नहीं है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के दो तिहाई से अधिक सदस्य युवा हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जो नई सरकार में गृह मंत्री हो सकते हैं, वे भी युवा हैं और संभावित प्रधानमंत्री बालेन शाह तो महज 35 वर्ष के ही हैं। सुडान गुरूंग जिनकी पहचान जेन जी आंदोलन के नायक के रूप में हैं, वे भी बमुश्किल 30 के ही होंगे। नेपाल में बदलाव का साक्षी बने नेपाल के युवा पावर की चर्चा अब पूरी दुनिया में है। निसंदेह नेपाल की यह युवा सरकार नेपाल में बदलाव के अनुभूति की इबारत लिखने का प्रयास करेगी जो नेपाल के लिए सुखद होगा ही दुनिया के लिए भी एक नजीर होगा, जैसा कि इनमें नेपाल के लिए कुछ कर गुजरने का जुनून दिख रहा है। नेपाल एक ऐसा प्लेटफार्म है जिसपर चीन की नजर है ही, अमेरिका भी यहां अपना पांव पसार रहा है। भारत चूंकि इस नन्हें राष्ट्र का पड़ोसी है और दोनों देशों के बीच दशकों पुरानी संधियों के नाते भारत और नेपाल के बीच के संबंध सबसे अलग और आत्मीय है। नेपाल के नई सरकार से भी भारत के रिश्तों को लेकर कोई कन्फ्यूजन नहीं है।भारत के पीएम मोदी की बालेन शाह और पार्टी अध्यक्ष रवि लामी छाने से वार्ता के बाद नेपाल और भारत से रिश्तों में प्रगाढ़ता के संकेत मिले हैं।

भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने बालेन शाह और रवि लामी छाने को प्रचंड जीत की बधाई दी और नेपाल के नई सरकार के साथ मिलकर काम करने की इच्छा जताई। मोदी से वार्ता के बाद बालेन शाह और रवि लामी छाने का जो बयान आया दर असल भारत के लिए संतोष जनक और उत्साहवर्धक है। संभावित सरकार के दो बड़े हस्तियों ने इस वार्ता को बहुत ही सार्थक बताया और कहा भारत सदैव ही नेपाल का हितैषी राष्ट्र रहा है, आगे भी रहेगा। भारत और नेपाल के बीच चलताऊ रिश्ते तो है नहीं, दोनों देश रोटी बोटी के रिश्ते से लेकर रीति रिवाज, धर्म, सांस्कृतिक और सभ्यता की दृष्टि से बेहद करीब हैं। बालेन शाह और रवि लामी छाने दोनों ने इस संबंधों को और आगे बढ़ाने को लेकर उत्सुकता दिखाई है। हालांकि इसका संकेत तभी मिल गया था जब बीच चुनाव में पार्टी अध्यक्ष रवि लामी छाने ने काठमांडू के एक होटल में भारतीय राजदूत नवीन वास्तव से मुलाकात की थी। नेपाल चुनाव में यह जो परिवर्तन की आंधी चली है,दर असल यह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी पर भरोसा और जिम्मेदारियों का बोझ है। पहले की सरकारों में पहाड़ और मैदान, पहाड़ी और मधेशी को लेकर भी विभेद रहा है,अब शायद ऐसा न हो। संविधान में कुछ मुद्दों को लेकर मधेश की अनदेखी हुई है। मधेशी नेता इसी मुद्दे को लेकर मधेशी जनता को ठगते रहे हैं। बालेन शाह ने संविधान संशोधन की बात खुद ही कहकर मधेशी नेताओं के मुंह पर ताला लगा दिया। खैर इस चुनाव में तो मधेश आधारित राजनीतिक दलों के अस्तित्व पर ही संकट आ पड़ा है।

भारत और नेपाल के बीच जो उत्तराखंड के भू क्षेत्र का विवाद है, नई सरकार उसे हल करना चाहेगी लेकिन पूर्व पीएम ओली की तरह बवाल काट कर नहीं। इस मुद्दे को बात चीत के जरिए सुलझाने पर जोर होगा। इसके अलावा भारत और नेपाल के बीच जहां जहां भी सीमा विवाद है ,इसे हल करने का प्रयास होगा। दोनों देशों के बीच करीब 1760 किमी लंबी सीमा है जहां सौ से अधिक सीमा विवाद है। उम्मीद है नेपाल की नई सरकार कुछ अलग करने की शुरुआत भारत और नेपाल के बीच सीमा विवाद को सुलझाने से करेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## सूंघने की क्षमता कैसे विकसित हुई


**होता यह है कि इन ग्राहियों की एक मिश्रित सक्रियता विशिष्ट गंध का एहसास कराती है, लेकिन इन गंध-ग्राहियों की क्रिया को समझना एक चुनौती रही है। एक दिक्कत यह रही है कि यह ग्राही सिर्फ गंध तंत्रिकाओं में ही ठीक-ठाक काम करते हैं, बाकी किसी भी कोशिका में यह ठप हो जाते हैं। इसका मतलब यह होता है कि इन्हें किसी भी अन्य प्रकार की कोशिका में जोड़कर अध्ययन नहीं किया जा सकता। इस समस्या से निपटने के लिए कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय ( सैन फ्रांसिस्को ) के आशीष मांगलिक और उनके साथियों ने OR51E2 नामक ग्राही पर ध्यान केंद्रित किया। इस ग्राही की विशेषता है कि यह ओडोरेंट की पहचान के अलावा कुछ अन्य कार्य भी करता है और यह गुर्दों तथा प्रोस्टेट की कोशिकाओं में भी पाया जाता है।**

गंध एक महत्वपूर्ण संवेदना है। मनुष्यों में यह शायद उतनी महत्वपूर्ण न हो, लेकिन कई अन्य जंतुओं में यह सबसे महत्वपूर्ण संवेदना होती है। जहां अन्य संवेदनाओं को लेकर हमारी समझ काफी विस्तृत है, वहीं गंध को लेकर कई अस्पष्टताएं हैं। अब हम इस दिशा में एक कदम और आगे बढ़े हैं।

गंध संवेदना दरअसल एक रसायन-आधारित संवेदना है। कुछ रसायन हमारी गंध संवेदी तंत्रिकाओं के ग्राहियों को उत्तेजित करते हैं और मस्तिष्क इसे गंध के रूप में पहचानता है। अब पहली बार एक मानव गंध-ग्राही की सटीक त्रि-आयामी संरचना का खुलासा किया गया है। नेचर में प्रकाशित इस अध्ययन में OR51E2 नामक एक गंध-ग्राही की संरचना का विवरण देते हुए बताया गया है कि यह आणविक क्रियाओं के माध्यम से कैसे चीज की गंध को ताड़ता है।

गौरतलब है कि मानव जीनोम में 400 जीन्स होते हैं जो गंध-ग्राहियों के कोड हैं और यह ग्राही कई गंधों को पहचान सकते हैं। स्तनधारियों में गंध ग्राही के जीन्स सबसे पहले चूहों में 1990 के दशक में पहचाने गए थे। इससे पहले 1920 के दशक में यह अनुमान लगाया गया था कि मनुष्य की नाक तकरीबन 1000 गंधों को ताड़ सकती है, लेकिन 2014 में किए गए एक अध्ययन का निष्कर्ष था कि हम 1 खरब से ज्यादा गंधों को अलग-अलग पहचान सकते हैं। हर गंध-ग्राही गंधदार अणुओं के सिर्फ एक समूह से अंतर्क्रिया कर सकता है जबकि एक ही ओडोरेंट कई ग्राहियों को सक्रिय कर सकता है। होता यह है कि इन ग्राहियों की एक मिश्रित सक्रियता विशिष्ट गंध का एहसास कराती है, लेकिन इन गंध-ग्राहियों की क्रिया को समझना एक चुनौती रही है। एक दिक्कत यह रही है कि यह ग्राही सिर्फ गंध तंत्रिकाओं में ही ठीक-ठाक काम करते हैं, बाकी किसी भी कोशिका में यह ठप हो जाते हैं। इसका मतलब यह होता है कि इन्हें किसी भी अन्य प्रकार की कोशिका में जोड़कर अध्ययन नहीं किया जा सकता। इस समस्या से निपटने के लिए कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (सैन फ्रांसिस्को) के आशीष मांगलिक और उनके साथियों ने OR51E2 नामक ग्राही पर ध्यान केंद्रित किया। इस ग्राही की विशेषता है कि यह ओडोरेंट की पहचान के अलावा कुछ अन्य कार्य भी करता है और यह गुर्दों तथा प्रोस्टेट की कोशिकाओं में भी पाया जाता है। यह ग्राही OR51E2 दो ओडोरेंट अणुओं के साथ अंतर्क्रिया करता है-एसिटेट (जिसकी गंध सिरके जैसी होती है) और प्रोपिओनेट (जिसकी गंध चीजनुमा होती है)। शोधकर्ताओं ने इस ग्राही को शुद्ध रूप में प्राप्त किया और फिर प्रोपिओनेट से सम्बद्ध तथा असम्बद्ध OR51E2 की संरचना का विश्लेषण किया। इसके लिए उन्होंने क्रायो-इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी और एटॉमिक रिज़ॉल्यूशन इमेजिंग तकनीकों का इस्तेमाल किया। इसके अलावा उन्होंने कंप्यूटर सिमुलेशन की भी मदद ली ताकि पता चल सके कि यह ग्राही प्रोटीन ओडोरेंट अणुओं के साथ कैसे अंतर्क्रिया करता है।

विश्लेषण से पता चला कि यह प्रोटीन OR51E2 आयनिक व हाइड्रोजन बंधनों के जरिए प्रोपिओनेट अणु के कार्बोक्सिलिक समूह को एक अमीनो अम्ल से जोड़ लेता है। जैसे ही प्रोपिओनेट जुड़ता है, OR51E2 की आकृति बदल



जाती है और यही ग्राही को चालू कर देता है। शोधकर्ताओं ने दर्शाया है कि इस ग्राही के जीन में आर्जीनीन को प्रभावित करने वाले उत्परिवर्तन उसे प्रोपिओनेट द्वारा सक्रिय नहीं होने देते। वैज्ञानिकों की इच्छा रही है कि वे गंध ग्राहियों की रासायनिक संरचनाओं का एक कैटालॉग तैयार कर सकें और उसके आधार पर यह बता सकें कि इनमें से कौन-से ग्राही मिलकर किस गंध विशेष का एहसास कराते हैं। मांगलिक की टीम द्वारा यह खुलासा मात्र पहला कदम है।

## एक गिलास दूध और एक छोटा-सा एंजाइम



कल्पना कीजिए, रात का खाना खत्म हुआ और सामने एक गिलास दूध हाजिर हो गया। कुछ लोगों के लिए यह एक सुखद आदत है। लेकिन कुछ लोगों के पेट में दूध पहुंचते ही एक अजीब हलचल शुरू हो जाती है - गैस बनना, मरोड़ उठना, पेट फूलना और कभी-कभी दस्त भी लग जाते हैं। क्या इसके पीछे दूध दोषी है? या हमारे भीतर कुछ ऐसा है जो बदल चुका है, चुपके से, बिना बताए। यह कहानी है लैक्टोज असहिष्णुता कीद्य एक ऐसी अवस्था जिसे अक्सर दूध से एलर्जी समझ लिया जाता है। यह वास्तव में पाचन के जैव रसायन की एक बेहद रोचक और जैव विकास सम्बंधी गाथा है।

**लैक्टोज क्या है?**

दूध को संपूर्ण आहार कहा जाता है और इसका एक बड़ा कारण है उसमें मौजूद शर्करा, जिसे हम लैक्टोज कहते हैं। रासायनिक दृष्टि से यह एक डाईसेकराइड है, यानी दो सरल शर्करा अणुओं से मिलकर बना अणु। देखा जाए तो, साधारण शकर द्धसुक्रोजत्र भी एक डाईसेकराइड होती है और ग्लूकोज तथा फ्क्टोज के अणुओं के जुड़ने से बनती हैरू

**शकर = ग्लूकोज प्लस फ्क्टोज**

इसी प्रकार से दूध में उपस्थित शर्करा लैक्टोज भी दो शर्करा अणुओं से जुड़कर बनी होती है- लैक्टोज = ग्लूकोज प्लस गैलेक्टोज। जब हम दूध पीते हैं तो आंतों में लैक्टोज टूटकर ग्लूकोज और गैलेक्टोज बन जाते हैं। असहिष्णुता की कहानी यहीं से शुरू होती है।

**लैक्टोज पाचन की दिक्कत**

हमारी छोटी आंत की भीतरी सतह पर असंख्य सूक्ष्म ऊंगली-नुमा संरचनाएं होती हैं जिन्हें विलाई कहते हैं। इन्हीं विलाई पर एक विशेष एंजाइम काम करता है लैक्टेज। लैक्टेज ही वह सूक्ष्म रसायन है जिस पर दूध, खासकर लैक्टोज, पचाने की पूरी जिम्मेदारी टिकी है। लैक्टेज दरअसल लैक्टोज के दोनों अणुओं के बीच की रासायनिक कड़ी को तोड़ता है, जिससे ग्लूकोज और गैलेक्टोज अलग-अलग हो जाते हैं। ए दोनों सरल शर्कराएं आसानी से रक्तप्रवाह में अवशोषित होकर शरीर को ऊर्जा देती हैं। यदि लैक्टेज पर्याप्त मात्रा में है तो लेक्टोज टूटता है, दूध पचता है, ऊर्जा मिलती है, सब सुचारू चलता है। यदि लैक्टेज पर्याप्त मात्रा में नहीं है तो कहानी बदल जाती है। अपचित लैक्टोज जब छोटी आंत से आगे बड़ी आंत में पहुंचता है, तो वहां रहने वाले अरबों जीवाणु, जिन्हें सामूहिक रूप से आंतों का माइक्रोबायोटा कहते हैं, इसे अपने भोजन के रूप में किण्वित करने लगते हैं। यह किण्वन क्रिया कई उत्पाद बनाती है - हाइड्रोजन गैस, कार्बन डाईऑक्साइड, और कभी-कभी मीथेन भी। साथ ही, लैक्टोज आंत में पानी को अपनी ओर खींचता है, जिससे दस्त की स्थिति बन सकती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि समस्या दूध में नहीं, बल्कि उसे पचाने की हमारी घटी हुई क्षमता में है।

**ऐसा क्यों होता है?**

मनुष्य, गाय, बकरी, हाथी वगैरह सभी स्तनधारी जीव जन्म के बाद मां के दूध पर निर्भर रहते हैं। इसलिए प्रकृति ने शिशु को लैक्टेज का भरपूर उत्पादन करने की क्षमता दी है। लेकिन जैसे-जैसे बच्चा ठोस आहार ग्रहण करने लगता है और दूध उसके जीवन का एकमात्र ऊर्जा-स्रोत नहीं रहता, शरीर लैक्टेज बनाने के लिए जिम्मेदार जीन द्धस्ब्ज्त्र की सक्रियता को धीरे-धीरे कम करने लगता है। यह कोई बीमारी नहीं है बल्कि एक स्वाभाविक, सुनियोजित जैविक प्रक्रिया है।

**एक अनोखा मोड़**

लगभग दस हजार वर्ष पहले, जब युरोप, अरब और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में पशुपालन और डेयरी संस्कृति का उदय हुआ, तो एक जेनेटिक उत्परिवर्तन हुआ जिसने प्रकृति की लॉटरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिन व्यक्तियों में यह उत्परिवर्तन था, उनके शरीर में वयस्क होने पर भी लैक्टेज बनता रहा। वे बड़े होने पर दूध पीते रह सकते थे और उन्हें पशुओं के दूध से अतिरिक्त कैलोरी, प्रोटीन और कैल्शियम मिलता था। यह अकाल और कठिन परिस्थितियों में उनके जीवित रहने में सहायक था। इस अतिरिक्त पोषण स्रोत ने इन व्यक्तियों को अधिक संतानें पैदा करने की संभावना दी, और यह जीन पीढ़ी-दर-पीढ़ी फैलता गया। इस परिघटना को लैक्टेज पर्सिस्टेंस या लैक्टोज सहिष्णुता कहते हैं।

**लैक्टोज असहिष्णुता के प्रकार**

प्राथमिक लैक्टोज असहिष्णुतारू सबसे सामान्य प्रकार। उम्र के साथ LCT जीन की सक्रियता स्वाभाविक रूप से घटती है। यह जेनेटिक रूप से निर्धारित होती है और स्थाई होती है। द्वितीयक लैक्टोज असहिष्णुतारू किसी संक्रमण, सीलिएक रोग, क्रो रोग, या आंत की सूजन के कारण लैक्टेज उत्पादन अस्थाई रूप से कम हो जाता है। मूल रोग के उपचार के बाद यह प्रायरू ठीक हो सकता है।

जन्मजात लैक्टोज असहिष्णुता यह अत्यंत दुर्लभ है। शिशु जन्म से ही लैक्टेज एंजाइम नहीं बना पाता। मां का दूध भी पच नहीं पाता, इसलिए इसमें तत्काल चिकित्सकीय हस्तक्षेप आवश्यक होता है। लैक्टोज असहिष्णुता का अर्थ जीवनभर दूध का पूर्ण परित्याग नहीं है। कई व्यावहारिक रास्ते खुले हैं, जैसे

-लैक्टोज-मुक्त दूध और दुग्ध उत्पादों का उपयोग करें।

- दही और पनीर अक्सर पच जाते हैं।

-डेयरी-उत्पाद खाने से पहले लैक्टेज एंजाइम सप्लीमेंट लें। थोड़ी मात्रा से शुरू करें और धीरे-धीरे असर जांचें।

-कैल्शियम के वैकल्पिक स्रोत द्धतिल, पालक, सोयाबीन, बादाम दूध अपनाएं।

-किसी भी परिवर्तन से पहले चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें।

यहां एक महत्वपूर्ण चेतावनी भी हैरू दूध और डेयरी उत्पाद कैल्शियम और विटामिन डी के प्रमुख स्रोत हैं। इन्हें बिना उचित विकल्पों के छोड़ना हड्डियों को प्रभावित कर सकता है, विशेषकर बच्चों और महिलाओं में। लैक्टोज असहिष्णुता के आंकड़ों से यह आश्चर्यजनक तथ्य सामने आता है कि दुनिया की लगभग 60.70 प्रतिशत वयस्क आबादी इसी अवस्था में है। तो फिर प्रश्न यह है कि क्या दूध न पचना असामान्य है, या वयस्क होने पर भी दूध पचना एक विशेष जेनेटिक अपवाद है? दूध न पचना जैविक रूप से सामान्य है।

जैव विकास की .ष्टि से देखें तो लैक्टेज पर्सिस्टेंस यानी वयस्कावस्था में भी लैक्टोज पचाने की क्षमता वास्तव में एक अपवाद है। यह हमें यह भी याद दिलाता है कि सामान्य की परिभाषा अक्सर हमारी सांस्कृतिक और भौगोलिक पृष्ठभूमि से आकार लेती है, विज्ञान से नहीं। अंत में दूध से दूरी बनाने की जरूरत शरीर की जैविक विविधता का एक ईमानदार संकेत है। हमारा शरीर समय के साथ बदलता हैय जो शिशु अवस्था में सहज था, वह वयस्क होने पर बदल सकता है। एक व्यक्ति के लिए स्वाभाविक, दूसरे के लिए असहज हो सकता है। शरीर कोई एक स्थिर मशीन नहीं, बल्कि एक बदलती हुई जैविक कहानी है कृ और हर कहानी का अपना स्वाद है।

**-ऋषि राज राय**
**स्रोत फीचर्स**

